# C O N T E N T S

**Sixteenth Series, Vol. XXXII, Fifteenth Session, 2018/1940 (Saka)**
**No. 5, Tuesday, July 24, 2018/Shravana 2, 1940 (Saka)**

| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **OBITUARY REFERENCE** | 12 |
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos. 81 to 85 | 13-67 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 86 to 100 | 68-124 |
| Unstarred Question Nos. 921 to 1150 | 125-706 |

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**ANNOUNCEMENT BY THE SPEAKER**
Function to mark completion of three years
of Speaker's Research Initiative 707

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 709-722

**COMMITTEE ON ABSENCE OF MEMBERS FROM SITTINGS OF THE HOUSE** 722
Minutes

**COMMITTEE ON SUBORDINATE LEGISLATION**
28th Report 723

**STANDING COMMITTEE ON LABOUR**
37th and 38th Reports 723

**BUSINESS ADVISORY COMMITTEE**
55th Report 739

**STATEMENTS BY MINISTER**
(i)(a) Status of implementation of the recommendations contained in the 204th Report of the Standing Committee on Home Affairs 724

(b) Status of implementation of the recommendations contained in the 195th Report of the Standing Committee on Home Affairs

**Shri Kiren Rijiju** 725

(ii) Status of implementation of the recommendations contained in the 38th Report of the Standing Committee on Agriculture on Demands for Grants (2017-18), pertaining to the Ministry of Food Processing Industries

**Sadhvi Niranjan Jyoti** 725

**SUBMISSIONS BY MEMBERS**

(i) Re: Mob lynching incidents in different parts of the country 728-739

(ii) Re: Reported disclosure by Tata Institute of Social Science (TISS) on alleged sexual abuse of minor girls in Government children home in Muzaffarpur, Bihar 740-743

(iii) Re: Need to address the problems of EPF pensioners 765-769

**MATTERS UNDER RULE 377** 790-827

(i) Regarding crash of private plane in the residential area of Mumbai

Dr. Kirit Somaiya 791

(ii) Need to undertake construction of link roads Inter-connecting National Highways and State Higways particularly in Bihar and Jharkhand

Shri Sushil Kumar Singh 792

(iii) Need to ensure payment of pension to old -aged, widows, differently-abled etc. at their place of residence and also enhance the pension amount

Shri Prahlad Singh Patel 793

(iv) Need to provide funds for Jaisalmer -Barmer-Bhabhar railway line project in Rajasthan

Col. (Retd.) Sona Ram Choudhary 794-796

(v) Need to undertake fresh Socio - Economic Caste Census

Shri Ravindra Kumar Pandey 797-798

(vi) Need to facilitate free treatment of people belonging to economically weaker section and residing outside Delhi in hospitals of Delhi

Shri Raghav Lakhanpal 799-800

(vii) Need to allocate funds for 'Rashtriya Janjati Sangrahalaya' at Mangarh Dham in Banswara district, Rajasthan

Shri Arjun Lal Meena 801

(viii) Regarding reopening of two paper mills in Assam

Shri Rameshwar Teli 802

(ix) Need to run train no. 14021/22 between Sikar and Delhi on daily basis

Shri Sumedhanand Saraswati 803

(x) Regarding CBI inquiry into gang rape and murder of an engineering student in Ranchi, Jharkhand

Shri Ram Tahal Choudhary 804-805

(xi) Regarding 'Sugamya Pustakalaya' and differently -abled friendly airport facilities in Satna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

Shri Ganesh Singh 806

(xii) Need to check release of untreated water by urban and semi -urban local bodies into rivers

Shri Sharad Tripathi 807

(xiii) Need to resume operation of Korba-Raipur Intercity Express

Dr. Banshilal Mahato 808

(xiv) Need to increase the frequency of Bikaner -Dadar Superfast train

Shri Devji M. Patel 809

(xv) Need to provide basic needs to 24 Tribal colonies of Chamarajanagar district, Karnataka

Shri R. Dhruvanarayana 810-811

(xvi) Regarding release of pending funds to Tamil Nadu relating to education sector

Shri C. Gopalakrishnan 812-813

(xvii) Regarding inclusion of fishermen community of Tamil Nadu in the list of Scheduled Tribes

Dr. J. Jayavardhan 814

(xviii) Regarding unemployment situation in the country

Prof. Saugata Roy 815-816

(xix) Need for relaxation of norms under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana

Shrimati Pratyusha Rajeshwari Singh 817-818

(xx) Need to continue existing arrangement of catering system on railway platforms

Shri Arvind Sawant 819-820

(xxi) Regarding construction work along Indo - Bangladesh border

Shri Md. Badaruddoza Khan 821

(xxii) Regarding reversal of reservation roster for recruitment in Universities and Colleges

Shri Rajesh Ranjan 822-823

(xxiii) Need to make Punjabi language as an official language of Chandigarh

Shri Dharam Vira Gandhi 824

(xxiv) Need to review the order of ESIC regarding Super Speciality Medical treatment

Shri N. K. Premachandran 825

(xxv) Need to construct subway at Mudicade and a vehicular underpass of Mullakkara Centre-Mulayam Road Junction on National Highway-47

Shri C. N. Jayadevan 826-827

**PREVENTION OF CORRUPTION (AMENDMENT) BILL, 2018** 828-971

Motion to Consider 828

| | |
|---|---|
| Dr. Jitendra Singh | 828-832, 957-968 |
| Shri Adhir Ranjan Chowdhury | 834-842 |
| Shri Pralhad Joshi | 843-858 |
| Shri S. Selvakumara Chinnaiyan | 859-861 |
| Shrimati Aparupa Poddar | 862-866 |
| Shri Tathagata Satpathy | 867-874 |
| Shri N.K. Premachandran | 875-883 |
| Shri Arvind Sawant | 884-891 |
| Shri N. Kristappa | 892-896 |
| Shri A.P. Jithender Reddy | 897-904 |
| Shri Md. Badaruddoza Khan | 905-909 |
| Shrimati Geetha Kothapalli | 910-914 |
| Shri Rajesh Ranjan | 915-919 |
| Shri Parvesh Sahib Singh Verma | 920-926 |
| Shri Prem Singh Chandumajra | 927-929 |
| Shri Bhagwant Mann | 930-934 |
| Shri E. T. Mohammed Basheer | 937-940 |
| Shri Boora Narsaiah Goud | 941 |
| Shrimati Poonam Mahajan | 942-947 |
| Prof. K.V. Thomas | 948-950 |
| Shri Ram Kumar Sharma | 952-953 |

Shri Kaushalendra Kumar 954-955

Dr. Ramesh Pokhriyal Nishank 956

Clauses 2 to 19 and 1 970

Motion to pass 970

**ANNEXURE – I**

Member-wise Index to Starred Questions 972

Member-wise Index to Unstarred Questions 973-979

**ANNEXURE – II**

Ministry-wise Index to Starred Questions 980

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 981

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shrimati Sumitra Mahajan

## THE DEPUTY SPEAKER

Dr. M. Thambidurai

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Arjun Charan Sethi

Shri Hukmdeo Narayan Yadav

Shri Anandrao Adsul

Shri Pralhad Joshi

Dr. Ratna De (Nag)

Shri Ramen Deka

Shri Konakalla Narayana Rao

Shri K.H. Muniyappa

Dr. P. Venugopal

Shri Kalraj Mishra

## SECRETARY GENERAL

Shrimati Snehlata Shrivastava

# LOK SABHA DEBATES

---

---

LOK SABHA

----------

Tuesday, July 24, 2018/Shravana 2, 1939 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

## OBITUARY REFERENCE

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को प्रख्यात कवि और गीतकार श्री गोपाल दास 'नीरज' के निधन के बारे में सूचित करना है।

उनकी मुख्य रचनाओं में प्राणगीत, विभावरी, अंतर्ध्वनि और संघर्ष शामिल हैं। उन्होंने लोकप्रिय हिन्दी फिल्मों के लिए भी गीत लिखे थे, जिनको आज भी सराहा और गाया जाता है। श्री 'नीरज' जी को वर्ष 1991 में पद्मश्री और वर्ष 2007 में पद्मभूषण पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उन्होंने वर्ष 1970 से 1972 के दौरान लगातार तीन फिल्म फेयर पुरस्कार जीते।

श्री गोपाल दास 'नीरज' का निधन दिल्ली में 19 जुलाई, 2018 को 94 वर्ष की आयु में हुआ। उनके निधन से देश ने एक जीवंत लेखक और गीतकार खो दिया है। साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान को आने वाले समय में संगीत प्रेमियों द्वारा याद किया जाए और साहित्यकार एवं अन्य सभी उनको याद करेंगे।

अब यह सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में कुछ देर मौन खड़ी रहेगी।

**11 01 hrs**

*The Members then stood in silence for a short while.*

---

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : अभी कुछ नहीं। आप लोग बैठ जाइए।

प्रश्न काल, प्रश्न संख्या 81, डॉ. किरिट पी. सोलंकी

**11 02 hrs**

**ORAL ANSWERS TO QUESTIONS**

**माननीय अध्यक्ष** : प्रश्न संख्या 81, डॉ. किरिट पी. सोलंकी

**(Q. 81)**

**डॉ. किरिट पी. सोलंकी :** मैडम, मैं आपके प्रति बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे, खासकर के गरीबों के लिए यह प्रश्न उठाने की अनुमति दी है। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : मैं आप सभी को प्रश्न काल के बाद बोलने का समय दूंगी।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : प्रश्न काल के बाद समय दे दूंगी। अभी आप बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

**डॉ. किरिट पी. सोलंकी :** मैडम, नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के चार साल पूरे हुए हैं … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : अभी नहीं, प्रश्न काल के बाद समय दे दूंगी। अभी बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

**डॉ. किरिट पी. सोलंकी :** मैडम, मैं अपने मित्रों से अनुरोध करता हूं कि मैं गरीबों की बात यहां उठा रहा हूं, इसलिए मुझे बोलने दीजिए ।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : आप अपना प्रश्न पूछिए ।

… (व्यवधान)

**डॉ. किरिट पी. सोलंकी :** मैडम, मैं कहना चाहता हूं कि गरीबों के लिए सरकार ने बहुत से कदम उठाए हैं। … (व्यवधान) जहां तक स्वास्थ्य क्षेत्र का सवाल है, मैं खुद भी डाक्टर हूं और स्वास्थ्य क्षेत्र में मोदी जी की सरकार ने बहुत से निर्णय लिए हैं। … (व्यवधान) जन औषधि स्टोर्स की मदद से मरीजों को करीब 60 से 80 प्रतिशत कम मूल्य पर दवाई मिल जाती है।… (व्यवधान) मैं मोदी सरकार का एवं हमारे दोनों मंत्रियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने हमें बहुत

विस्तृत जवाब दिया है। ... (व्यवधान) कार्डिएक स्टेंट का दाम घटाकर करीब 30 हजार रुपये से कम कि या गया है। जहां तक ज्वांइट रिप्लेसमेंट का सवाल है, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट में भी बहुत कमी हुई है। नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने 'नमो केयर' अर्थात 'आयुष्मान भारत' कार्यक्रम शुरू कि या है।

मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि पूरे देश में जन औषधि केन्द्र खोलने चाहिए क्योंकि इसकी वजह से गरीबों को कम मूल्य पर दवाई मिल सकती है। मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि जैसे आज पूरे देश में करीबन 3800 से ज्यादा स्टोर्स हैं, तो क्या सरकार इन स्टोर्स का दायरा बढ़ाएगी? सभी प्रदेशों में, सभी राज्यों में, जो 111 बैकवर्ड जिले हैं, क्या सरकार वहां उसका दायरा बढ़ाएगी और कितने समय में बढ़ाएगी?

**श्री मनसुख एल. मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, वह बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि जेनरिक मेडिसिन का उपयोग बढ़े,. ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: After the Question Hour I will allow one person.

... (*Interruptions*)

**श्री मनसुख एल. मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदया, मेडिसिन्स का खर्च कम हो, इसीलिए सारे देश में प्रधान मंत्री जी ने एक बार कहा था कि मेरे देश में किसी मरीज को दवाई नहीं मिलने से उसके मरने की नौबत नहीं आनी चाहिए। इस बात को पूरा करने के लिए जेनरिक मेडिसिन्स की पोपुलेरिटी सारे देश में बढ़े, इसके लिए प्रयत्न किये जा रहे हैं। जेनरिक मेडिसिन क्या है? जेनरिक मेडिसिन और ब्रान्डेड मेडिसिन में फर्क इतना ही है कि जैसे एक गिलास में पानी है, लेकिन यदि आप उसे बिसलेरी में भर देते हैं तो बिसलेरी उसका ब्रान्ड नेम हो गया। यदि एक्वाफिना नाम से बेचा गया तो एक्वाफिना हो गया और इसीलिए उसका प्राइस कई गुना बढ़ जाता है। जो पानी है, उसका दाम कम होता है, या तो नहीं होता है, उसका खर्च कम होता है। उसी तरह से जेनरिक मेडिसिन यानी मेडिसिन का शॉर्ट नेम है और शॉर्ट नेम से मेडिसिन बिकने से उसका प्राइस कम हो जाता है। मुझे यह सूचित करना आवश्यक लगता है कि आज देश में 56 लाख परिवार हर साल

अपनी दवाइयों का खर्च ज्यादा हो जाने से गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। उनकी मदद हम कैसे कर सकते हैं? इसलिए सारे देश में हमने जन औषधि केन्द्र खोले हैं। आज देश में 3866 जन औषधि केन्द्र ओपन हो चुके हैं। 600 जिलों में जन औषधि केन्द्र ओपन हो चुके हैं। माननीय सदस्य जी ने जैसे बताया, हम अगले दिनों में सारे देश में सभी जिलों में आगे बढ़कर सभी स्तर पर जन औषधि केन्द्र ओपन करके देश के गरीब लोगों की सेवा करने के लिए कार्यरत रहेंगे।

**डॉ. किरिट पी. सोलंकी :** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं कि पैरासिटामॉल जो ब्रान्डेड है, वे 30 रुपये में 10 टैबलेट्स मिलती हैं, जबकि वही जन औषधि केन्द्र में महज 4 रुपये में मिलती हैं। यह गरीब लोगों के लिए आशीर्वाद के रूप में है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जन औषधि और उनकी गुणवत्ता के बारे में कई लोग सवाल उठाते हैं। मैंने कहीं पढ़ा भी था कि दस प्रतिशत जन औषधि की गुणवत्ता कुछ हल्की पाई जाती है। मैं सरकार से गुहार करता हूं कि क्या सरकार इस संबंध में कोई ठोस कदम उठाएगी जिसकी वजह से गुणवत्ता युक्त मेडिसिन्स मिल सकें? क्या सरकार कोई कानून लाएगी क्योंकि इसमें मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होता है। अगर इसमें कोई फेक मेडिसिन देता है तो क्या हम उनके खिलाफ कोई कानून ला सकते हैं ?

**माननीय अध्यक्ष :** डॉ. मरीज से इतना नहीं बोलता है, आप कितना ज्यादा बोलते हैं?

… (*Interruptions*)

**श्री मनसुख एल. मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदया, देश में किसी भी स्थान पर न केवल जन औषधि के लिए बल्कि मार्केट में भी, फार्मेसी से भी क्वॉलिटी मेडिसिन्स मिले, इसके लिए सरकार प्रयत्नशील है। इसके लिए आज जन औषधि केन्द्र में मार्केट से 120 से ज्यादा कंपनीज से हम मेडिसिन्स प्रोक्योर करते हैं। जब हम मेडिसिन्स प्रोक्योर करते हैं, तब जहा प्रोडक्शन होता है, वहां पर भी उसका लैब टैस्टिंग होता है। बाद में वे हमारे वेयरहाउसेज में आती हैं। हमारे वेयरहाउसेज में एन.ए.बी.एल. लैब जो हमने सलेक्ट की है, वहां उसका टैस्टिंग होता है। उसके बाद ही वे फील्ड में जाती हैं। आज 1 करोड़ रुपये लागत की प्रतिदिन जन औषधि स्टोर से हमारी दवाइयां बिक रही हैं

और आज तक न केवल जन औषधि स्टोर्स के लिए, क्योंकि हर राज्य में हमारे जन औषधि केन्द्र हैं, बल्कि वहां के ड्रग्स इंसपैक्टर्स भी उनका सैम्पल लेते हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जन औषधि स्टोर्स में 100 प्रतिशत क्वॉलिटी मेडिसिन्स मिल रही हैं। आज तक सारे देश में हमारे जन औषधि स्टोर का एक भी सैम्पल फेल नहीं हुआ है। जब हम मेडिसिन्स प्रोक्योर करते हैं तो हमारे यहां एक प्लांट है और जो फैक्टरी है, हम उससे प्रोक्योर करते हैं और जो डब्ल्यू.एच.ओ.जी.एम.पी. एप्रूव्ड प्लांट है, उससे ही हम प्रोक्योर करते हैं।

SHRI C. GOPALAKRISHNAN : Madam, thank you for giving me the opportunity.

Madam, despite the fact that a prescription is mandatory to buy a medicine in chemist shops, still violations take place, especially in the rural areas. Some branded companies, through advertisements, are misleading the public to cure common diseases. Will the Government control such misleading advertisements?

**श्री मनसुख एल. मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदया, देश में जेनरिक मेडिसिन का उपयोग बढ़े और ज्यादा से ज्यादा लोग जेनरिक मेडिसिन्स का उपयोग करें, ताकि सस्ती दर में उनका इलाज हो सके, उसके लिए हम सारे देश में जेनरिक मेडिसिन्स को प्रमोट कर रहे हैं। जेनरिक मेडिसिन्स को प्रमोट करने के लिए ही हमने जन औषधि स्टोर खोलने शुरू किये हैं। जन औषधि स्टोर्स शुरू करने से सस्ती दवा भी मिलती है और क्वॉलिटी मेडिसिन्स भी मिलती है। मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि आज विश्व में 6 टैबलेट्स जो विश्व के लोग खाते हैं, उसमें से 1 टैबलेट इंडिया में बनी हुई जेनरिक मेडिसिन है। अमेरिका में जो 5 टैबलेट्स लेते हैं, उसमें से 1 टैबलेट इंडिया में बनी हुई जेनरिक मेडिसिन है। हम यहां ब्रान्डेड मेडिसिन का यूज करके लोगों का खर्च बढ़ा रहे हैं। जेनरिक मेडिसिन्स पोपुलर हो, पिछले चार साल में, हमारे मंत्रालय ने जो इनीशिएटिव लिया है और माननीय अनन्त कुमार जी ने हमको बार-बार प्रोत्साहित किया है कि उसको आगे बढ़ाओ। मुझे

खुशी है कि आज 7 प्रतिशत जेनरिक मेडिसिन का मार्केट हिन्दुस्तान में बन चुका है और आगे बढ़ रहा है।

SHRI TATHAGATA SATPATHY : Madam, we are happy that the Minister has professed that they are encouraging generic medicines. But in reality, what I see even in my constituency, Dhenkanal, Angul and in other places of my State of Odisha, is that every DHH, District Headquarters Hospital, has a generic medicine outlet within the premises. Normally, chemists and pharmacists open their shops outside the premises but inside the premises, we have seen, there was a Jan Aushadhi outlet. When I was there, just before this Session started, I had gone to visit the hospital. Now what we notice is that the outlets are there. There is probably no staff or if there is staff, there are no medicines. So, on the one hand we are talking about coercing doctors.

Madam, the House will be dealing with the Prevention of Corruption Act (PoCA) later on. We know this is also a corruption in some ways because the doctors are induced not only by money but also in very many ways to prescribe a particular big multinational company's medicines, whenever possible. So, Jan Aushadhi has no father and no mother. It is an orphan. To blame the Government that the Government should do everything is, in my opinion, incorrect because the Government cannot do it. This has to be a social movement.

HON. SPEAKER: Then, what do you want to convey?

SHRI TATHAGATA SATPATHY : To create a social movement, my question is, first, will there be enough production of Jan Aushadhi medicines, the

generic medicines? Second, does the Government, the Ministry of Chemicals and Fertilizers, plan to carry out a general awareness campaign through all media, outdoor, print, television, Internet, to make people aware, both doctors and patients, that they should opt for generic medicines? It is because they are as good as the other medicines. What happens is, when people see the names and they do not know the chemical composition, they do not know what medicines they are taking. So, is the Government planning to carry out a public awareness campaign and increase production? Unless they do these two things, there is no point in blaming the Government or the doctors.

**श्री मनसुख एल. मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदया, जेनरिक मेडिसिन को प्रमोट करने के लिए मेन भूमिका हमारी सरकार ने ही अदा की है और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार ही किया है। जहां तक जेनरिक मेडिसिन्स के स्टोर का सवाल है, तो जेनरिक मेडिसिन्स के स्टोर प्राइवेट लोग भी खोल सकते हैं और सरकार ने भी हमारे साथ एम.ओ.यू. किया है। आज हमारे पास 3800 से ज्यादा जेनरिक स्टोर्स हैं। उनमें से 3000 जन औषधि स्टोर्स प्राइवेट लोगों ने खोले हैं। उनको हम 20 प्रतिशत प्रॉफिट देते हैं। यदि उनको प्रॉफिट नहीं मिलता और यदि उनके यहां सेल नहीं होती है तो कई प्राइवेट लोग जन औषधि स्टोर नहीं चलाते।

दूसरे, यू.पी. सरकार ने हमारे साथ एम.ओ.यू. किया है। मध्य प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ सरकार ने भी हमारे साथ एम.ओ.यू. किया है। एम.ओ.यू. के माध्यम से वे अपने यहां स्टोर्स ओपन कर रही हैं। हम उनमें 700 से ज्यादा मेडिसिन्स उपलब्ध करवा रहे हैं।

जब हमारी सरकार बनी, उससे पहले जेनरिक औषधियों का शेयर तीन प्रतिशत से कम था, लेकिन आज सात प्रतिशत तक जेनरिक औषधियां प्रमोट हुई हैं। जेनरिक औषधियों के संबंध में लोगों को इंफॉर्मेशन मिले, उसके लिए मेरी मिनिस्ट्री ने एक एप लॉंच किया है। अगर आप उस एप पर किसी मेडिसिन का नाम डालेंगे तो उसका सॉल्ट नेम और एक्चुअल प्राइस की जानकारी

पता लग जाती है। समझ लीजिए कि किसी ने कालपोल लिखा। दस कालपोल टैबलेट्स की कीमत दस रुपये है, लेकिन उसका जेनरिक नेम पेरासिटामोल है और पेरासिटामोल का प्राइस दो रुपये है। अगर आप मेडिकल स्टोर पर कहेंगे कि मुझे पेरासिटामोल दो, जेनरिक वर्जन दो तो वहां उसका जेनरिक वर्जन मिल सकता है। हम ने यह व्यवस्था की है। इसलिए आज जन-औषधि स्टोर आगे बढ़ रहा है और जेनरिक औषधियां ज्यादा पॉपुलर हो रही हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** क्वैश्चन नम्बर 82, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल जी।

…(व्यवधान)

**(Q. 82)**

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल :** अध्यक्ष महोदया, सर्वप्रथम सरकार का आभार प्रकट करना चाहता हूं कि पिछले चार सालों में हर मंत्रालय ने देश के लिए जो अच्छे से अच्छा काम हो सकता है, वह किया है। कृषि क्षेत्र में एमएसपी की बात बहुत लंबे अर्से से चल रही थी। बहुत वर्षों से किसान उसके लिए उम्मीद लगाए बैठे थे। मैं देश के प्रधान मंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट करना चाहता हूं कि अभी 04 जुलाई, 2018 को जो निर्णय लिया गया, उसके आधार पर पूर देश में कृषि में जो लागत आती है, उस लागत के आधार पर मानव श्रम, बैल, भूमि का किराया, बीज, खाद, सिंचाई, मशीनों के खर्च, कार्यशील पूंजी, पंपिंग सेट में लगने वाले डीजल, बिजली की लागत और जो पारिवारिक श्रम होता है, उन सभी खर्चे को जोड़कर, उस औसत के आधार पर कृषि उत्पाद का मूल्य डेढ़ गुना करने का काम किया है। उसके लिए देश के सभी किसान प्रधान मंत्री जी और सरकार का आभार प्रकट करना चाहते हैं। …( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप प्रश्न पूछिए। सभी लोग भाषण दे रहे हैं।

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल :** मैं बुंदेलखंड क्षेत्र से चुन कर आया हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** मुझे मालूम है लेकिन आपका प्रश्न क्या है?

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल :** मेरे यहां कृषि क्षेत्र में दिक्कत है। मैं कृषि मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि आपने बहुत अच्छे रेट्स बढ़ाए हैं। ज्वार पर 50.09 प्रतिशत, मूंग पर 50.01 प्रतिशत, उड़द पर 62.89 प्रतिशत, मूंगफली पर 50 प्रतिशत, लागत मूल्य का डेढ़ गुना, सूरजमुखी और रागी सभी की कीमत बढ़ाई है। अब सरकार खरीफ की फसल को क्रय करेगी। मेरे क्षेत्र में किसान क्रय केन्द्र हैं। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जब क्रय केन्द्र पर अनाज खरीदा जाएगा तो उस समय बिचौलिए इसमें इन्वॉल्व हो जाते हैं। किसानों को मंडियों में लंबी लाइन लगानी पड़ती है, 10-10 दिन तक उनको वहां रुकना पड़ता है। क्या सरकार प्रदेश में ऐसी कोई व्यवस्था

बना रही है, प्रदेश सरकारों को निर्देशित कर रही है, ताकि वहां पर किसानों को लाइन न लगानी पड़े और उनका अनाज वहां पर अच्छी तरह से बिक सके।

**कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत):** माननीय अध्यक्ष, महोदया, सबसे पहले मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने सरकार के इस प्रयास की सराहना इस सदन में की है। खरीद की जो प्रक्रिया है, भारत सरकार प्राइस स्टैब्लाइजेशन स्कीम के माध्यम से जो खरीद करती है, वह भारत सरकार राज्य एजेंसीज के माध्यम से क्रय करती है। यहां यह संज्ञान में आया है कि भारत सरकार जिन राज्यों के माध्यम से जिन फसलों की खरीद करती है, राज्यों में जिस तरह का तंत्र उपलब्ध है, उसके अनुरूप कुछ राज्यों से इस तरह के विषय संज्ञान में आए हैं कि वहां किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मैं माननीय सदस्य को स्मरण कराना चाहता हूं कि जब माननीय प्रधान मंत्री जी ने बजट की घोषणा की थी कि हम देश में सारे नोटिफाइड क्रॉप्स की लागत का डेढ़ गुना मूल्य, लाभकारी मूल्य किसानों को प्रदान करेंगे, इसको सुनिश्चित करेंगे। उसके साथ ही साथ नीति आयोग को इस बात का मेनडेट दिया गया था कि वह प्रोक्योरमेंट के लिए रोबस्ट मैकेनिज्म तैयार करे ताकि किसानों को जो असुविधाएं हो रही हैं, उनसे निजात पाया जा सके। इसी क्रम में 09 मार्च को नीति आयोग ने राज्य सरकारों के विभिन्न अधिकारियों और सभी स्टेक होल्डर्स के साथ मीटिंग की है।

इसके बारे में लगातार विचार-विमर्श किया जा रहा है। नीति आयोग के मार्गदर्शन में हम शीघ्र ही इसके लिए एक रोबस्ट मैकेनिज्म तैयार करेंगे। एम.ए.एस. (मार्केट एश्योरेंस स्कीम) के माध्यम से विभिन्न तरह की योजनाओं के बारे में विचार-विमर्श हुआ है। निजी क्षेत्र के माध्यम से भी प्रोक्योरमेंट के लिए विचार किया गया है।

मध्य प्रदेश ने 'भावांतर भुगतान योजना' का प्रयोग करके देखा था, उसके माध्यम से या समग्र रूप से हम इस रोबस्ट मैकेनिज्म को कैसे डेवलप कर सकते हैं, इस ओर कार्य किया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य और सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि माननीय

प्रधान मंत्री जी ने किसानों को लाभकारी मूल्य देना सुनिश्चित किया है। इसका लाभ अधिकतम किसानों को मिल सके, हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे।

**श्री गणेश सिंह :** आपने जो एम.एस.पी. बढ़ाया है, उसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल :** माननीय मंत्री जी ने बताया कि अनाजों की खरीद के लिए एक मैकेनिज्म डेवलप कर रहे हैं। सरकार ने इसके लिए तीन विकल्पों के रूप में बाजार आश्वासन योजना, भावांतर खरीद योजना और निजी खरीद एवं स्टॉकिस्ट योजना के बारे में बताया है। मैं माननीय मंत्री जी से केवल यह जानना चाहता हूँ कि पिछली बार रबी की फसल में लगभग 40 लाख लोगों से गेहूँ खरीदा गया, लगभग 16 लाख लोगों ने दलहन बेचा और लगभग चार लाख लोगों ने तिलहन बेचा। मैं विशेष रूप से बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए बात करना चाहता हूँ। हमारे यहाँ आमदनी का कोई जरिया नहीं है। वहाँ पलायन एक गंभीर समस्या है। जो किसान खेती कर रहे हैं, वे किसी भी प्रकार से अच्छे अनाज का उत्पादन कर रहे हैं। उनको खरीद में दिक्कत होती है। मेरा प्रश्न है कि क्या माननीय मंत्री जी बुंदेलखंड के लिए कोई विशेष मैकेनिज्म डेवलप करेंगे ताकि बुंदेलखंड के किसानों का शत-प्रतिशत अनाज उनके दरजवाजे से क्रय किया जा सके और उसमें कोई बिचौलिया या मण्डी के लोग इंवॉल्व न हो सकें?

**माननीय अध्यक्ष :** किसानों के दरवाजे से कैसे हो सकता है?

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत :** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैंने पूर्व में उत्तर देते हुए भी कहा था कि इसका मैनडेट नीति आयोग को दिया गया है। नीति आयोग के माध्यम से इन सभी विषयों पर विचार करते हुए हम काम कर रहे हैं। प्रोक्योरमेंट का जो मैकेनिज्म है, उसे भारत सरकार राज्य सरकारों के माध्यम से करती है। राज्य सरकारों को सुनिश्चित करना है कि अपने यहाँ क्रय-केन्द्रों की व्यवस्था को अधिक सुगम कैसे बना सकते हैं ताकि किसानों के अनाज का प्रोक्योरमेंट मिनिमम समस्या के साथ हो सके।

जहाँ तक प्रोक्योरमेंट का प्रश्न है, मैं आपके माध्यम से सदन को इस बात से अवगत कराना चाहता हूँ कि गत् सरकार के पिछले पाँच वर्षों की तुलना में वर्तमान सरकार ने दलहन में 34 गुना

प्रोक्योरमेंट किया है और तिलहन तथा कपास में भी किसानों से चार गुना प्रोक्योरमेंट किया है। किसानों को अधिकतम लाभकारी मूल्य मिल सके, हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं।

**11 24 hrs**

*(At this stage, Shri Dharam Vira Gandhi left the House.)*

SHRI ANANDRAO ADSUL : Hon. Speaker Madam, first of all, I congratulate the Government and the Krishi Mantri.

The hike in the MSP is very much in line with the expectations, but if the increase in market price is more than the MSP, then it might lead to an inflationary situation. I would like to know from the hon. Minister what steps are proposed by the Government to ensure that the recently announced hike in the MSP actually translates into higher realisation for the farmers, without an increase in the prices for the end-consumers.

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत:** माननीय अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य की चिन्ता कुछ हद तक ठीक हो सकती है कि कृषि जिंसों के भाव बढ़ने से महँगाई में फर्क पड़ सकता है। लेकिन मैं सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि जिस तरह की व्यवस्था हमने की है, उसमें हम निर्णायक व्यवस्था करेंगे कि इस तरह का इंफ्लेशन रेज़ न हो। जब कभी भी किसानों की फसलों को एमएसपी के माध्यम से खरीदा गया है, तो एक लेवल पर स्टैबिलाइजेशन आने के बाद मार्केट अपने आप उन चीजों को करेक्ट करता है। इसलिए इस विषय में चिन्ता करने की कोई आवश्यकता मुझे महसूस नहीं होती है।

SHRI P. KARUNAKARAN : At the time of the UPA Government, in order to study the problems of the agricultural sector, especially the farmers, a Commission was appointed, known as the Swaminathan Commission. The Commission has submitted its Report a few years back.

I would like to know whether the Government has studied the Report and whether the Government is ready to implement the recommendations of the Commission. The most important recommendations were about reducing the rate of interest on crop loans to four per cent and the waiving of the loan. But in the answer given by the hon. Minister these issues have not been touched. So, I would like to know whether the Government is ready to implement the recommendations of the Swaminathan Commission in its entirety.

**श्री राधा मोहन सिंह :** अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने बहुत ही अच्छा प्रश्न पूछा है। उनके ध्यान में भी होगा कि वर्ष 2004 में किसान आयोग का गठन किया गया था। इसका उद्देश्य था - कृषि क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में सुधार और उसके साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि। उसकी रिपोर्ट वर्ष 2006 में आई थी। इसी आधार पर वर्ष 2007 में राष्ट्रीय कृषि नीति बनी। वर्ष 2004 से वर्ष 2006 के बीच में भी रिफॉर्म्स की बातें सरकार के अंदर आती रहीं। वर्ष 2005 में, इसी किसान आयोग से रिलेटिड, देश भर के कृषि मंत्रियों की बैठक हुई कि किसानों को अच्छा मूल्य मिले। इसके लिए एक राष्ट्रीय बाजार होना चाहिए। इस संबंध में सात प्रकार के सुझाव दिए गए। यह वर्ष 2005 में हुआ था।

वर्ष 2006 में स्वामीनाथन जी की रिपोर्ट आई, उसके बाद वर्ष 2007 में जो पॉलिसी बनी, उसमें भी इसका उल्लेख हुआ। लेकिन वर्ष 2010 में एक बैठक हुई। वर्ष 2005 से वर्ष 2014 के बीच या वर्ष 2007 से वर्ष 2014 के बीच एक बैठक अप्रैल, 2010 में हुई थी, मुझे याद है। इसके बाद इसकी चिंता हुई। अब वर्ष 2014 के बाद सब से पहले जो किसान आयोग के सुझाव थे, जो डिजिटल पॉलिसी बनी थी, उसके आधार पर ई-मंडी बनाने के लिए राज्यों से तीन प्रकार के सुधारों के लिए आग्रह किया गया। मुझे प्रसन्नता है कि वर्ष 2015-16 आते-आते अधिकतर राज्यों ने तीन प्रकार के सुधार किए। वर्ष 2017 में हम लोगों ने नया कृषि उपज और पशुधन विपणन

अधिनियम, 2017 उसी किसान आयोग के सुझाव के मुताबिक राज्यों को जारी किया। इसके तहत कई राज्य अपने नियमों में परिवर्तन कर रहे हैं। इसी आयोग के सुझावों के मुताबिक मॉडल कॉन्ट्रैक्ट एण्ड सर्विसिज़ एक्ट, 2018 जारी किया गया। यह एक तरीका है, ताकि अच्छा मार्केट मिले।

किसान आयोग द्वारा किसानों की आमदनी और अच्छे मूल्य के लिए एक सुझाव और था, जो समर्थन मूल्य का था। यह सुझाव भी आयोग ने दिया था और आयोग के इस सुझाव के अंदर, जो कि वर्ष 2006 में आया था, बहुत साफ लिखा था कि भुगतान की गई लागतें, जिसमें किराया, मानव श्रम, बैल श्रम, मशीन श्रम, भूमि में पट्टे के लिए दिया गया किराया, बीज, उर्वरक, खाद आदि जैसे भौतिक आदानों के उपयोग पर नगद या सामान्य रूप से किया गया व्यय, सिंचाई प्रभार उपक्रमों और फर्म भवनों का मूल्य, ह्रास काल से पूंजी का ब्याज, पंप सेट्स आदि के प्रसारण के लिए डीजल, बिजली का व्यय, विविध व्यय और पारिवारिक श्रम के रोपित मूल्य जैसे कई सुझाव, समर्थन मूल्य की दृष्टि से थे। वर्ष 2007 में जब उस समय की सरकार ने राष्ट्रीय नीति स्वीकार की, तो उसने इसको माना ही नहीं। उसने कहा कि ये संभव नहीं है। अब हमारी सरकार ने इसी आधार पर जिन-जिन उत्पादों की कीमत 50 फीसदी से ज्यादा थी, उन्हें 50 फीसदी से ज्यादा किया है। कुल मिलाकर आयोग की ठंडे बस्ते में जितनी अनुशंसाएं थीं, उन सब को इन्हीं चार वर्षों के अंदर इस सरकार ने लागू किया है।

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव :** माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि बिहार में ऋण नहीं, बीज नहीं, वहां बिचौलिये किसानों की लूट कर रहे हैं। वहीं बांका सहित सम्पूर्ण बिहार में सुखाड़ की भयंकर स्थिति है।

**माननीय अध्यक्ष :** आप प्रश्न पूछिए, भाषण देने में बहुत देर करते हो। Do you not have any Question to ask?

… (*Interruptions*)

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव :** वहां बारिश नहीं हुई है। क्या सरकार राज्य सरकार से बात करके बिहार को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करना चाहती है। वहां किसान त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहे हैं।

**श्री राधा मोहन सिंह:** महोदया, जहां तक मेरी जानकारी है, बिहार की सरकार ने कई प्रकार की योजनाएं शुरू की हैं। किसानों को राहत देने के लिए डीजल पर सब्सिडी देना शुरू किया है और बाकी वह नियमानुसार जो भी कार्रवाई करेगी, भारत सरकार बिहार के किसानों के साथ खड़ी है।

**माननीय अध्यक्ष :** दीपेन्द्र हुड्डा, आप बोलिये, लेकिन शार्ट क्वैश्चन पूछिए, भाषण नहीं देना है।

**श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा :** महोदया, जो उत्तर दिया गया है और मंत्री जी ने जो अभी वक्तव्य दिया है, मेरा मानना है कि वह अधूरा सत्य है। क्योंकि लागत निकालने के दो तरीके हैं। स्वामीनाथन कमीशन में भी दो तरीके माने गए हैं। सरकार भी सीएसीपी दो तरीके से लागत निकालती है। एक सी-टू फार्मूला है और दूसरा ए-टू प्लस एफएल फार्मूला है। ए-टू प्लस एफ.एल. फार्मूला में हर तरह की लागत शामिल नहीं है। सी-टू फार्मूले में चाहे जमीन से जुड़ी हुई कॉस्ट हो, लैंड कॉस्ट तथा सिंचाई से जुड़े हुए कई इस तरह के खर्चे हैं। स्वामीनाथन कमीशन में कहा गया था कि सी-टू के ऊपर पचास परसैंट दिया जाएगा। अब सरकार कह रही है कि हमने लागू कर दिया, लेकिन इस सरकार के बयान की सबसे ज्यादा तकलीफ स्वयं स्वामीनाथन जी को है, जिन्होंने कहा कि केवल पैडी में देखें, उनका बयान आया कि मेरा नाम ऐसे खराब न किया जाए। अगर पैडी में सरकार स्वामीनाथन कमीशन लागू करेगी तो 2340 रुपये पैडी का डिक्लेयर होना चाहिए, जबकि सरकार ने 1750 रुपये डिक्लेयर किया है। मैं इसीलिए कह रहा हूं कि आपने ए-टू प्लस एफएल पर पचास परसैंट कहकर उसे जो ऐतिहासिक बताया है, यूपीए के समय दस वर्ष में हमेशा हर वर्ष औसतन 67 प्रतिशत बढ़ाया गया। इस लागत के ऊपर दस में से नौ वर्ष पचास परसैंट से ज्यादा मुनाफा दिया गया।

**माननीय अध्यक्ष :** आपका प्रश्न क्या है?

**श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा :** आपने पांच साल में औसत 38 प्रतिशत दिया और पहली बार आपने पचास परसैंट दिया है। आप स्वामीनाथन कमीशन कब लागू करेंगे?…( व्यवधान) किसान की आवाज सदन में दबाई नहीं जा सकती। …( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** कोई आवाज दबाई नहीं जा रही है।

**श्री राधा मोहन सिंह:** माननीय सदस्य को यह पता होना चाहिए कि 2006 में किसान आयोग ने जो रिपोर्ट दी …( व्यवधान) वर्ष 2006 में स्वामीनाथन जी ने रिपोर्ट दी, वर्ष 2007 में जब इनकी सरकार थी, तब नेशनल फार्मर्स पालिसी बनाई गई तो उसमें साफ-साफ कहा गया कि इसको हम नहीं मानेंगे और उसको पालिसी में डाला ही नहीं, उसे आप पढ़ लें। …( व्यवधान) आप उसे पढ़ें। 201 सिफारिशों में उसको नहीं माना।

दूसरा वर्ष 2013-14 में इन्हीं की सरकार थी। उस समय धान की जो न्यूनतम समर्थन लागत थी, वह 961 रुपये थी। इन्होंने उसे 1310 रुपये तय किया। यह 36 फीसदी था, 64 फीसदी नहीं था। मैं वर्ष 2013-14 की बात कर रहा हूं। …( व्यवधान) आप मेरी बात सुनिए। आप सुनने का भी धैर्य रखिए, आप किसान हैं। फिर मैं आपको बताता हूं कि ज्वार की लागत उस समय 1269 रुपये लागत थी, आपने उसे 1500 घोषित किया, जो मात्र 18 फीसदी था। इस तरह से सबको पचास फीसदी किया है। जितने का भी कम था, उन सबको पचास फीसदी करने का काम किया। …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Please do not do like this.

… (*Interruptions*)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : Madam, we should have a Short Duration Discussion on the issue of MSP. … (*Interruptions*)

**(Q. 83)**

SHRI RAHUL SHEWALE : Madam, this is about the fertilizers being manufactured by the Rashtriya Chemical Fertilizers. The Government has imposed a cap on fertilizers eligible for subsidy. The net result is that RCF has been incurring huge losses on account of non-availability of adequate buyers of such non-subsidized high cost fertilizers. Further, if RCF produces fertilizers below its capacity, then its energy norms will be reduced, which will make it ineligible for adequate subsidy.

So, I would like to ask this from the hon. Minister. What steps have been taken by the Government to make good the losses of RCF, and to encourage it to produce fertilizers in its full capacity? Thank you, Madam.

**राव इंद्रजीत सिंह:** महोदया, इंडिविजुअल फर्टीलाइज़र का लॉस मेकिंग का ब्यौरा मेरे पास नहीं है। लेकिन यह ज़रूर है कि यूरिया के ऊपर जितनी भी सब्सिडी दी जाती है, पॉइंट ऑफ सेल्स के माध्यम से वह दर्ज हो जाता है। यह जो हमारा इंटिग्रेटिड फिर्टिलाइज़र सिस्टम है, उसके माध्यम से पता चल जाता है कि कितना यूरिया किस स्थान के ऊपर, किस पॉइंट ऑफ सेल के माध्यम से बिका और जो विक्रेता है, उसको वह पूरी की पूरी, शत प्रतिशत यूरिया की सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है। जहां तक पोटैशियम और पीएनके की बात है, साल में एक बार निर्धारित किया जाता है कि उस फिर्टिलाइज़र के अंदर पौष्टिकता कितनी है और उसके हिसाब से एक बार सब्सिडी तय कर दी जाती है। वह तय करने के बाद उस यूनिट को यह अख्तियार है कि उसके हिसाब से वह बेचता रहे और उतनी ही सब्सिडी उसको मिलेगी, जितनी कि सरकार ने तय की है।

**श्री राहुल शेवाले :** मैडम, मैंने सवाल अलग पूछा और मंत्री जी ने जवाब अलग दिया है। What steps have been taken by the Government to ensure timely disbursement of

subsidy receivables to the fertilizer companies particularly M/s. Rashtriya Chemicals & Fertilizers Limited as delay in disbursement of such receivables has adverse impact on credit profile and profitability of the said companies?

**राव इंद्रजीत सिंह:** महोदया, इन्होंने राष्ट्रीय फर्टीलाइज़र के विषय में चर्चा की है, मेरे संज्ञान में लाया गया है। इस संबंध में मुझे फिल्हाल पता नहीं है, मैं चैक कर के इनको बता दूंगा।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : The Government has decided to change the contours of giving fertilizer subsidy to companies on actual sales made to farmers through point of sale, as the Minister was saying on point of sale devices. I would like to know from the hon. Minister as to what steps have been taken by the Government to make farmers aware about point of sale system and to keep a check on real demand of fertilizers and track its actual utilisation to avoid over-invoicing, diversion and other leakages and thus, to make fertilizer companies responsible for supply chain issues. This is the issue which I am told the Government is contemplating. Let us hear from the Government as to how it is making the fertilizer companies responsible for supply chain losses.

**राव इंद्रजीत सिंह:** महोदया, भारत सरकार एक टाइम पर तय करती है कि किस राज्य को कितना फिर्टिलाइज़र आवश्यक है। उसके बाद जैसा मैंने बताया कि फर्टीलाइज़र मॉनिट्रिंग सिस्टम के माध्यम से चैक किया जाता है कि क्या उस राज्य सरकार को यह फर्टीलाइज़र उपलब्ध हो गया है। एक बार राज्य सरकार के पास यह फर्टीलाइज़र चला जाता है तो मॉनिट्रिंग एसेंशियल कमोडिटी एक्ट के माध्यम से फर्टीलाइज़र कंट्रोल ऑर्डर के तहत वह कर सकती है। जो कंपनी अगर अपने फर्टीलाइज़र को ठीक ढंग से विक्रेता तक नहीं पहुंचा पा रही है, उसके खिलाफ असेंशिएल कमोडिटीज़ एक्ट के माध्यम से कार्यवाही की जा सकती है। लेकिन जो मंशा या सोच है

कि फर्टीलाइज़र पूरी तरह से नहीं पहुंच रहा है, उसका जवाब मैंने पहले ही दे दिया है कि सन् 2015-16 के अंदर स्मगलिंग के केसेज़ ज़ीरो थे और ब्लैक मार्केटिंग के केसेज़ केवल आठ थे। सन् 2016-17 के अंदर स्मगलिंग के केसेज़ ज़ीरो थे और ब्लैक मार्केटिंग के ज़ीरो केसेज़ थे। सन् 2017-18 में स्मगलिंग का एक केस था और ब्लैक मार्केटिंग के दो ही केस थे। अगर इससे पुराने वाले तीन साल के साथ इसकी तुलना की जाए तो सन् 2012-13 में स्मगलिंग के 40 केसेज़ थे और ब्लैक मार्केटिंग के 136 केसेज़ थे। सन् 2013-14 में स्मगलिंग के दस केसेज़ थे और ब्लैक मार्केटिंग के 118 केसेज़ थे। जिस साल हमने कार्यभार संभाला था, यानि सन् 2014-15 में स्मगलिंग के 18 केसेज़ थे और ब्लैक मार्केटिंग के 348 केस थे। महोदया, हमारी सरकार आने के पहले के जो तीन साल थे, तब तो स्मगलिंग और ब्लैक मार्केटिंग के बहुत ही ज्यादा केसेज़ थे। हमारी सरकार आने के बाद कुल मिला कर 11 केसेज़ ही तीन साल के अंदर दर्ज हुए हैं। इस हिसाब से तो फर्टीलाइज़र पूरे तौर पर विक्रेता के पास पहुंच रहा है और उसके माध्यम से लोगों के पास भी पहुंच रहा है।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : It is making the fertilizer company accountable. I would like to understand as to what steps the Government has taken to make the fertilizer companies accountable. How many of those fertilizer companies have been made accountable?

**राव इंद्रजीत सिंह :** फर्टिलाइजर कंपनी को तो तब अकाउन्टेबल ठहरायेंगे जब हमारे पास इस किस्म की कोई शिकायत आएगी। अगर ये कह रहे हैं कि ऐसा हो रहा है तो ये कोई एक पर्टिकुलर केस बतायें, हम जाँच करवा लेंगे। मैंने अभी आपको और सारे सदन को बताया है कि वर्ष 2015-16, वर्ष 2016-17 और वर्ष 2017-18 में फर्टिलाइजर की बिक्री के अंदर जो कालाबाजारी/तस्करी हुई है, ऐसे कुल मिलाकर 11 केसेज हैं। अगर कोई कालाबाजारी/तस्करी हुआ भी करती थी तो नीम कोटिंग की वजह से वह आज एकदम से खत्म हो गई है।

SHRI KIRTI VARDHAN SINGH : Thank you Madam Speaker. This is in the context of part 'B' of the question. I would like to draw the attention of the hon. Minister to the fact that apart from cases of black-marketeering and smuggling, the availability of railway rakes also plays a vital role in the timely supply of fertilizers throughout the country. From there, it is an onward transmission to the various points of sale in all blocks of the districts. Due to the shortage of railway rakes or the fact that a lot of them are pending upgradation, the supply of fertilizers to these points of sale is not sufficient during the peak demand time. Now, this has an adverse effect on the crops and also on the agricultural production in the country. I would like to know from the hon. Minister about the number of requests pending before the Ministry for the opening of new rakes especially by the Government of UP. I would also like to know whether the Ministry proposes to develop new rake points locations which have feasibility constraints.

RAO INDERJIT SINGH: Madam Speaker, there is a system in place whereby every month there is a meeting of the Railways with the Department of Agriculture and the Department of Fertilizers. They evaluate as to how many rakes are required for which State. If there is some place where the rakes have not reached in time, it is to be brought to our notice. This year we have given additional 628 rakes compared to 2017. We have supplied nearly 20 lakh metric tonnes extra *via* these initiatives of the Government.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : Madam Speaker, the main problem is the non-availability and the timely supply of these subsidised fertilizers. The main

reason is that the domestic production is not adequate to meet the requirement. There are a number of proposals before the Ministry of Fertilizers because the Indian agriculture is mainly dependent on rain. So, the demand is coming at one time immediately after the rain. Hon. Minister of Fertilizers is well aware about the urea plant in FACT. In 2003, the urea plant in FACT was stopped. There is also a proposal to initiate a urea plant as well as the phosphatic fertilizers or the NPK or the composite fertilizer in FACT, which is one of the biggest and premier fertilizer manufacturing units in the country. There is also a proposal to do the capacity augmentation of FACT regarding the complex fertilizers also. I would like to know whether these proposals are under active consideration of the Government. What is the response of the Government?

RAO INDERJIT SINGH: Madam Speaker, I will just read out the requirements of last year for both urea and NPK fertilizers. The requirement was assessed at 298.52 lakh metric tonnes. The availability of urea was 317.06 metric tonnes and the sales were 303.06 lakh metric tonnes. So, the sales were much less than the availability. Similarly, for NPK fertilizers, the requirement was assessed at 229.47 lakh metric tonnes. The availability was 226.17 lakh metric tonnes and the sales were 212.34 lakh metric tonnes. Obviously, it was less than the total requirement and the availability.

The Government is fully aware of the situation. We are making both the fertilizers, NPK and Urea, immediately available to the farmers, whenever they require it. I think, in the last three or four years, there has been no shortage of fertilizers.

**(Q.84)**

SHRI PREM DAS RAI : Madam, the hon. Minister has given a fairly detailed reply. I would just like to submit my first question as 2(b). In this, there are eighteen major milk producing States which NDP-1 has covered. But NDP-1 does not cover the Northeastern States. If you look at the value under the National Programme for Dairy Development, the amount received by the Northeastern States is just 3 per cent of the total amount expended in the dairy sector.

In States like Sikkim and hilly States, we need localised production of milk rather than getting milk from other parts of the country. I would like to understand from the hon. Minister whether there is any move on their part as a policy to make localised milk available through National Programme for Dairy Development in the Northeastern States including Sikkim.

**श्री राधा मोहन सिंह :** महोदया, नेशनल डेयरी प्लान वर्ष 2010-11 में प्रारंभ हुआ था। पहले यह देश के 14 राज्यों में, जहां 80 प्रतिशत दूध का उत्पादन होता है या दुधारू पशु हैं, वहां प्रारंभ हुआ। फिर जो चार नए राज्य बने, उन्हें मिलाकर कुल 18 राज्यों में यह योजना चलती है। लेकिन, शेष सभी राज्यों के लिए अलग-से एक योजना चलती है, जिसका नाम नेशनल प्रोग्राम फॉर डेयरी डेवलपमेंट (एन.पी.डी.डी.) है। उसके अन्तर्गत हमने पूर्वोत्तर राज्यों को लगभग 71 करोड़ रुपये की राशि दी है और नई परियोजनाओं को हमने स्वीकृत किया है।

सिक्किम राज्य के अंदर आज जैविक दूध का भी उत्पादन किया जा रहा है, इसलिए हम यह निश्चित रूप से ध्यान रखेंगे कि सिक्किम के अन्दर व्यवस्था और अच्छी हो।

SHRI PREM DAS RAI : Madam, I am so happy that the hon. Minister has referred to my second question regarding how much percentage of dairy

farming in India is organic in nature. Regarding organic feed, zero chemicals, zero hormones and antibiotic free milk, has the Government made any plans for the promotion of and gradual shift to organic farming methods over the next ten years?

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज, आप बैठिए। आपके एक और नए मिनिस्टर पैदा हो गए हैं।

…(व्यवधान)

**श्री राधा मोहन सिंह :** महोदया, पूरे देश के अन्दर सभी राज्य सरकारें पहले से भी 'राष्ट्रीय कृषि विकास योजना' की मद में जो राशि जाती थी, उससे जैविक खेती को प्रोत्साहित करते थे। लेकिन, पहली बार वर्ष 2015-16 में जैविक खेती के विकास के लिए पूरे देश में परंपरागत कृषि विकास योजना चलाई गई और इसके लिए अभी तक लगभग एक हजार करोड़ रुपये राज्यों को दिए गए हैं। लेकिन, इससे अलग हट कर उसी समय पूर्वोत्तर राज्यों के लिए जैविक मूल्य श्रृंखला की एक नयी योजना चली। पूर्वोत्तर के राज्यों को इसका काफी लाभ मिल रहा है। निश्चित रूप से सिक्किम राज्य भी इसका लाभ ले रहा है।

हमारी सरकार बनने के एक साल बाद मैं खुद वहां गया था और प्रधान मंत्री जी भी वहां रात में रूके थे और गांव में भी गए थे। उस राज्य को 'जैविक स्टेट' घोषित किया गया था। उसे देखने के बाद कई पहाड़ी राज्य भी इस दिशा में आगे बढ़े हैं। देश के कई राज्य अपने यहां कुछ जिलों को 'जैविक डिस्ट्रिक्ट' घोषित कर रहे हैं। इसलिए बड़ी तेजी से जैविक खेती का विकास हो रहा है। अभी 23 लाख बिलियन हैक्टर्स में जैविक खेती हो रही है, यह बहुत अच्छी बात है। सतत कृषि विकास के लिए और सॉयल हेल्थ के लिए जैविक खेती आज राष्ट्रीय आवश्यकता है, किसान की आवश्यकता है।

**श्री गणेश सिंह :** धन्यवाद, अध्यक्ष महोदया। माननीय मंत्री जी ने 18 राज्यों को एनडीपी फर्स्ट के तहत कवर किया है, उसी में हमारे मध्य प्रदेश को भी शामिल किया गया है। यह कार्यक्रम किसानों की आय को बढ़ाने के लिए दुग्ध उत्पादन बढ़ाने का जो कार्यक्रम है, जिसके चलते यह योजना शुरू

हुई है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि दुग्ध उत्पादन को और बढ़ाने के लिए आपने जो एक एनडीपी योजना शुरू की है, उसमें हमारे मध्य प्रदेश के किन-किन जिलों को शामिल किया है और आगे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य क्या है?

**श्री राधा मोहन सिंह:** देखिए, दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए अभी मेरे पहले प्रश्न में यह सवाल उठा था कि किसान आयोग ने क्या-क्या सिफारिश की है? किसान आयोग ने यह भी सिफारिश की थी कि इस देश के अंदर गाँव में जो नॉन-नोटिफाइड दुधारू पशु हैं, वे 80 से 85 प्रतिशत हैं और उनकी उत्पादकता को बढ़ाने के लिए किसान आयोग ने सिफारिश की थी। जब किसान नीति बनी तो उसमें भी इसको लाया गया। लेकिन दुर्भाग्य था कि इस दिशा में हमने कोई प्रभावी प्रयत्न नहीं किया। मेरी सरकार आने के तुरंत बाद हमने 'राष्ट्रीय गोकुल मिशन' शुरू किया। आप दुनिया के कई देशों में देखेंगे कि उस देश के अंदर जो नस्ल हैं, उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए नेशनल ब्रीडिंग सेंटर है, लेकिन यह हिन्दुस्तान के अंदर नहीं है। पहली बार हमारे प्रधान मंत्री जी ने इसकी चिंता की और देश के अंदर दो नेशनल कामधेनु ब्रीडिंग सेंटर खोले गए। अन्य देशों में नेशनल ब्रीडिंग सेंटर हैं, लेकिन हमने उसमें कामधेनु शब्द जोड़ा है। आंध्र प्रदेश के अंदर एक सेंटर का निर्माण लगभग हो चुका है और मध्य प्रदेश का निर्माणाधीन है।

इसके अलावा, देश में गोकुल ग्राम की भी स्थापना हुई है। लगभग 14 राज्यों में 20 गोकुल ग्रामों की स्थापना हुई हैं और जो फ्रोजन सीमन स्टेशंस थे, मैं जिस राज्य से आता हूँ, वहाँ तीन लाख डोजेज का उत्पादन होता था। अभी वहाँ पर पूर्वी राज्यों के लिए, जो पूर्णिया जिला है, उसके अंदर एक स्टेशन का शिलान्यास किया गया है और लगता है कि वह एक साल में बनकर तैयार होगा। 28 प्रकार के स्टेशनों को मजबूत बनाने के लिए देश में काम शुरू हुआ है। उनकी उत्पादकता बढ़े और आप उसी का परिणाम देखेंगे कि बड़ी तेजी से देश के अंदर उत्पादकता बढ़ रही है। देश में प्रति व्यक्ति दूध की जो उपलब्धता है, वह आज 373 ग्राम प्रतिदिन है। जबकि आप देखेंगे कि वर्ष 2012-13 में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 299 ग्राम प्रतिदिन थी। दूध उत्पादन में भी वर्ष 2010 से वर्ष 2014 के बीच में वार्षिक वृद्धि दर 4 प्रतिशत थी और वर्ष 2014 से वर्ष 2018 तक वार्षिक

वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत है, जो विश्व का मात्र दो प्रतिशत था, अब तो उससे भी कम हुआ है। इसलिए उत्पादन के मामले में और उत्पादकता के मामले में भी बड़ी तेजी से हम आगे बढ़े रहे हैं।

**माननीय अध्यक्ष:** आप प्रश्नों का उत्तर बहुत अच्छे से कर रहे हैं, मगर थोड़ा शॉर्ट उत्तर तथा छोटा प्रश्न होना चाहिए।

**श्री गौरव गोगोई :** धन्यवाद अध्यक्ष महोदया, यह सवाल दूध उत्पादन के साथ है, लेकिन दूध उत्पादन के साथ इसके निर्यात का भी एक संपर्क है। आज ही मीडिया रिपोर्ट में आया है कि जो स्कीम्ड मिल्क पाउडर है, उसमें पिछले कुछ सालों में बहुत गिरावट हुई है। अगर आप वर्ष 2013 से वर्ष 2018 तक देखें तो स्कीम्ड मिल्क पाउडर के निर्यात में लगभग 90 प्रतिशत ड्रॉप हुआ है। जहाँ वर्ष 2013 में लगभग 2,700 करोड़ रुपये का स्कीम्ड मिल्क पाउडर एक्सपोर्ट होता था, आज लगभग 2,019 करोड़ रुपये तक आ गया है। यह गिरावट क्यों हुई है? उत्पादकों की संख्या तथा उनकी आमदनी पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है? आज दूध उत्पादकों की बीच में एक भय का वातावरण है। जब वे बाजार से दुग्ध उत्पादन करते हुए गाय को लाते हैं तो रास्ते में उनको कोई मारता है, कोई उनको पीटता है। आज जो भय का वातावरण है, क्या आपने इस चीज को अपने संज्ञान में लिया है?

**श्री राधा मोहन सिंह :** महोदया, माननीय सदस्य ने एक अच्छा प्रश्न उठाया है। निश्चित रूप से देश में उत्पादकता बढ़ी है, उत्पादन बढ़ा है, तो देश के अंदर मिल्क और मिल्क प्रोडक्ट्स भी ज्यादा उपलब्ध हुए हैं। हमने 13 जुलाई को कॉमर्स मिनिस्ट्री को लिखा था कि एक्सपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहन दें, तो उनको 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि देना तय कयिा है। हमने रिकमेंडेशन की थी, तो उन्होंने 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि तय की है। इसके अलावा राज्यों को भी हमने लिखा था कि इसका और प्रकार से उपयोग हो, तो कई राज्यों ने जैसे कर्नाटक, बिहार, राजस्थान ने आईसीडीएस योजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी के अंदर देना शुरू किया है। इसी तरह से राजस्थान ने मिड-डे-मील योजना के अंदर देना शुरू किया है। इसके अलावा गुजरात और महाराष्ट्र की सरकार ने अलग से, आप जिस पाउडर की चर्चा कर रहे हैं, मिल्क पाउडर के लिए 50 रुपये प्रति कि लो

राज्य सरकार की ओर से देना शुरू किया है। अब हमने वर्किंग कैपिटल लोन के लिए, स्टेट कोआपरेटिव फेडरेशन के लिए 300 करोड़ रुपये के फंड के लिए भी एनडीडीबी के साथ मिलकर एक प्रस्ताव बनाया है। हम पूरी तरह से निर्यात को प्रोत्साहन दे रहे हैं और जो बाहर से आयात होता था, उसके आयात शुल्क को बढ़ाया है, ताकि वह बाहर से न आए। इसके लिए हमने प्रोत्साहन दिया है। राज्य सरकारें विभिन्न योजनाओं में इसका उपयोग कर रही हैं। यहां तक कि रेलवे ने अपनी एक मीटिंग की कि रेलवे में कैसे मिल्क और मिल्क प्रोडक्ट्स का उपयोग हो। जिस प्रकार से उत्पादन और उत्पादकता बढ़ रही है, उसी तरह से सरकार भी इस दिशा में प्रयत्न कर रही है।

**(Q. 85)**

**श्री लल्लू सिंह :** महोदया, शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों में, स्लम बस्तियों में रहने वाले जो गरीब थे, प्रदेश सरकार उनके लिए कोई आवास की व्यवस्था नहीं करती थी। वर्ष 2014 में माननीय नरेन्द्र मोदी जी जब इस देश के प्रधान मंत्री हुए, तो उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी सबको आवास उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है।

माननीय अध्यक्ष महोदया, आपके माध्यम से हम माननीय मंत्री जी से जानना चाहेंगे कि क्या आवास के साथ-साथ पेयजल, सीवर, शौचालय, बिजली, पानी की भी व्यवस्था उन स्लम बस्तियों, झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों में करने की कोई योजना है और क्या इस योजना की कोई समय-सीमा तय है?

SHRI HARDEEP SINGH PURI: Hon. Speaker Madam, even though land is a State subject, each of the Prime Minister's flagship programmes- AMRUT, which deals with water tap connection and sewage treatment, the Swachh Bharat Mission, the Pradhan Mantri Awas Yojana- all these programmatic interventions have specific provisions for ameliorating the lives of those of our citizens who live in conditions which could be described as slum-like. Let me give you a few examples. Under the Swachh Bharat Mission, we had a target in the urban areas of constructing 67 lakhs individual household toilets and about five lakhs community toilets. Even though the precise data is available with the State Governments and Union Territories, because it is difficult to describe as to which particular area is a slum or otherwise, it is my belief that a large per centage of the individual household toilets are constructed for people who are living in slum conditions. Equally, almost all the community toilets are

**श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):** मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद बिहार से झारखंड को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण सड़क है, जो सड़क की एक छोर से दूसरे छोर तक जोड़ने से कई ग्रामीण बसावटों विशेषकर उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। एनएच-99 के हंटरगंज, देवी मंडप से चंदरी, रानीगंज, इमामगंज, डुमरिया होते हुए कटैया मोड़ तक सड़क निर्माण की आवश्यकता है जो एनएच-139 से जुड़ेगी। यह सड़क कटैया मोड़ झारखण्ड से बिहार होते हुए इमामगंज, रानीगंज से हंटरगंज झाखंड से जुड़ती है। इस सड़क के निर्माण से बिहार के अति उग्रवाद प्रभावित जिला गया, औरंगाबाद और झारखण्ड के चतरा एवं पलामू जिला को जोड़ने से लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। ऐसे कार्यो से बिहार एवं झारखंड राज्य के बीच सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास का समन्वय स्थापित होगा और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास और राष्ट्र के विकास में भटके युवाओं एवं अन्य को विकास के मुख्य धारा में लाने के साथ-साथ रोजगार के अवसर प्रदान कराने में काफी लाभकारी साबित होगा।

अत: सरकार से आग्रह है कि एक एनएच से दूसरे एनएच को जोड़ने और एक राज्य से दूसरे राज्य से जोड़ने वाली सड़क परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने हेतु शीघ्र आवश्यक स्वीकृति प्रदान कराने की कृपा की जाए। इस अंतर्राष्ट्रीय सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्रदान करने की कृपा की जाए।

## (iii) Need to ensure payment of pension to old-aged, widows, differently-abled etc. at their place of residence and also enhance the pension amount

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह):** सरकार ने सामाजिक सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए हैं, इसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी को बधाई देता हूँ। लेकिन, देश में जो सामाजिक सुरक्षा के लिए पेंशन स्कीम चल रही है जैसे वृद्धावस्था, विधवा, विकलांग, निराश्रित पेंशन जैसे हितग्राहियों को स्थानीय राज्य सरकारों के गलत या आधे-अधूरे प्रबंधन के कारण भुगतान में कठिनाईयाँ हो रही हैं। यह लाचार वर्ग है। अत: आपसे निवेदन है कि घर-घर भुगतान सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त करें, ताकि इन वर्गों को हर महीने घर पर ही पेंशन मिल सके। पेंशन राशि कम है और भुगतान लेने के लिए इन वृद्धों, निराश्रितों, विकलांगों एवं विधवाओं को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। मेरी सरकार से माँग है कि इस पेंशन की राशि को भी बढ़ाकर न्यूनतम 1000 रूपए किया जाए, जैसा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए मोदी सरकार पहले ही कर चुकी है।

## (iv) Need to provide funds for Jaisalmer-Barmer-Bhabhar railway line project in Rajasthan

**कर्नल सोनाराम चौधरी (बाड़मेर) :**

1. जैसलमेर-बाड़मेर-भाबर (गुजरात) – रेल लाईन की मांग विगत लगभग 20-22 वर्षों से लगातार की जा रही है। इस संबंध में तीन बार सर्वे कार्य हो चुका है। सर्वप्रथम 2000-2001 में जब मैं सांसद था तब सर्वे हुआ था और अन्तिम में 2013-14 में सर्वे हुआ। यह नई रेल लाईन सामरिक, आर्थिक एवं सांख्यिकीय दृष्टि एवं सीमान्त जिले बाड़मेर, जैसलमेर, जालोर, सिरोही, पाली एवं गुजरात के राजस्थान से सटे क्षेत्र के विकास की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। इन जिलों में अनेक प्रकार के खनिज जैसे स्टीलबेस लाईम, लिग्नाईट, ग्रेनाइट, मार्बल, जिप्सम, बैन्टोनाईट एवं कच्चा तेल एवं प्राकृतिक गैस आदि प्रचुर मात्र में हैं। उनके परिवहन और अब रिफाइनरी लगने से पैट्रोकेमिकल उद्योग होने से इस रेलवे लाईन का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह रेल लाईन कांडला सीपोर्ट को जोड़ता है।
2. मैं विशेष तौर से प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि आपकी मेहरबानी से बहुप्रतीक्षित एवं जनउपयोगी इस नई रेलवे लाईन (जैसलमेर-बाड़मेर-भाबर 338.94 किमी की 5000 करोड़ रुपये की लागत) की बजट 2015-16 की घोषणाओं में 26.02.2016 को घोषित की गई। उल्लेखनीय है कि भाबर से कांडला वाया राधनपुर-सांतलपुर पूर्व से ही रेलवे लाईन है। यदि ऐसा होता है तो पश्चिम राजस्थान के 10 जिलों के अलावा गुजरात के कुछ जिले कांडला एवं मुन्दरा बन्दरगाह से सीधे जुड़ जाएंगे।
3. इसके बाद मैंने आदरणीय प्रधानमंत्री जी से व्यक्तिगत मुलाकात कर एवं माननीय मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर इस परियोजना के कार्य हेतु बजट प्रावधान कर कार्य को गति प्रदान

करने का आग्रह किया। जिस पर दोनों ने मुझे जनहितकारी एवं महत्वपूर्ण इस परियोजना को गति प्रदान करने का आश्वासन दिया।

4. मैं यह बताना चाहता हूँ कि उक्त रेलवे लाईन परियोजना की घोषणा से दो लोकसभा क्षेत्र बाड़मेर-जेसलमेर, एवं जालोर-सिरोही साथ ही सम्पूर्ण पश्चिमी राजस्थान के साथ ही गुजरात का क्षेत्र भी लाभान्वित होगा। इस योजना से भारत-पाक सीमा पर तैनात सुरक्षाबलों जैसे थल सेना, वायु सेना, सीमा सुरक्षा बल, अर्द्धसैनिक बल एवं गुप्तचर संस्थाओं को भी सुविधा होगी।

5. यह परियोजना भारत सरकार के रेलवे मंत्रालय एवं राजस्थान सरकार का संयुक्त उद्यम (Joint Venture) है। चूंकि इस परियोजना से Armed Forces भी लाभान्वित होगी इसलिए रक्षा मंत्रालय से कुछ राशि लेने के लिए दोनों मंत्रालयों में विचार-विमर्श हो रहा है। इस संबंध में मेरे द्वारा लोकसभा में 13वीं लोकसभा में 20.04.2000, 16वीं लोकसभा में 15.02.2014, 03.08.2015 एवं रेलवे मंत्रालय को 13.05.2015, 17.11.2015, 09.03.2016, 17.03.2015, 28.12.2017, 20.03.2018 एवं 28.03.2018 एवं दिनांक 01.01.2018 को माननीय प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर एवं तत्कालीन माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु को दिनांक 17.03.2017, 28.03.2017 एवं 28.12.2017 व 20.03.2018 को श्री पीयूष योयल साहब से व्यक्तिगत मुलाकात कर निवेदन किया गया था। उन्होंने बताया कि यह परियोजना अत्यन्त आवश्यक है और रेल विभाग, रक्षा मंत्रालय एवं राजस्थान सरकार मिलकर इस कार्य को प्रारम्भ करेंगे। चूंकि काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। जिससे समय पर कार्य होना प्रतीत नहीं हो रहा है। इससे जब इस रेल लाईन की घोषणा की गई थी तब लाभान्वित क्षेत्र की स्थानीय जनता में अति उत्साह एवं हर्ष था,परन्तु उनकी यह आशा निराशा में बदलती जा रही है।

6. मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, रेल मंत्री जी से आग्रहपूर्वक कहना चाहता हूँ कि उक्त लम्बित एवं प्रतिक्षित परियोजना की बजट घोषणा के बाद यदि कार्य नहीं होता है तो पश्चिमी राजस्थान एवं गुजरात की जनता के साथ छलावा होगा।

7. अत: मेरा सरकार से विनम्र आग्रह है कि आगामी बजट 2018-19 में नई रेल लाईन जैसलमेर-बाड़मेर-भाबर 338.94 किमी की 5000 करोड़ रुपये की लागत परियोजना हेतु बजट प्रावधान कर कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देश प्रदान कार्य को गति प्रदान करावें।

## (v) Need to undertake fresh Socio-Economic Caste Census

**श्री रविन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) :**

1. केन्द्र सरकार के द्वारा देशभर में गरीबों के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी कार्यक्रम एवं योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, वृद्धा एवं विधवा पेंशन, चिकित्सा अनुदान, राशन कार्ड आदि कई योजनाओं का लाभ वर्ष 2011 में संपन्न सामाजिक-आर्थिक-जातिगत जनगणना (सेक) को आधार मानकर गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को प्रदान किया जाता है, परंतु वर्ष 2011 में संपन्न उक्त जनगणना की सूची में व्यापक विसंगतियां भी पायी गयी हैं, क्योंकि उक्त सूची में सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े स्वर्ण जाति के अधिकांश लोगों का नाम दर्ज नहीं होने के कारण उपरोक्त कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिकांश गरीबों को नहीं मिल रहा है। साथ ही उक्त जनगणना के सात (7) वर्ष पश्चात अनेक नये परिवार बीपीएल श्रेणी के पात्र हैं, उन्हें भी उक्त योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

2. हमारे संसदीय क्षेत्र के लगभग सभी प्रखंडों में अनेक ऐसे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े स्वर्ण जाति अथवा बीपीएल श्रेणी की अहर्ता रखने वाले लोग हैं, जिनके पास अपना जमीन है और कच्चा मकान है, लेकिन वर्ष 2011 की SECC सूची में नाम दर्ज नहीं होने के कारण उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है जो वास्तव में अत्यंत गरीब और जरूरतमंद है।

अतएव केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह है कि, जब तक सामाजिक-आर्थिक-जातिगत सर्वेक्षण पुन: नहीं हो जाता है तब तक प्रखंड स्तर पर ही विशेष सर्वेक्षण कराकर सामान्य, पिछड़ा, दलित आदिवासी आदि वर्ग के सभी जातियों के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े और अत्यंत गरीब परिवारों को चिन्हित किया जाए तथा उपरोक्त सभी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए ताकि सबका साथ, सबका विकास का सरकार के संकल्प को पूरा किया जा सके।

## (vi) Need to facilitate free treatment of people belonging to economically weaker section and residing outside Delhi in hospitals of Delhi

**श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) :** मैं सरकार का ध्यान दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में केवल गरीब दिल्लीवासियों के नि:शुल्क इलाज किये जाने तथा देश के अन्य राज्यों से आने वाले गरीब मरीजों को इस अधिकार से वंचित किये जाने की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ। यह अजीब स्थिति है, क्योंकि राजधानी दिल्ली केवल दिल्ली वालों की ही नहीं बल्कि देश के सभी लोगों की आशाओं, आकांक्षाओं और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जानी जाती है। दिल्ली में अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में गरीब लोग इलाज के लिए आते हैं, जिनके पास बी.पी.एल./अन्त्योदय कार्ड होते हैं, क्योंकि उन राज्यों में एम्स जैसे बड़े अस्पतालों की काफी कमी है, इसलिए उन राज्यों के गरीब लोगों के पास बहुत कम विकल्प होते हैं। इन राज्यों के लोगों का दिल्ली के अस्पतालों पर भरोसा भी अधिक होता है और निर्भरता भी ।

मैं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद सहारनपुर से आता हूँ, यहां सरकारी अस्पतालों में गम्भीर रोगों के इलाज की सुविधाओं का अभाव है। इसीलिए दिल्ली नजदीक होने के कारण तथा यहां बड़े, नामचीन अस्पताल होने के कारण मेरे संसदीय क्षेत्र से बी.पी.एल. (अब अन्त्योदय) राशन कार्ड धारक, बेहद गरीब लोग दिल्ली में अपनी गंभीर बीमारियों का इलाज कराने आते हैं, जो नि:शुल्क इलाज कराये जाने की प्रथम पात्रता में हैं, लेकिन उन्हें इस नियम के कारण नि:शुल्क इलाज नहीं मिल पाता है। इसीलिए यह निर्णय कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले केवल दिल्लीवासियों का ही नि:शुल्क इलाज होगा, देश के अन्य हिस्सों से यहां इलाज हेतु आने वाले गरीब लोगों के साथ अन्याय है। हालांकि, अन्य राज्यों से आने वाले ऐसे गरीब लोगों को दिल्ली के अस्पतालों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन अपने मरीज के ठीक होने की उम्मीद में वह यह सब परेशानी भी उठाने को तैयार रहते हैं।

अत: मेरा सरकार से आग्रह है कि वह इस विसंगति को दूर कर, देश के सभी गरीब लोगों को, दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में एक समान, नि:शुल्क इलाज करने की सुविधा प्रदान करने की व्यवस्था करें।

## (vii) Need to allocate funds for 'Rashtriya Janjati Sangrahalaya' at Mangarh Dham in Banswara district, Rajasthan

**श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर) :** भारत सरकार के जनजाति मंत्रालय का पत्र दिनांक 12.01.2017 राजस्थान सरकार को प्राप्त हुआ। इस पत्र में वर्ष 1857 में मानगढ़ धाम में अंग्रेजों के खिलाफ हुए संघर्ष में बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को चिन्हित करने के लिए संग्रहालय स्थापित करने की बात की गयी। इसकी अनुपालना में राष्ट्रीय जनजाति संग्रहालय, मानगढ़धाम, बांसवाड़ा राजस्थान में बनाये जाने हेतु प्रथम चरण में राजस्थान सरकार द्वारा 22.46 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट स्वीकृत की गयी। प्रथम चरण में जनजाति स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय का कार्य शुरू किया गया है। प्रथम चरण की परियोजना लागत 12.76 करोड़ रुपये है। शेष कार्य द्वितीय चरण में लिए जाएंगे। इस संबंध में आयुक्त, जनजाति क्षेत्र विकास विभाग, उदयपुर द्वारा मानगढ़धाम में जनजाति स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय स्थापित किये जाने हेतु 12.76 करोड़ रुपये की परियोजना का प्रस्ताव 18 अप्रैल 2017 को जनजाति कार्य मंत्रालय, भारत सरकार को भिजवाये गये। इस परियोजना का शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान द्वारा दिनांक 03.12.2017 को किया जा चुका है एवं कार्य प्रगति पर है। अत: मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि राष्ट्रीय जनजाति संग्रहालय, मानगढ़धाम बांसवाड़ा हेतु 12.76 करोड़ रुपये की स्वीकृति एवं राशि का आवंटन अति शीघ्र किया जाये।

## (viii)Regarding reopening of two paper mills in Assam

SHRI RAMESHWAR TELI (DIBRUGARH): Two paper mills namely Nagaon Paper Mill and Cachar Paper Mill were set up in Assam several years ago bringing cheers to the thousands of people in this industrially backward state. But due to negligence and mismanagement on the part of the Hindustan Paper Corporation which is a Public Sector Undertaking, both the mills were closed down. Madam, the sudden closure of these two mills have brought untold sufferings to hundreds of workers working in the paper mills. The families of mill workers are spending days in utter penury and poverty. The children of the workers have been forced to leave schools and colleges due to joblessness of their parents. I, therefore, request the government to take immediate steps for reopening of both the paper mills at the earliest.

## (ix) Need to run train no. 14021/22 between Sikar and Delhi on daily basis

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर):** मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सीकर को दिल्ली से जोड़ने वाले रेल मार्ग सीकर-दिल्ली वाया झुन्झूनू, लुहारू रेल मार्ग पर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या-14021/14022 अभी सप्ताह में केवल तीन दिन चल रही है। जबकि आमान परिवर्तन से पूर्व इसी मार्ग पर दिल्ली-सीकर के बीच एक एक्सप्रेस गाड़ी रात्रि के समय प्रतिदिन चलती थी। यह मार्ग सीकर तथा झुन्झूनू दो जिलों को दिल्ली से जोड़ता है। ये दोनों जिले देश में सर्वाधिक सैनिक देने वाले जिले हैं। इसके अलावा इन दोनों जिलों से बड़ी संख्या में लोग दिल्ली में सरकारी तथा निजी सेवाओं में सेवारत है। इस मार्ग पर दैनिक रेल सेवा ना होने के कारण सैनिकों एवं अन्य कर्मचारियों, छात्र, बीमार व्यक्ति तथा व्यापारी आदि सभी जनता को यात्रा में बहुत असुविधा होती है।

मेरा माननीय रेल मंत्री महोदय से आग्रह है कि सीकर तथा झुन्झुनू की जनता की उक्त यात्रा संबंधी गंभीर समस्या के समाधान हेतु सीकर-दिल्ली वाया झुन्झुनू, लुहारू रेल मार्ग पर सप्ताह में तीन दिन चलने वाली एक्सप्रेस गाड़ी संख्चा-14021/14022 को नियमित रूप से प्रतिदिन चलाये जाने के आदेश शीघ्र करने की कृपा करें। मैं तथा मेरे क्षेत्र की जनता आपकी आभारी रहेंगी।

## (x) Regarding CBI inquiry into gang rape and murder of a engineering student in Ranchi, Jharkhand

**श्री राम टहल चौधरी (रांची) :** मैं सरकार को सूचित करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र रांची में 16 दिसम्बर, 2016 को सुबह 3 बजे से 5 बजे के बीच रांची के बूटी बस्ती की रहने वाली एवं आर.टी.सी. इंजीनियरिंग कॉलेज की बी.टेक. की छात्रा सुश्री जया भारती के साथ गैंग रेप एवं उसके बाद उसको जला दिया गया। यह घटना दिल्ली के निर्भया हत्याकांड से कम नहीं थी। इसकी पूरे झारखंड में तीव्र भर्त्सना की गई और कई दिनों तक छात्र-छात्राओं द्वारा आंदोलन होता रहा। माननीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी ने अपने राँची प्रवास के दौरान इस गैंग रेप एवं हत्याकांड की जांच सी.बी.आई. से करवाने का अश्वासन भी दिया था, जिसे अखबारों ने प्रकाशित किया था। जानकारी मिली है कि माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार श्री रघुवर दास जी ने केन्द्र सरकार को सी.बी.आई. जांच करवाने का पत्र लिखकर अनुरोध भी किया था, परन्तु सी.बी.आई. जांच का क्या हुआ, ये किस स्तर पर है, झारखंड की जनता को कुछ नहीं पता चला। इस हत्याकांड के हत्यारों का अभी तक पता नहीं चला है। इसकी जांच महिला सुरक्षा के लिहाज से करवाना अति आवश्यक है। यह घटना दिल दहलाने वाली है। मेरे संसदीय क्षेत्र राँची में छात्राएं दूर-दूर इलाकों से आकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही हैं, उनमें अभी तक भय बना हुआ है। अभिभावकों को अपनी बेटियों को पढ़ाना असुरक्षित लग रहा है। झारखण्ड की जनता चाहती है कि उक्त गैंग रेप एवं हत्याकांड की जांच हो और हत्यारों को शीघ्र पकड़ा जाये। सदन के माध्यम से मैं माननीय गृह मंत्री जी से एवं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि उक्त कांड की जांच सी.बी.आई. से करवाई जाये, क्योंकि मुख्यमंत्री के आश्वासन के बावजूद अभी तक सी.बी.आई. जांच नहीं हुई है और स्थानीय पुलिस हत्यारों को पकड़ने में विफल रही है।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि उपरोक्त छात्रा की दर्दनाक घटना की जो महिला शिक्षा क्षेत्र को कुप्रभावित कर रही है, उसकी जांच सी.बी.आई. से करवाई जाये।

## (xi) 'Sugamya Pustakalaya' and differently-abled friendly airport facilities in Satna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

**श्री गणेश सिंह (सतना) :** देशभर में दिव्यांगजनों के लिए बाधारहित और सुखद वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से 03 दिसंबर, 2015 को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के सुअवसर पर प्रधानमंत्री जी ने सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ किया था। यह अभियान विकलांगता के सामजिक मॉडल के उस सिद्धांत पर आधारित है कि किसी व्यक्ति की सीमाओं और अक्षमताओं के कारण नहीं बल्कि सामाजिक व्यवस्था के तरीके के कारण विकलांगता है। शारीरिक, सामाजिक, संरचनात्मक और व्यवहार संबंधी बाधाएं सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों में दिव्यांगजनों को समान रूप से भागीदारी करने से रोकती है।

सुगम्य भारत अभियान के पहिवहन सुगमता के कारक का उद्देश्य सभी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों को घरेलू हवाई अड्डों को पूरी तरह से सुगम्य बनाना है। सरकार ने व्यापक सुगम्यता हासिल करने के लिए दिव्यांगजनों के लिए एक ऑनलाइन सुगम्य पुस्तकालय का शुभारंभ किया है।

मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि क्या हमारे संसदीय क्षेत्र सतना में सुगम्य पुस्तकालय और हवाई अड्डे के लिए कोई कार्ययोजना है ताकि सतना जिले के दिव्यागजनों के लिए बाधारहित और सुखद वातावरण तैयार हो सके।

## (xii) Need to check release of untreated water by urban and semi-urban local bodies into rivers

**श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर):** शहरी और अर्द्धशहरी क्षेत्रों के स्थानीय निकाय द्वारा जिस तरह से दूषित जल नदियों में गिराया जा रहा है वह नदियों को प्रदूषित करने का मुख्य कारण है और नदियां जो कि जीवन दायनी होती हैं वह जीवन को संकट में डाल रही है।

इस संदर्भ में मैं सरकार से मांग करता हूं कि स्थानीय निकायां को दूषित पानी नदियों में डालने से तत्काल प्रभाव से रोका जाये और स्थानीय निकायों को इस बात का तत्काल दिशा-निर्देश जारी किये जायें कि नदियों में दूषित जल ट्रीटमेंट किये बिना न डाला जाये।

## (xiii) Need to resume operation of Korba-Raipur Intercity Express

**डॉ. बंशीलाल महतो (कोरबा):** मेरे संसदीय क्षेत्र कोरबा से राजधानी रायपुर हेतु एक सुपरफास्ट ट्रेन प्रारंभ किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

मेरे संसदीय क्षेत्र कोरबा में देश के विभिन्न प्रान्तों के लोग निवास करते हैं। अत: कोरबा को लघु भारत के रूप में भी देखा जाता है। संसदीय क्षेत्र कोरबा 450 कि.मि. लंबाई एवं 275 कि.मी. चौड़ाई पर फैला हुआ है। यहाँ पर लगभग 10 हजार मेगावाट विद्युत का उत्पादन होता है। कोरबा को ऊर्जा-राजधानी भी कहा जाता है। एल्युमीनियम का बड़ा उद्योग भारत एल्युमीनियम कंपनी तथा एन.टी.पी.सी. कोरबा में ही स्थित है। कोरबा क्षेत्र में कोयले का अपार भण्डार है। मिनीमाता हसदेव बांगों परियोजना देश की प्रमुख बहुउद्देशीय बाँध परियोजना है तथा कोरबा क्षेत्र में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक संस्थान स्थापित है तथा अनेक प्रोजेक्ट कोरबा क्षेत्र में प्रस्तावित हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में कोरबा शहर रायपुर एवं बिलासपुर के बाद तीसरा सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर है।

लोक सभा चुनाव, 2014 के पूर्व में परचािलति कोरबा-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन पुन: प्रारम्भ किया जाये, यह क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित माँग है तथा अनेकों बार मेरे द्वारा यह माँग की जा चुकी है। यदि संभव न हो तो सुबह पैसेंजर के रूप में चलने वाली 2 ट्रेनों में से किसी एक को एक्सप्रेस में परिवर्तित किया जा सकता है। अत: कृपया इस ट्रेन का परिचालन शीघ्र प्रारंभ करने की कृपा करें।

## (xiv) Need to increase the frequency of Bikaner - Dadar Superfast train

**श्री देवजी एम. पटेल (जालौर):** समदड़ी-भीलडी रेल लाईन का आमान परिवर्तन मीटर गेज से ब्रॉडगेज कार्य 14 अक्टूबर 2010 को पूरा हो गया था। इस मार्ग पर मालगाड़ियाँ सुचारू रूप से चलने लगी हैं। सात वर्षों से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी इस मार्ग पर यात्री सुविधाओं का नितांत अभाव है। नाम मात्र की यात्री गाड़ियाँ इस रूट पर चल रही हैं। इस रूट पर मीटर गेज से ब्रॉडगेज होने पर ट्रेनों की संख्या कम हो गयी। जो चल रही है, उसके संबंध में भी यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। बीकानेर से दादर के बीच सप्ताह में दो दिन चलने वाली बीकानेर-दादर सुपरफास्ट ट्रेन नं0- 12489/12490 के फेरे बढ़ाने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है कई बार इसके लिए मांग भी की जा चुकी है। इस ट्रेन को जिले से पर्याप्त राजस्व भी मिल रहा है। यात्री भार को देखते हुए इसके फेरे पर्याप्त नहीं हैं।

**(xv) Need to provide basic needs to 24 Tribal colonies of Chamarajanagar district, Karnataka**

SHRI R. DHRUVANARAYANA (CHAMARAJANAGAR): I would like to state that Chamarajanagar District of Kamataka State comes under my Constituency and in this District there are about 38,000 Tribes from 7462 families living in 148 Tribal Colonies. Under Central and State Sector schemes, since 2013-14 huge grant has been released for providing infrastructure development of tribal colonies like Construction of New Houses, Repairs of Old Houses, Drinking Water facilities, Road connectivity, Construction of Culvert/bridges, providing Electricity etc.

As per Forest Rights Act, the above infrastructure development works should be implemented in Tribal Colonies. But the Officers of Forest Department are not allowing the implementation of the above works for one or the other reason. Hence out of 148 Tribal Colonies of Chamarajanagar District, Tribes in 24 Tribal Colonies (Gombegallu, Nalli Katri, Bedaguli, Puranipodu etc.) still live in darkness, they are still drinking pond water and without basic needs, they are unable to provide education to their children and they are not in a position to go to Hospitals for treatment etc.

For the reasons explained above, I hereby urge the Union Government to grant permission through Forest Department for providing basic needs to the 24 Tribal Colonies of Chamarajanagar District (Karnataka) under Forest Rights Act.

## (xvi) Regarding release of pending funds to Tamil Nadu relating to education sector

SHRI C. GOPALAKRISHNAN (NILGIRIS): I would like to urge upon the Government to release pending funds of centrally aided schemes due to Tamil Nadu. Tamil Nadu Education Department has not received Rs 4,474 crore from the Centre under various schemes for the last few years. Many education schemes, including post-matric scholarship for SC/ST students suffered as the State was denied central funds on the ground of exhausting the budgetary allocations. A sum of Rs 1,547 crore has been pending towards the postmatric scholarship scheme for Scheduled Castes and Rs 27 crore for Scheduled Tribes for over a year. The annual allocation is grossly inadequate. I request that this amount may at least be doubled this year.

The Union Government has to pay arrears of Rs 1,312 crore for the Sarva Shiksha Abhiyan (SSA), the ‘education for all’ scheme to Tamil Nadu. Sarva Shiksha Abhiyan aims at providing basic, education to children up to the age of 14 and any delay in the release of funds will hit basic education in spite of Tamil Nadu Government’s best efforts. Under the Rashtriya Madhyamik Shiksha Abhiyan (RMSA) scheme, which is being implemented to provide secondary grade education, an amount of Rs 1,588-crore is due to the State. Funds under the SSA and RMSA schemes have not been allotted to the State though these projects have been approved by the Project Approval Board. As education is pivotal to the task of nation building, I appeal to the Government to release all the funds due to Tamil Nadu without any further delay.

## (xvii) Regarding inclusion of fishermen community of Tamil Nadu in the list of Scheduled Tribes

DR. J. JAYAVARDHAN (CHENNAI SOUTH): Fishermen in Tamil Nadu reside in precarious terrain by the sea coast, have distinct customs and lifestyle, and eke out a meagre livelihood from their traditional occupation. Most of them are very poor. The Government of Tamil Nadu seeks the inclusion of the fishermen community of Tamil Nadu in the list of Scheduled Tribes .1 urge the Union Government to take immediate steps in this regard.

**(xviii) Regarding unemployment situation in the country**

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): The unemployment problem is perhaps the most serious and crucial issue that India is facing today. The unfortunate situation of educated and uneducated youth of the country has resulted in deteriorating concern of law and order. Unemployment in India is projected to witness drastic increase between 2017 and 2018, signalling stagnation in job creation in the country. As per United Nation's International Labour Organization, economic growth trends lagging behind employment needs and predicts both rising unemployment and worsening social equality throughout the county. India is facing twin challenges of repairing the damage caused by the global economic and social crisis and creating quality jobs for tens of millions of new labour market entrants every year. The Employment Provident Fund Organization's (EPFO) enrolment numbers, which formed the basis for an independent study released earlier this year that the government cited as an indicator of buoyancy in formal job creation in the economy, has been sharply whittled down for each of the six months where data was released subsequently. There is downward revision in net enrolment numbers that range from 6 percent to 21 percent for each of the months between September, 2017 and March, 2018. In the budget speech, Finance Minister cited that "an independent study conducted recently has shown that 70 lakh formal jobs will be created this year". But in reality, there is no scope for his expectation. The Ministry of Statistics and Programme Implementation, in its

latest report, said the levels of employment are from various sources, there are elements of overlap and the estimates are not additive. I would request the Government to take immediate steps for an atmosphere for generation of more employment in rural and urban India, so that the people of the country get their livelihood.

## (xix) Need for relaxation of norms under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana

SHRIMATI PRATYUSHA RAJESHWARI SINGH (KANDHAMAL): This is a major challenge for the entire state of Odisha more so for the Aspirational Districts like Kandhamal, Nayagarh & Boudh. The State Government has identified the unconnected habitations. Government of India may provide special dispensation for connecting the unconnected habitations even by way of relaxation of the norm for coverage under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana. According to PMGSY guidelines, connectivity and up-gradation of existing damaged roads connecting habitations having populations of 250 IAP District and 500 and above in non-IAP Districts are eligible for sanction. In order to facilitate medial care and better all weather communication, Government of India may consider to relax the norms for providing connectivity and up-gradation of existing roads connecting habitations having population of 100 and above as being done for 38 LWE Blocks in the State. The smaller habitations with population less than 100 may be covered by adopting cluster approach and distance criteria of 1.5 K.M. in hilly area and .5 KM in non-hilly area may also need some relaxation.

Government of Odisha have proposed to provide special dispensation for connecting the un-connected habitations and up-gradation of existing roads by way of relaxation of the norms for coverage under PMGSY as is being done for LWE Blocks. Ministry of Rural Development may consider the proposal of the State Government of Odisha.

**(xx) Need to continue existing arrangement of catering system on railway platforms**

SHRI ARVIND SAWANT (MUMBAI SOUTH): On all Railway Platforms, there are arrangements in existence for decades that stall holders provide vending/catering services to Railway passengers through their allotted sub units i.e. trolleys, khomchas and vendors so that the passengers are not deprived of facilities when trains are stationed/halted at long platform and moving vending trolleys are able to reach upto both the end of the long trains having upto 22-24 coaches.

Therefore, it would be desirable not to disturb the existing arrangements of catering/vending existing in Indian Railways. The small vending contractors are having four-five stalls/units only. And they may be allowed to continue under policy 2010 but not more than ten stalls be permitted. The provision in the policy is to allow ten number of units in one zone i. e. 160 units on Railway platforms to one licensee.

Therefore, I would request the Railway Minister that the existing policy be continued and the present Government implement such arrangement in larger public interest.

**(xxi) Regarding construction work along Indo-Bangladesh border**

SHRI MD. BADARUDDOZA KHAN (MURSHIDABAD): Once the river Padma was flowing inside Indian Territory before 1996 in Madhugari Gram Panchayat area under Karimpur — 1 Development Block in the district of Nadia, West Bengal. But between the years 1996 and 2003 it suddenly changed its course and started flowing through Bangladesh. Due to the erosion and re-alignment of Indo-Bangladesh demarcation line, 3500 acres of Indian cultivable land falling within limits of Madhugari Gram Panchayat have been found to have emerged as the "Fertile Char land" to the north of river Padma within India. Now the Indian cultivators had so long been earning their livelihood by cultivating this huge land. I got to know that the Government is going to undertake re-construction work of the Border Road and fencing along the southern side of the present course of the river Padma far from Indo-Bangladesh demarcation line.

My request to the Government is that the construction work should take place at a distance of 150 meters from Indo-Bangladesh Radcliffe line of demarcation.

## (xxii) Regarding reversal of reservation roster for recruitment in Universities and Colleges

**श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) :** उच्च शिक्षा में शिक्षक नियुक्त के लिए पदों के विवरण प्रणाली यानि रोस्टर को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देशात्मक आदेश को आधार मानकर मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने पत्र संख्या 1-7/2017/CV, दिनांक 6 दिसम्बर 2017 के द्वारा यू.जी.सी. को निर्देश दिए गए। निर्देश के आलोक में देशभर के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को निर्देश दिया गया कि एक महीने के भीतर सभी शैक्षणिक संस्थानों में विभागवार रोस्टर बनाया जायेगा एवं विभागवार रोस्टर लागू होने के फलस्वरूप आरक्षित सीटों की संख्या 50 प्रतिशत से घटकर मात्र 5 प्रतिशत रह गई है। इस सर्कुलर का परिणाम यह है कि विभागवार पदों के विज्ञापन से वंचित शोषित तबके के लोगों के लिए विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षक बनने की संभावनाएं हमेशा के लिए कमोवेश खत्म हो गई है, क्योंकि विभागवार रोस्टर बनाये जाने से किसी भी विभाग में आरक्षण नहीं बचेगा। विभागवार रोस्टर लागू होने से विभागों से लेकर उच्च शिक्षा तक में संवैधानिक प्रक्रिया प्रभावित हो गयी है एवं आरक्षित वर्गों की संख्या नगण्य हो गयी है। आरक्षण विरोधी विभागवार यह नीति इंदिरा साहनी केस से लेकर आर.के. सब्बरवाल बनाम पंजाब राज्य व अन्य ऐसे तमाम मामले में न्यायालय के संवैधानिक व हिस्सेदारी के प्रावधानों का उल्लंघन करती है और संवैधानिक प्रावधान के विरूद्ध है। उच्च शिक्षा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण 1997 में और ओबीसी के लिए आरक्षण 2007 में लागू हुआ एवं उसके बाद से ही स्थाई नियुक्तियां कमोवेश बंद रही एवं जैसे ही ये आरक्षण विरोधी रोस्टर आया, सभी जगह नियुक्तियां की जा रही है तथा वे सभी आरक्षित पद जो एक साल पहले ही सृजित हुए, वे विभागवार रोस्टर से समाप्त हो गए हैं। 5 मार्च के सर्कुलर के विरोध में सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने स्वयं सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर किया है। सूचना के अधिकार के तहत यू.जी.सी. ने बताया कि रोस्टर का मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है, लेकिन न्यायालय में

विचाराधीन होने के बाद भी देशभर के विश्वविद्यालय लगातार विभागवार रोस्टर लागू कर विज्ञापन जारी कर नियुक्त करते जा रहे हैं, जो न्यायालय की अवहेलना है। ऐसे में उच्च शिक्षा के संवैधानिक चरित्र को बचाए रखने के लिए यह जरूरी है कि सरकार एक विधेयक लाकर विभागवार रोस्टर संबंधी फैसले को निरस्त करे एवं उच्च शिक्षा तक समाज के वंचित शोषित तबके के लिए संभावनाएं बचाए रखें।

अतः सरकार से मांग है कि समाज के शोषित-वंचित तबकों के हित एवं आरक्षण के संवैधानिक प्रावधानों की रक्षा करते हुए अविलंब रोस्टर प्रणाली रद्द करते हुए इसी सत्र में विधेयक लाकर कानून बनाया जाए।

## (xxiii) Need to make Punjabi language as an official language of Chandigarh

**श्री धर्म वीर गांधी (पटियाला):** मैं सरकार का ध्यान इस अति दुखद तथ्य की तरफ दिलाना चाहता हूँ कि चंडीगढ़ शहर पंजाब के दर्जनों गाँवों को उजाड़कर पंजाब की राजधानी के तौर पर विकसित किया गया था जिस पर पंजाब का नैसर्गिक अधिकार है। यह हमारी पहचान ही की नहीं, हमारी सभ्यता सरकार व संस्थाओं तक संस्कृति का भी केन्द्र है।

परंतु दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि हमारी अपनी ही राजधानी ने हमारी मातृभाषा का तिरस्कार करके, अंग्रेजी भाषा, जो कि भाषाओं सूची में दर्ज भी नहीं है और हिंदी भाषा, जिसे भारतीय संविधान राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं देता, उन भाषाओं का वर्चस्व कायम किया जा रहा है। जो हम सभी पंजाबियों को कतई मंजूर नहीं है। सरकार से अनुरोध है कि हमारी मातृभाषा पंजाबी को हमारी राजधानी में सरकारी भाषा का दर्जा दिया जाये और शिक्षा, सरकारी कामकाज व न्याय प्रणाली में इसके उपयोग को वरीयता दी जाये।

## (xxiv) Need to review the order of ESIC regarding Super Speciality Medical treatment

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): The ESIC imposed conditions such as two years with 156 attendance out of that two contribution period not less than 78 attendance and continuous remittance of four contribution periods for providing super speciality treatment for insured persons and their dependent vide order no. V- V14/11/5/20 I 2/Med I (policy) dated 07-11-2016 and letter no. V- 14/11/5/2012/Med I dated 09-03-2017. Due to the implementation of the order most of the insured persons have been deprived of the benefit of super speciality treatment. The cashew workers and other weaker section of the insured persons have been deprived of the benefit of Super Speciality Treatment (SST). ESI is for the benefit of workers. The order of the Corporation deprivings the poor workers from the purview of SST is not justifiable.

Hence, I urge upon the Government to initiate immediate action to withdraw the said order and restore the earlier conditions prior to the order for SST of insured persons and their dependents.

## (xxv) Need to construct subway at Mudicade and a vehicular underpass of Mullakkara Centre-Mulayam Road Junction on National Highway-47

SHRI C. N. JAYADEVAN (THRISSUR): Along the new Mannuthy-Vadakkanchery six-lane NH-47 currently under construction, there is no provision for subways at Mudicode and Mullakkara Centre-Mulayam Road Junction. These are two important centres serving as hub for several institutions and places of worship such as schools, hospitals, temples churches etc. frequented by thousands of students and other common people every day. With the construction of this six lane highway, the area will be divided into two. Mullakkara Centre-Mulayam Road Junction will turn into a death trap for those who attempt to cross the highway. Even when it was a four lane highway, hundreds of accidents have taken place and people died on this stretch of highway. The State Human Rights Commission has ruled that a subway be built at Mullakkara centre- Mulayam Road for the people to cross the highway safely. I had been representing the matter to the Union Minister since November last year but only this May the minister has replied that my demand has been forwarded to the CCM (Kerala) NHAI for necessary action. The work on this stretch of the NH- 47 is almost complete and the last stage of the work is at a standstill due to delay in taking the decision on taking up the construction of these two Under Passes.

I, therefore, urge upon the Minister to intervene immediately and make provision for constructing a sub way at Mudicode and a Vehicular Under Pass (VUP) at Mullakkara Centre-Mulayam Road Junction across this six-lane NH-47.

---

**14 32 hrs**

**PREVENTION OF CORRUPTION (AMENDMENT) BILL, 2018**

HON. DEPUTY SPEAKER: Now, we are taking up item no. 17.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION, MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS, MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY AND MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SPACE (DR. JITENDRA SINGH): Sir, with your kind permission, I beg to move:

> "that the Bill to further amend the Prevention of Corruption Act, 1988, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

Sir, as you know, the Prevention of Corruption Act was enacted in 1988. The history of the present Bill which we are moving for consideration is also about five or six years long. This Bill was first introduced by the earlier Government in 2013 and it was introduced in the Rajya Sabha. The then Government in their discretion and wisdom and rightly so, thought that with the passage of time, certain amendments and modifications were required. In fact, this Bill was inspired by the idea of bringing a paradigm shift in defining the offences related to bribery including the active bribery which includes the bribe giver. जैसा कि आदरणीय सदस्यों के ध्यान में है कि रिश्वत देने वाले के ऊपर कभी कोई कार्रवाई नहीं हुआ करती।

So, there is a whole lot of shift from the earlier conventional thought as far as prevention of corruption is concerned, which also included bringing into the gambit the 'bribe giver' -- the active briber. At the same time, there is coercive bribing. कभी-कभी कोई व्यक्ति रिश्वत देने के लिए मजबूर हो जाता है। उसके लिए क्या सेफगार्ड हो, यह प्रावधान भी इसमें हो। यदि वह एक सप्ताह के भीतर अपनी शिकायत दर्ज करता है, तो उसको प्रोटेक्शन दी जाए।

As I said, this Bill was introduced by the earlier Government and on the advice of the Members of the Rajya Sabha, it was sent to the Parliamentary Standing Committee on 6th February, 2014, during the earlier Government itself. The Report came back from the Standing Committee which was then headed by Shri Shantaram Naik. It was then referred to the Law Commission headed by Justice A. P. Shah. It came back on 15th February, 2015.

After a brief discussion, it was then sent to the Select Committee after a brief discussion, which was headed by late Shri Anil Dave. It came back from the Select Committee in 2017 along with the amendments which had been studied by the Government, and in the amended form it was introduced in August 2017. There was also a brief discussion in 2015 when it was first introduced. After that, the Bill was repeatedly listed in the Rajya Sabha in 2017 but somehow the discussion could not happen.

The present situation, Sir, is that on 19th of July, 2018 the Bill went through an elaborate discussion in the Rajya Sabha. It was then discussed and there were about 27 speakers. And in the amended form today we are now introducing it in the Lok Sabha for consideration and passing.

Sir, this is also a reflection of the hon. Prime Minister's commitment of zero tolerance towards corruption. You would also recall that when this Government took over one of the earliest declarations made by the Government was 'Maximum Governance, Minimum Government'. When we go ahead to pursue this objective, essentially it will involve improvement in governance, increased citizen centricity, increased transparency, increased accountability. Therefore, these two main aspects have been simultaneously taken care of in this Bill: (a) Making the corruption law more stringent and wide based, as I said, active bribery, bribe giver also being included; and (b) at the same time, also ensuring enough safeguards for those of the public servants and officers who are performing their duty with honesty so that unwarranted intimidation does not kill their initiative. So, we have introduced also in this Bill the provision of timeline for prosecution. वरना आम तौर पर समाज में यही चर्चा रहती थी, कोई मुकदमा दायर हो जाता है, ऑफिसर रिटायर हो जाता है, कई बार उसका स्वर्गवास भी हो जाता है, लेकिन केस का फैसला नहीं होता है, and we do not achieve the desired purpose. We have now fixed a timeline of two years for the decision to be given.

Similarly, before proceeding against any officer, prior permission, which was earlier available only at the level of Joint Secretary and above, is now available at all levels. The permission has to be obtained within three months.

Similarly, while following the policy of zero tolerance towards corruption, as I said a very conscious effort has been made also to provide a work friendly, unintimidated environment for those who are working without the allurement of

corruption with all the ability at their command. I am sure the hon. Members will unanimously come forward to support this effort because you would realise that this Bill is thirty years old and with the passage of time, with the new realisations and new experiences we have come out with certain modifications.

The ultimate war against corruption will happen only when the society becomes incorruptible, the nation becomes incorruptible. That is the most ideal situation. But till then we will have to keep bringing in these modifications. We might have to bring such amendments in future as well but as of today, by our wisdom, by our experience, and by the kind of prevailing circumstances, the best modifications that could be thought of have been sought to be brought in.

I request that the Bill may be taken into consideration and be passed. Thank you.

HON. DEPUTY SPEAKER: Motion moved:

> "That the Bill further to amend the Prevention of Corruption Act, 1988, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, I rise to dwell on the legislation under the nomenclature “The Prevention of Corruption (Amendment) Bill, 2018”.

Hon. Minister, we are certainly with you in the fight against corruption. But we also need to enlighten you that more legal teeth should be added to this legislation.

You are talking about paradigm shift. You are talking about zero tolerance. It is very much encouraging to note it but in reality, the situation is diametrically opposite. So far as International Amnesty’s report is concerned, India has been ranked 81st in Corruption Perception Index. You are talking about zero tolerance and maximum governance but I will say that we are going in the age of maximum corruption and minimum prevention. Chanakya tells us that it is impossible to know when and how much wateris drunk by a fish. Similarly, in our society also, stealing of government funds and public funds have been continuing unabated.… (*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: I don’t want any comments like this. Let him speak.

… (*Interruptions*)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** वित्त मंत्री अरुण जेटली साहब ने खुद कहा है कि इस भ्रष्टाचार विरोधी कानून के कारण हमें अनिर्णय का शिकार होना पड़ा। यह मैं नहीं खुद अरुण जेटली जी कह रहे हैं। इस प्रकार यह इनकंसिस्टेंसी आपके पास है, मेरे पास नहीं है। हम समर्थन जरूर करते हैं, but it has to be seen that आज के जमाने में विजय माल्या से ले कर, ललित मोदी, ललित मोदी से ले कर नीरव मोदी, नीरव मोदी से ले कर मेहुल चोकसी, ये क्या करप्शन के मामले नहीं हैं? इस

करप्शन को रोकने के लिए क्या आप कुछ कर पाए हैं? आप ज़ीरो टॉलरेंस की बात करते हैं। पैराडाइम शिफ्ट की बात करते हैं, लेकिन घोटाले पर घोटाले चलते आ रहे हैं। इसलिए मैं आपसे यह कहना चाहता हूँ कि Corruption in India is perpetual and pervasive whereas prevention is spasmodic and evasive till now. India has been transforming under your leadership from the land of saints to the land of swindlers; from the land of *fakirs* to the land of fraudsters. You cannot deny that. मैं आपको यह कहना चाहता हूँ कि जब हमारे नेता राहुल गांधी जी कह रहे थे कि राफेल डील के बारे में हाऊस के अंदर सब कुछ उजागर किया जाए, तो आपकी तरफ से उनके खिलाफ प्रिविलेज मोशन लाने की कोशिश की जा रही थी। आप क्यों इतना डरते हैं? क्योंकि राफेल डील कोई ऐसी डील नहीं है, जिसके बारे में जानकारी देने पर कोई आसमान टूट पड़ेगा। जब सीएजी जानकारी मांगेगी, तब आपको देनी पड़ेगी, खास कर जब वह डैसल्ट एविएशन कंपनी है, वह आपके एन्युअल रिपोर्ट में इसके दाम कहलाएंगे तो राफेल डील के अंदर आप इतने भयभीत क्यों हैं कि उसके बारे में कुछ भी उजागर नहीं करना चाहते हैं और दबा कर, धमका कर, डरा कर हम लोगों को चुप कराना चाहते हैं। इसमें आपकी मंशा साफ हो रही है कि करप्शन के खिलाफ आप लड़ने में सिंसियर नहीं हैं, आंतरिक नहीं हैं। देखिए अगर आप करप्शन के खिलाफ लड़ना चाहते तो आज तक लोकपाल इस हालत में नहीं होता। आप खुद बताइए कि लोकपाल का यह हाल क्यों हुआ है? एक साल दो साल, जाते-जाते चार साल, फिर कहाँ गया हमारा प्यारा लोकपाल? अभी सफेद होने लगे मेरे बाल, आप कह रहे हैं कि जल्दी करो मत, लोकपाल जरूर आएगा, आज नहीं तो कल। यह कल-कल करते-करते और कितने कल हमें रुकना पड़ेगा? यह जवाब आपको देना पड़ेगा, क्योंकि आप जो कह रहे हैं कि पब्लिक सर्वेंट को भयभीत होने से मुक्त कराने के लिए यह विधेयक लाया गया है तो यह मान लीजिए कि केंद्रीय सरकार का कोई कर्मचारी हो, उसके खिलाफ कार्यवाही करने के लिए आपको लोकपाल से इजाजत लेनी पड़ेगी। अगर सूबे की सरकार में किसी नौकरशाह के खिलाफ कोई कार्यवाही करनी होगी तो उसको लोकायुक्त का सहारा लेना पड़ेगा। आप यह बताइए

कि  न तो आपके ऊपर लोकपाल है और न नीचे लोकायुक्त है, फिर आप बात करते हैं कि  आप करप्शन को रोकेंगे, आप नौकरशाही को काम करने देंगे। उसके बाद भी आप पारदर्शिता की बात कर रहे हैं। मैं यह नहीं चाहता कि नौकरशाही को डर और भय के माहौल में काम करना पड़े। ऐसा नहीं होना चाहिए, लेकिन फिर भी आपको इस दुविधा को दूर करना चाहिए और आपको अपनी हर एप्रोच में स्पष्ट होना चाहिए, मेरा यह कहना है। मैं आपको सिर्फ दो चीजों का हवाला देता हूँ।

The Standing Committee was of the opinion that laws like the Right of Citizens for Time-bound Delivery of Goods and Services and Redressal of their Grievances Bill, 2011 and the Whistleblowers Protection Bill, 2011, pending in Parliament should be enacted. This would address concerns of persons forced to give bribes to access services from the State and encourage them to report acts of corruption respectively.

This means, there is no dearth of anti-corruption legislation at your disposal but the fact is that you are not applying those anti-corruption legislative instruments that you have in your possession. There lies the lacuna which needs to be rectified which needs to be corrected.

You have not defined ‘corruption’ and ‘corrupt practices’ anywhere in the Bill. The Second Administrative Reforms Commission has recommended classification of distortion and democratic institution and violation of oath of office as acts of corruption but they are not included in the amended Bill. Phrases such as ‘relevant expectation’ and ‘improper performance’ are vague and subject to abuse when variedly interpreted.

You have already mentioned that there are two types of bribe-givers: the first is consensual and the other is under coercion. But you should differentiate

both types of bribe giving episodes. You cannot treat them under the same umbrella. In the US, there is a protection for the coercive bribe. So, you should also apply this kind of immunity to exempt those people from being punished. मान लीजिए आप अपने बच्चे को साथ लेकर अस्पताल गए हैं। आपका बच्चा दर्द से तड़प रहा है। आप अस्पताल में अपने बच्चे को भर्ती नहीं करा पा रहे हैं। आपके पास कोई व्यक्ति आता है और वह कहता है कि आप कुछ पैसा दीजिए, कुछ रिश्वत दीजिए, हम आपके बच्चे को भर्ती करा देंगे। उसके बाद आप क्या करोगे, आप अपने बच्चे को भर्ती कराओगे? इसके बाद अगर आपके खिलाफ कोई कार्रवाई की जाए तो वह गलत होगी। Both the coercive and consensual bribe-givers should not be treated and tried on the same footing.

The same applies to the demand side also. If a public official receives a bribe under threat but reports to the competent authority, he should be immune from prosecution. We are agreeing to that.

The power of approval to confiscate property of a corrupt public servant lies with the Government; instead, it should have been transferred to the head of the investigating agency to enhance the effectiveness of the Act.

Currently, known source of income are limited only to those which have been intimated in accordance with the provision of any law, rules, or orders for the time being applicable to a public servant. The provision was made in 1998 in order to cover an earlier loophole whereby many accused persons would cite fresh sources of income at the time of trial resulting in acquittal in a large number of disproportionate asset cases. Strangely, the Government proposes to delete this requirement without recommendation to this effect from any stakeholder. Thus, the big offenders have secured a vital escape route for

themselves. The civil servant lobby has managed to bring the single directive. This refers to an older government order – the order may be older – that no senior officer could be investigated without permission from the Government.

You have also referred to it. In the famous Vineet Narain judgement, the Supreme Court in 1997 had held this order as illegal. The Government brought it back, this time as provision of law, in 2003.

Finally, as recently as 2014, a Constitutional Bench of the Supreme Court held that this provision was unconstitutional. I would reiterate, as recently as 2014, a Constitutional Bench of the Supreme Court held that this provision was unconstitutional as it has violated the right to equality. This immunity clause is back for the third time.

Sir, your colleague, *…*[*] also cited that a sinister design is being committed by this Government to dilute the efficacy aspect of the Prevention of Corruption Act.… (*Interruptions*)

**श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा):** उपाध्यक्ष जी, ये किसी का नाम ले रहे हैं।…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** हम क्वोट कर रहे हैं।…(व्यवधान)

**श्री निशिकान्त दुबे :** सर, इन्हें अपनी बात वापस लेनी चाहिए। आप उसे एक्सपंज कर दीजिए, क्योंकि इन्होंने किसी का नाम लिया है।…(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY : The Bill makes it more difficult. …(*Interruptions*)

**डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण):** सर, ये किसी का नाम कैसे ले सकते हैं?…(व्यवधान)

---

[*] Not recorded.

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** इनके पास रूल्स एण्ड प्रोसीजर्स की बुक है।…(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: If there is any allegation, I will expunge it.

… (*Interruptions*)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY : The Bill makes it more difficult to hold someone guilty of disproportionate assets as it raises the threshold of proof. Under the existing law, the possession of monetary resources or property disproportionate to the public servant's known sources of income is enough to prove corruption. Now, the prosecutor will also have to prove that this disproportionate asset was acquired with the intention of the public servant to enrich himself. How do you define that there is a sinister intention of any Government servant behind aggrandisement, behind the accumulation of wealth? However, the Select Committee of the Rajya Sabha observed that proving intention should not be made mandatory.

बिल है। वह हर किसान के घर में जाते थे और कहते थे कि आप अपना इलेक्ट्रिसिटी का बिल दे दो, हम इसे भर देंगे और बैंक में जो पैसे गए, वे सारे पुराने नोट गए। उनके बिल का भुगतान हो गया, पुराने नोट बैंक में गए और अब चुनाव जीतना तो आसान हो गया। एक पार्टी ने बिल भर दिया, अगर उनका नाम लें तो बुरा लगेगा, क्योंकि उस झगड़े में मुझे नहीं जाना है।

यह जो बात है, वह क्या है? इसे सभी जानते हैं। हाल ही में जितने भी चुनाव हो रहे हैं, सत्ता पक्ष दिल से कहे कि अगर आप करप्शन के खिलाफ हो तो आप कैसे चुनाव लड़ते हो? मुझे आपसे एक और निवेदन करना है। हमारे उद्धव साहब ठाकरे जी ने हाल ही में कहा था कि देश के प्रधानमंत्री जब प्रधानमंत्री बनते हैं तो वह पार्टी के नहीं रहते हैं, वह देश के प्रधानमंत्री रहते हैं। किसी राज्य का मुख्यमंत्री जब उस राज्य का मुख्यमंत्री बनता है तो वह पार्टी का नहीं रहता है, बल्कि राज्य का मुख्यमंत्री बनता है। उसी के बीच में जब हम चुनाव लड़ते हैं तो चाहे प्रधानमंत्री हो या मुख्यमंत्री हो, अपनी-अपनी पार्टी के चुनाव के प्रचार के लिए जाते हैं। उनके प्रचार की जो सभाएँ होती हैं, वे सभाएँ कैसे होती है, वे रैलियाँ कैसे होती है, उन रैलियों का खर्चा कौन करता है? अगर देश के प्रधानमंत्री चुनाव लड़ते हैं और वे अपनी पार्टी के चुनाव के लिए राज्य में जाकर रैली करते हैं तो उन रैलियों में जो खर्चा होता है, उसे कौन करता है? एक बार जनता को तो पता चलने दो। उसे पार्टी करती है या हमारे देश की तिज़ोरी से खर्च होता है। अगर वह देश की तिज़ोरी में से खर्चा होता है, तो आप एक पार्टी के प्रचार के लिए देश का पैसा खर्च करते हैं। पहले इन्होंने किया होगा और अब हम कर रहे हैं। जब हम सभी सांसद तथा विधायक किसी रेस्ट हाऊस में जाते हैं तो हमें रेस्ट हाऊस में जगह नहीं दी जाती है। ऐसा कहा जाता है कि अभी चुनाव है, कोड ऑफ कंडक्ट लगा है इसलिए रेस्ट हाऊस नहीं मिलेगा। हम कहते हैं कि भइया हमें कपड़े बदलने हैं, लेकिन वे बोलते हैं कि अभी आपको कुछ भी नहीं मिलेगा। आप यहाँ से निकलो। यह कौन-सा डिसक्रिमिनेशन है? क्या यह कोई जनतंत्र का चुनाव है--ग्राम पंचायत से लेकर लोक सभा और

राज्य सभा में आएगा तो पूछिए ही मत सभी…* का हाउस मतलब राज्य सभा, विधान परिषद का मतलब…* का हाउस। इस देश के जितने भी बड़े रईस लोग हैं, वे…* में होंगे या फिर…* में होगें। वह कहाँ से आते हैं? हर पार्टी अपने-अपने लिए ले लेती है, यह भी तो करप्शन है।

महोदय, हॉस्पिटल में एडमिशन के लिए जाओ, हॉस्पिटल का ज्यादा बिल बना, इसे कम कर दो, यह भी करप्शन है। डॉक्टर अंडर टेबल पैसे माँगता है, यह भी करप्शन है। ऑपरेशन करना है, खर्चा ज्यादा है, इसे कम करो, अंडर टेबल पैसे दे दो, यह भी करप्शन है। कौन-सी ऐसी जगह है, जहाँ करप्शन नहीं हैं।

महोदय, मैं इस बिल का स्वागत करता हूँ। यह कागज पर तो बहुत अच्छा लगता है। आपने नोटबंदी की, आप जो नोटबंदी लाए थे, उसकी धारणा तथा उसका ध्येय क्या था?

धारणा यह थी कि ब्लैक मनी हटेगी, कम हो जाएगी, करप्शन कम हो जाएगा, आतंकवाद कम हो जाएगा। आप अपने दिल से कहो कि क्या आपके ये तीनों उद्देश्य सफल हुए, क्या आतंकवाद कम हुआ? …( व्यवधान) 600 लोग कैसे मरे, जवान कैसे मरे? …( व्यवधान) थोड़ी तो शर्म करो।…( व्यवधान) इन सारी चीजों में हम फेल हुए हैं। हम फिर भी बाते करते हैं। जुमला-वुमला छोड़ो, मैं उसमें नहीं जाना चाहता हूं। प्रधान मंत्री जी अपने प्रधान मंत्री पद का त्याग करके उस समय के लिए चुनाव में एक सांसद बनकर प्रचार करें, तब समझ में आएगा कि कहां से पैसा आता है। सत्ता का दुरुपयोग, इसमें लिखा है, आप पब्लिक सर्वेन्ट की परिभाषा करिए, क्या हम पब्लिक सर्वेन्ट नहीं हैं? वे प्रधान सेवक हैं, हम जनता के सेवक हैं। सारा खर्च जो होता है, वह पैसा कहां से आता है? आपने देखा कि तमिलनाडु में क्या हुआ? वहां भी कितनी तकलीफ है। अभी एक चुनाव हुआ। उस चुनाव में दूसरे चुनकर आए, कैसे आते हैं, भगवान जानते हैं, कहां से नोट लाते हैं, भगवान जानते हैं। नोटबंदी है, फिर भी नोट आते हैं, कैश हैंडलिंग चालू है। अभी हाल ही में पुराने नोट के साथ लोग पकड़े गए। यह समझ में नहीं आता कि इतनी बंदी करने के बाद अभी तक लोगों

---

* Not recorded

ने नोट कैसे रखे? 500 रुपये के नोट अभी भी करोड़ों के मिलते हैं। मैंने एक आदमी को पूछा कि कैसे मिलते हैं, ये लोग इसका क्या करते हैं? वह बोला कि नेपाल में लेकर जाते हैं। वहां वे नोट चलते हैं, फिर वहां से यहां वापस व्हाइट होकर आते हैं। यह क्या तरीका है? …( व्यवधान) कथनी और करनी में फर्क है। कथनी तो है सच्चाई की, लेकिन करनी नहीं है। करनी में तो हम खुद इतने करप्ट हैं कि पूछो मत। हर चीज में  पैसा देकर ही काम होता है। इन्होंने हमारे महाराष्ट्र में एक घोषणा की थी कि वाल्या का बाल्मीकि हो जाएगा। आप जानते हैं कि रामायण में वाल्या था, जो लूटता था। बाद में वह संत बना, तो बाल्मीकि बना। जितने भी …* जितने भी भ्रष्ट लोग हैं, आ जाओ हमारे पास, उसी दिन वह बाल्मीकि बन जाता है। यह सुधारने का कौन सा तरीका लाए हैं? क्या यह लोगों को सुधारने का तरीका है? एक तरफ आप कहते हैं कि उनको जेल में डालेंगे, सात वर्ष जाना पड़ेगा, तीन वर्ष जाना पड़ेगा। अगर वह तुम्हारे पास आ गया, तो शुद्ध हो गया।

एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट के पास कितने केसेज पेंडिंग हैं और किसके हैं? राजनीतिक दलों के जो भी प्रमुख उसमें हैं, उनको कहा जाता है कि हमारे पास आ जाओ, तुम्हारा ईडी का केस नहीं चलेगा। ये भी करते थे, वह आप भी कर रहे हैं। इस बात का दुर्भाग्य है। जब बिल का स्वागत करते हैं, तो मुझे लगता है कि उद्देश्य क्या है? उद्देश्य अच्छा है, लेकिन हमारी राह क्या है? हमारी राह ठीक नहीं है, हमारी विचारधारा ठीक नहीं है, हमारा आचरण ठीक नहीं है। कैसे बोल सकता है मेरा एक नेता कि पुराने नोट लेकर आओ, मैं उसे ठीक करके देता हूं। कैसे बोल सकता है मेरा एक नेता कि तुम वाल्या हो, हमारे पास आ जाओ, बाल्मीकि बन जाएंगे? यह क्या तरीका है? बस सत्ता, सत्ता और सत्ता, इसके सिवाय कुछ नहीं। पावर से कुछ भी कर सकते हैं। साम, दाम, दण्ड, भेद, चाणक्य की सारी नीतियों का आचरण आज करते हैं।

मैं एक मांग करता हूं। आपकी कंट्रोलिंग अथॉरिटीज हैं, सेबी है, आईआरडीए है, टीआरएआई है। वे जिओ का मोबाइल लेकर प्रधान मंत्री जी की तस्वीर छापते हैं। मैंने कमेटी मीटिंग

---

* Not recorded

में यह विषय उठाया। प्राइवेट कंपनी की कैसे यह हिम्मत पड़ती है? कितना फाइन हुआ, मालूम है आपको? जिओ वाला बड़ा गरीब आदमी है, उसको आपने डेढ़ सौ रुपये फाइन किए। अंबानी को, नाम लेने में डर क्या है, जिओ कौन है, क्या पता नहीं है? प्रधान मंत्री की छवि लेकर इश्तहार करते हैं। मैंने पूछा कि उसको कितना फाइन हुआ? गरीब है बेचारा, फाइन डेढ़ सौ रुपये। क्या तरीका है अपना? टू जी, थ्री जी इन्होंने सारा घोटाला किया, लेकिन टू जी, थ्री जी की वजह से एमटीएनएल डूब गई, तो एमटीएनएल डूबने के बाद क्या आपने उनको सुधार दिया, क्या एमटीएनएल को आपने पैसे दे दिए, क्या बीएसएनएल को आपने पैसे दे दिए? …(व्यवधान) सामने वाले आकर सारा लूट रहे हैं। जो संस्था नई है, उसे एमीनेंस का नाम दे दिया, इंस्टीट्यूट ऑफ एमीनेंस। बीएसएनएल, एमटीएनएल डूब गया, किसके कारण? इनकी नीति गलत थी, मैं मानता हूं। टू जी, थ्री जी स्कैम हुआ, लेकिन आपको सुधारना है या उनको और डुबाना है। आप तो उनके गले में और पत्थर डालते हैं कि डूब जाओ, ताकि मैं जिओ को दे दूं।

कोयले के संबंध में आपने कहा कि 24 घंटे बिजली मिलेगी। कौन कोयला लाता है? आप कोयला निकालो तो सही। क्यों आप आस्ट्रेलिया से कोयला लाए? आस्ट्रेलिया कौन गया था, क्यों गया था, क्यों आस्ट्रेलिया से कोयला लाना पड़ रहा है? भ्रष्टाचार की बातें करना आसान है, लेकिन आचरण करना बहुत मुश्किल है।

सेबी, पैन कार्ड का विषय मैंने यहीं लिया था, बाद में मैंने पत्र लिखे। आदरणीय वित्त मंत्री जी ने उस पर कार्रवाई की। आज तक पैनकार्ड के गरीब लोग है, उनको आज तक पैसा नहीं मिला, सेबी काम करती है, टीआरए काम करता है, आरडीए काम करता है, नहीं करता है। पब्लिक सर्वेंट की डेफीनेशन होनी चाहिए। मैं कहता हूं, वह भी ले लो, फर्क नहीं पड़ता, हिम्मत है तो करो। फिर पता चलेगा कि हम कहां हैं और वे कहां हैं, कौन किसके पास है। अर्बन डेवलपमेंट के मिनिस्टर कौन हैं, माननीय मुख्य मंत्री उसके मिनिस्टर हैं, फिर पता चलेगा इसलिए मैं कहता हूं कि इसे ले लो। रेरा लेकर आया, धंधा डूब गया, अब सारे लोग परेशान हैं, वह बेचने जा रहे हैं। मैंने सुबह ही विनती की थी कि मुझे एक सवाल उठाने दी जाए, हमने झुग्गी-झोपड़ी का सवाल उठाया था। मुंबई

में पोर्टर्स हैं, मुंबई पोर्टर्स की जगह झुग्गी-झोपड़ी हैं। उन झुग्गी-झोपड़ी का कौन करेगा, वहां आप परमिशन ही नहीं देते हैं। आप झुग्गी-झोपड़ी को आवास देने वाले हैं, उनको प्रधान मंत्री आवास योजना कहां से मिलेगी। प्रधान मंत्री जी के पास फाइल पड़ी है। जब हम भ्रष्टाचार पर उंगली उठाते हैं, आचरण भी उसी दिशा में जाना चाहिए। अगर आचरण हो जाता है, मंत्री जी बहुत अच्छे इंसान हैं, जो खुले दिल से बात कही है। मैं आपको दंडवत करता हूं। सारे लोग बुरे नहीं होते हैं, अच्छे लोग हैं तभी दुनिया चल रही है। जो आपके दिल में है, उसका परिणाम प्राप्त करना चाहते हैं, Charity begins at home. पहले चुनाव वे शुरू कीजिए, Election is a den of corruption. Admission in school is a den of corruption. You should start the process of prevention of corruption from admission in school to election. जब तक वह सुधार नहीं होता-आप कितने भी बिल लाइए, आपका भी चुनाव में पैसा लगेगा। बोलेंगे, मरने दो, छोड़ दो, इधर दे दो, इन्हें बाद में देखेंगे, ये सारी चीजें होती रहती हैं। मैं आपसे विनती करता हूं। इस बिल का स्वागत करता हूं अगर सही में इस बिल का इम्प्लीमेंटेशन हो गया तो कुछ नहीं होगा। फिर दोबारा वही बात होगी। कागज के फूल सुगंध नहीं देते। धन्यवाद।

**16 13 hrs** (Shri K.H. Muniyappa *in the Chair)*

*SHRI N. KRISTAPPA (HINDUPUR): Hon'ble Deputy Speaker Sir, I thank you for giving me an opportunity to speak on Prevention of Corruption (Amendment) Bill, 2018. As mentioned by my colleague, corruption is everywhere from school admissions to elections. There is no governance without corruption. It is true. If we draft a bill with commitment and implement it sincerely without expecting political gains, only then we can get rid of corruption. Only then we can have honest Governments. If we lack sincerity, that will not benefit people. We should remember what BJP declared before elections, that they will bring black money back from foreign countries within 100 days. We waited for four years and now we are in fifth year. We don't know whether you can bring back black money or not? But I would like to inform that our white money is going out of our country.

Shouldn't this Government be honest? If our money is being stashed away in foreign countries, what is being done by this Government to control it? This Government realized the need for this bill, after rampant corruption took place and our money got stashed in foreign countries. Had this Government realized the need for this bill earlier, we could have stopped persons like Nirav Modi & Lalit Modi from looting thousands of crores of our money and from fleeing this country. This Government should answer, why this bill was not brought earlier?

---

* English translation of the speech originally delivered in Telugu

In our State opposition leader is charged with 11 corruption cases and CBI filed charge sheet against him in a 42,000 crore scam. These cases are still pending in courts. But A1 and A2 are roaming freely even after six years. Opposition leader in our state is going for 'Pada yatra' and misleading people of our state. Is it not the responsibility of Central Government to take action against them? There are allegations that they are visiting PMO for some recommendations and favours. There are discussions that both parties are united now. There are allegations of dilution of cases. In such a scenario, Government should make steps to investigate these cases at the earliest. You should reply, what actions are being taken against such serious fraudsters. Why there is delay in investigating these cases? Only drafting and amending laws, without commitment to enforce them properly, we cannot check corruption and corrupt people can escape from the clutches of law.

Recently, there were elections in Karnataka, BJP won 104 MLAs, 113 MLAs claimed majority to form Government, but Governor invited BJP to form the Government. It was clear that BJP did not have the numbers; still it was invited to form the Government. Is this not corruption? One MLA called-up MLAs of other parties and lured them with lots of money to vote for their Government. Is this not a fact? Such actions and individuals should have been condemned by the party in power… (interruption)

There is no evidence of Chandra Babu Naidu offering any money. But in Karnataka, MLAs were lured with money. With corrupt practices, Governments were being changed. But here this Government is preaching sermons. This

Government should have acted against such practices. We should work with honesty. After making the law, it should be implemented properly. Recently, when there were elections for Rajya Sabha Member in Gujarat, MLAs were transported to Karnataka and there was a raid on one Minister & hundreds of crores of rupees were seized. After seeing these raids I felt happy that this Government is acting tough on corruption. On one hand it's a happy development but on other hand it's sad truth that the raid on Minister's premises was conducted as he was allegedly helping MLAs from Gujarat. This is sad side of the story. The Government is making use of laws for their political gains. There should be honest objectives while drafting bills.

Recently, there were elections in Karnataka; there were many allegations against one individual who was accused of mining irregularities. That person was sharing dais with the big leaders of your party. Former CM, who is accused of corruption, was projected as your CM candidate again. How can you control or prevent such practices by enacting these laws?

If there is lack of honesty, Governments cannot deliver good governance. We bring so many bills; today we are bringing Anti Corruption Bill. But these laws should not be kept in cold storage. We need to bring good governance. In this same Parliament, we passed AP Re-organisation Bill, what has happened to that Bill? Is it not true that bill has been gathering dust? It we don't implement Acts properly, what is the use of bringing bills?

It could be any bill; we should implement it with honesty and good governance without any political gains. In a federal system, we should treat all

states equally by governing them impartially. Funds should be released properly to all states; only then whole country will progress. By giving funds to only BJP ruled states and stopping funds to non-BJP ruled states, your party is paving way to sit in opposition. Therefore, I request you to bring any bill with honesty and commitment. To curb corruption, we need to have effective bills. Tax evaders should lose their sleep with these laws. But don't bring bills like AP Re-organisation Act, which would be confined to papers only. I conclude by thanking you for giving this opportunity.

**श्री ए. पी. जितेन्द्र रेड्डी (महबूबनगर):** सर, मुझे बोलने का अवसर देने के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इस बिल का नाम है – प्रिवेंशन ऑफ करप्शन। क्या कभी प्रिवेंशन ऑफ करप्शन होने वाला है**?** यह सोचते ही मुझे थोड़ा डर लग रहा है। आज यह इनहेरिटेड प्राब्लम है। हमारे जो पुराने रूलर्स थे -ब्रिटिशर्स, उनका जो घूस-पेटी का सिस्टम था, उस सिस्टम को वे जाते-जाते हमारे देश में छोड़ गए। आज यहां पर एक सिस्टम सा बन गया है, बच्चा पैदा होने से लेकर आदमी के मरने तक घूस देना ही पड़ता है। कोई प्रेग्नेंट है, डॉक्टर के पास जाएगा, अगर उसे लाइन में जल्दी आगे बढ़ना है तो वहां पर पैसा देना पड़ता है। हॉस्पिटल के अंदर डिलीवरी के लिए जाना है, वहां एक अच्छा रूम चाहिए और अच्छा वातावरण चाहिए तो उसके लिए भी घूस देनी पड़ती है। जल्दी ठीक होकर बाहर आने के लिए, अच्छा ट्रीटमेंट पाने के लिए उसे घूस देनी पड़ती है।

बच्चे को स्कूल के अंदर दाखिला देने के लिए एक अच्छे स्कूल में एडमिशन पाना है तो वहां भी घूस देनी पड़ती है। वह पढ़-लिखकर थोड़ा-बहुत ऊपर आएगा और उसे नौकरी चाहिए तो भी घूस देनी पड़ती है। जब वह मरने के बाद ग्रेवयार्ड में जाता है तो वहां भी जगह मिलनी चाहिए। अगर वह घूस देगा तो ही उसको अच्छी जगह मिलेगी। इस तरह से हर जगह के ऊपर अपने सिस्टम के अंदर …(व्यवधान) मैं अंडमान पर भी अभी आता हूं। …(व्यवधान) यहां हर आदमी एक सिस्टम के अंदर जी रहा है। हालांकि बीच में मैंने एक अधिकारी से एक ही बात पूछी थी कि आप सैलरी लेते हैं तो आप काम क्यों नहीं करते हैं? आप फाइल को जल्दी क्लिअर क्यों नहीं करते हैं? उन्होंने मुझे क्या जवाब दिया? वह कहता है कि मुझे जो पगार मिलती है, वह पगार मुझे सुबह दस बजे से लेकर पांच बजे तक के लिए कुर्सी पर आकर बैठने के लिए मिलती है। अगर मुझे कुछ काम करना है, मतलब एक फाइल निकालकर यहां से वहां रखनी है या इसके ऊपर सिगनेचर करने हैं तो इसके लिए तो मुझे पैसे चाहिए। इस तरह से आज घूसपेट पूरे देश के अंदर फैली हुई है।

प्रिवेंशन ऑफ करप्शन यह नाम वास्तव में जिस दिन देश में आएगा तो बहुत ही अच्छा होगा। यह बिल थोड़ा-बहुत रिलैक्सेशन डिपार्टमेंट्स में देने के लिए आया हुआ है।

I would now like to discuss about the Prevention of Corruption (Amendment) Bill, 2013. This Bill amends the Prevention of Corruption Act, 1988 and addresses two prominent issues. The two prominent issues are given here. First, it provides relief to our bankers from the lending decisions that they took, which resulted in non-performing assets (NPAs).

जो बैंकर्स लोन्स दे रहे हैं, हम बैंकर्स को भी ब्लेम नहीं कर सकते। हर आदमी ने घूस खाकर ही लोन दिया हुआ है, ऐसा मानकर हम नहीं चल सकते। इस तरीके से दिया जाता है तो हर दिन का बैंक का जो व्यवहार देश में है, वह रुक सकता है। This results to non-performing assets (NPAs). This amendment is a welcome development as it will allow bankers to discharge their duties efficiently and without any fear. In the present scenario where bankers and other public servants have been arrested and charge-sheeted, the morale of the staff has been severely affected.

यहां पर देखा जाता है कि जितने भी सीएमडीज रिटायर हुए हैं, उनमें से कुछ मर भी गये हैं। उनके ऊपर भी केसेज लगाये हुए हैं। इससे क्या असर हो रहा है कि कोई बैंक का ऑफिसर लोन छोड़िए, बैंक गारंटी तक देने के लिए भी तैयार नहीं है। इससे देश का बहुत सा इंफ्रास्ट्रक्चर रुका हुआ है। We have reached a point where bankers are afraid to sign on any file or sanction any loans hampering credit growth, which is affecting the economy. This will help improve the situation substantially. मतलब यह जो अमेंडमेंट आज लेकर आए हैं, that will just have a relaxing effect on the bankers, जिससे कि वे आराम से काम कर सकें।

Now, I would like to discuss the bigger issue. This amendment focuses on punishing the bribe-givers with a maximum punishment of up to seven years. I believe that this is slightly a problematic thing. Earlier, the bribe-giver

was protected for any statement made by him during a corruption trial. अगर वह जाकर कुछ ट्रायल के अंदर बोलेगा कि मैंने इस आदमी को पैसा दिया हुआ है, ऐसा वह कमिट करता था लेकिन आज वह आदमी कमिटमेंट देने के लिए डरने वाला है क्योंकि अगर उसका भी प्रूव हुआ तो वह भी 7 साल के लिए जेल में जाने वाला है।

Earlier, the bribe giver was protected for any statement made by him during corruption trial. With the latest Amendment, bribe givers would not want to appear as witnesses in the court. This also discourages the whistle-blowers to come forward and make it tougher to catch the bribe takers. कहीं से कोई भी आदमी लीक भी करता था, कोई भी आदमी कम्पलेन करता था, कोई भी बोलता था कि फलां आदमी को घूस दिया है तो उसको साक्षी मान कर उसको अरैस्ट नहीं करते थे। लेकिन आज व्हिसल ब्लोअर भी जाकर अपना स्टेटमेंट देगा, कमिटमेंट देगा तो उसको भी अंदर डालने का एक सिस्टम है। यह कैसे आगे बढ़ेगा, हमें यह भी देखना होगा। Regarding the corporate liability clause, it says that it will be an offence on the part of the commercial organisations if a person associated with the said organisation gives bribe to a public servant intended to obtain favours for the organisation. I appreciate that the management of the organisation will also be punished for the act. However, I suggest that they receive higher quantum of punishment than the bribe giver as they are primarily responsible for the act. अगर इसमें लेने वाले, देने वाले के बीच में थोड़ा भी डिफरैंस रहेगा, लेने वाला, देने वाला और दिलाने वाले तीनों को पनिशमेंट रहेगा तो, It will be better.

Now, the differentiation between the cohesive and coercive bribe giving needs to be very clear. There is a provision in the Amendment which says that, within seven days, a bribe giver can report the matter to the competent law

authorities. हमारे देश में अभी भी बहुत अशिक्षित लोग हैं, उन लोगों को पता भी नहीं है कि सात दिन के अंदर कहां जाएं, किससे बात करें और कहां इसके बारे में किसी को बताएं। So, I strongly recommend this time period to be longer. It should be, at least, two months. This may delay the judicial process but it will ensure that the bribe givers are not punished.

Sir, here, I would like to mention that, perhaps, we are looking at this problem differently. We are looking at a few bad apples instead of targeting the root of the tree. However strict law we make, we will never be able to punish all the bribe takers and bribe givers. इसलिए हमें समस्या की जड़ तक पहुंचना चाहिए। माननीय सदस्यों को अच्छी तरह पता है कि  हमारा सिस्टम कैसे काम कर रहा है। फाइल एक टेबल से दूसरी टेबल तक कैसे जाती है। हमें यह सोचना चाहिए कि  इस सिस्टम को कैसे बदलें। वह दिन कैसे आएगा जिस दिन ऑफिशियल्स बिना कुछ एक्सपेक्ट किए अपना काम ईमानदारी से करें। हमारे सिस्टम में सबसे बड़ी समस्या यह है कि  एकाउंटिबिलिटी नहीं है तभी यह समस्या शुरू होती है। हमारे कर्मचारी एकाउंटिबिलिटी में नहीं हैं, उनका रिव्यू नहीं होता है, उनकी मॉनिटरिंग नहीं होती है और कोई ट्रैकिंग भी नहीं होती है।  उन्हें नौकरी से निकाल कर भी नहीं भेज सकते। वे कहते हैं कि  35-40 साल तक की गारंटी है, उनके पास नौकरी है। ऐसी स्थिति में उनके पास कोई मोटिवेशन नहीं है, न ही काम करने का तरीका है।  We have to change that system. The Government machinery has to be made accountable to the public. It is highly unfortunate that the Lokpal has still not been appointed by the Government. Our country needs a strong anti-corruption authority representing the public interest.

जब लोकपाल बिल पास हुआ था, उस समय उसमें सिटिज़न चार्टर को भी इनक्लूड करने की चर्चा चल रही थी। The need of the hour is a Citizens’ Charter or Citizens’ Right

to Delivery of Services Act. अगर सिटिज़न चार्टर लागू होगा, तो कर्मचारी रिस्पांसिबल होंगे। उसके कार्यालय में फाइल एक हफ्ता रहेगा या 15 दिनों तक रहेगा, यह निर्धारित होना चाहिए। यदि उस समय के अंदर वह काम नहीं करता है, तो उस पर पेनल्टी लगाना चाहिए। जब उससे पेनल्टी के रूप में राशि वसूल की जाएगी, तो काम के प्रति एकाउंटैबिलिटी आ सकती है। इसके लिए हम लोग कोशिश कर रहे हैं। …(व्यवधान) तेलंगाना में कोई इंडस्ट्री के लिए अप्लाई करता है, and if they do not get an answer from the Government within 15 days, it is deemed that it is already approved. 15 दिनों के बाद वह व्यक्ति अपना काम शुरू कर सकता है। इस तरह से, तेलंगाना सरकार काम कर रही है।

This is one solution to end bribe giving and taking between public and government officials and holding the government officials accountable. The Charter will guarantee time-bound delivery of citizens' services and impose penalties and take action against officers who fail to deliver the services in prescribed time.

करप्शन पर बहुत कुछ बोला जा सकता है। सुबह से शाम तक आदमी इस सिस्टम में जकड़ा हुआ है, उसी में सांस ले रहा है। इसलिए मैंने सोचा कि मैं थोड़ा पॉइंटवाइज़ बोलूँ। अभी कांग्रेस बदनाम कर रही थी बीजेपी को और बीजेपी बदनाम कर रही थी कांग्रेस को और तीन घंटे से दोनों के बीच में बैठकर मैं इसे सुन रहा था। इसलिए कम से कम मेरा थोड़ा-सा भाषण तो सुनिए। इससे पहले तेलुगु देशम पार्टी वाले भी हमको सुनाकर गए। हालांकि आपको मालूम है कि उनके ऊपर भी 'वोट फॉर नोट' के लिए करप्शन के चार्जेज़ लगे थे। …(व्यवधान) 50 लाख रुपये लेते हुए कैमरे पर दिखाया गया था। It is not yet proved. ये पैसे कहाँ से आए, किसने दिए, audio, video, everything is there. ये सारी चीजें करप्शन में ही हैं। उसके बारे में भी बात कर सकते हैं।

Sir, through this amendment we will be able to check corruption to an extent. But a Citizens' Charter is a long-term solution. It has already been implemented in some of the States. Through the Citizens' Charter we will reward better performing officials and punish the ones who do not perform. I recommend that the Ministry and the officials concerned look into this. I also request that the Central Government take up the appointment of the Lok Pal on priority basis immediately. अगर लोकपाल में यह छोटा-सा प्रिवेंशन होगा, तो at least on that particular day we can talk on prevention of corruption. I will be very happy if really prevention of corruption takes place. Thank you.

SHRI MD. BADARUDDOZA KHAN (MURSHIDABAD): Hon. Chairman, Sir, now I want to speak on the Prevention of Corruption (Amendment) Bill, 2018.

Sir, I would like to say that from the very beginning of our party CPI(M), we are against corruption. Nobody can stay in our party by doing corruption. But it is a matter of great regret that those persons who are expelled by our party on charges of corruption are welcomed by some other party. Then, how can corruption be stopped?

Sir, very recently, political funding through electoral bonds has been approved in the Lok Sabha. It is nothing but a flow of black money to political parties in a legal way. I want to ask the Minister how corruption will be stopped. Our Prime Minister has talked about zero tolerance. I am giving you one example, one reference. How will the public trust the Government? What is the zero tolerance of our Prime Minister? My third question is: in this Lok Sabha, the Narada scam was raised by our Members and instantly it was referred to the Ethics Committee. But it was not known to us that the Ethics Committee is actually a *…** *cold storage*. Three and a half years have passed and nothing has been done. Please at least call a meeting, discuss the issue and give them a clean chit. But nothing has been done despite three and a half years having passed. How will people trust us? How can you face the people? And we are talking about prevention of corruption. Why is the Government not coming with the Lokpal Bill? Most of the parties except the Government side have talked in

---

* Not recoeded

favour of the Lokpal Bill, but the Government is silent and it is not coming with the Lokpal Bill. From whom do you want to hide? Why are you not coming with that Bill? We will support it.

I will come to some sections of the Bill. In the amendment of section 4, at page no. 2, you have mentioned the time frame of trial. You have decreased the time from eight years to four years, that is two years, and beyond that, two years' extension. But a time of two years is too much. My suggestion is: please decrease the time to one year with extension of one more year, six months at a time. Then we can do something within the time limit.

On some other points of the Bill, I can say that we are doing something for prevention of corruption. But a huge number of cases are pending in our courts. There are not sufficient number of judges and courts in our country. How will people get justice? How will we give them justice? You can make a good Bill, but there is no chance of getting justice immediately in our country.

In section 8, at page 3, bribe-takers and bribe-givers are equalised in punishable offence. There are two types of bribe-givers. First ones are those who give bribe to capture some undue advantage by jumping the queue; second ones are those who are victims of a situation. They are compelled to pay bribe to get their legal entitlement. They are not equal. Yes, there are a few words for safeguarding them. But it will not be sufficient. It will discourage the victims from lodging any complaint. I request the Government to come with a bill on redressal of grievances immediately so that you can give them some relief.

If we look into the amendment to section 13, actually this section has now been diluted. I would not name the Member of Parliament from BJP but he opposed the amendment to this Bill, especially the amendment to section (13)(1)(d) which is finally deleted and substituted. Also, sections 7, 8, 9 and 10 of this Act are deleted and substituted with some new chapters. Deletion of these sections will make it difficult to prosecute the middlemen.

Coming to the amendment to section 10, if the Bill is passed with this amendment, it will dilute the corporate liability for corruption. Corporates are associated with so much corruption but it will be diluted and there will be no possibility of any punishment to them.

Finally, I want to speak a few words about the zero tolerance of our Prime Minister. The hon. Minister Shri Jitendra Singh also talked about the zero tolerance against corruption. May I give some instances? कुछ टाइम पहले तृणमूल कांग्रेस की श्रीमती अपरूपा पोद्दार यहां बोलने के लिए खड़ी हुई थीं। उन्होंने कहा कि शारदा स्कैम वाम फ्रंट के ज़माने से शुरू हुआ था, अब उन लोगों को फंसाया जा रहा है। अगर ये वाम फ्रंट के ज़माने में शुरू हुआ था, तो इसमें वाम फ्रंट को फंसना था? इसमें किसी लीडर को तो फंसना था? लेकिन इसमें तो कोई नहीं फंसा? इसमें तृणमूल कांग्रेस के इतने सारे लीडर्स क्यों फंस गए?

इतने सारे लोग फंस गए और क्या हुआ, आपने दीदी भाई, मोदी भाई बनाकर क्या किया, सीबीआई को प्रधान मंत्री जी *…(Interruptions)…*[*] कर रहे हैं और शारदा केस को डाइल्यूट कर दिया। अभी शारदा केस के बारे में कुछ भी नहीं हो रहा है। पश्चिम बंगाल में अभी जो करप्शन

---

[*] Not recorded

चल रहा है, वह स्माल नहीं, मीडियम नहीं बल्कि एक बिग साइज इंडस्ट्री बन गया है। You can demand registration from them. It is such a big size industry that you can ask them to register their company of corruption in West Bengal.

We are against corruption. If the Government wants to do something against corruption please use CBI to stop corruption, not to defend someone else. Do something for stopping corruption. They can do everything. They have a number of persons but they are not doing anything. The Prime Minister is controlling *…(Interruptions)…*[*] CBI. Please do something to stop this.

With this, I conclude now.

SHRI IDRIS ALI (BASIRHAT): Sir, I want to say something. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : No, no, not now.

… (*Interruptions*)

SHRI IDRIS ALI : There are allegations against our party and our Chief Minister.

HON. CHAIRPERSON: We have deleted that.

… (*Interruptions*)

[*] Not recorded

SHRIMATI KOTHAPALLI GEETHA (ARAKU): Thank you for giving me an opportunity to present my views on the Prevention of Corruption (Amendment) Bill, 2013. This is a very significant Bill that seeks to address corruption in public offices.

Corruption is an issue that adversely affects not only India's Central, State and local government agencies but also a major social evil which is adversely affecting the lives of millions of people in the country. A study conducted by Transparency International in 2005 recorded that more than 92 per cent of Indians had at some point or the other paid a bribe to a public official to get a job done and ranks India 81 among 180 countries. In a study conducted in 2008, Transparency International reported that about 50 per cent of Indians had first-hand experience of paying bribes or using contacts to get services performed by public functionaries.

Today, two-thirds of our population is below the poverty line. As my learned colleagues have said, I always feel corruption is not just from education till end of politics but I feel corruption starts right from birth and affects till death. We have been experiencing a lot of hurdles in day-to-day activities. The causes of corruption in India include excessive regulations, complicated licensing systems, numerous government departments with opaque bureaucracy and discretionary powers, monopoly of government-controlled institutions on certain goods and services delivery, and lack of transparent laws and processes. There are significant variations in the level of

corruption. Red-tapism and a lack of transparency in procedures is also a major factor that contributes to huge corruptive practices in the country.

Let me come to my State of Andhra Pradesh, which is newly formed as per the Andhra Pradesh Reorganisation Act. We are facing many challenges in the State. I think it is unfortunate that among various surveys Andhra Pradesh ranks first in one survey and second in another in terms of corruption. In a recent survey conducted by CMS, the India Corruption Study 2018, it has been ranked fourth in the country. The corruption is at micro level, affecting the lives of the people. All my colleagues have spoken about corruption at the macro level; I would like to talk about it at the micro level. I have personally been a victim of corruption where officers demanded huge money from me to clear my caste candidature. My family is still undergoing this problem. The MDO of that particular area demanded huge money to conduct even a *gram sabha* which he is mandated to do as per the provisions of Act 16 of 1993.

DR. P.K. BIJU (ALATHUR): Sir, this is a very serious issue. … (*Interruptions*)

SHRIMATI KOTHAPALLI GEETHA : When I reported it to the Collector, the Collector did not take any action. … (*Interruptions*)

DR. A. SAMPATH (ATTINGAL): Sir, we would like to know what action has been taken. … (*Interruptions*)

SHRIMATI KOTHAPALLI GEETHA : The Collector had come to the ground to do the inquiry. This is a very unfortunate incident. … (*Interruptions*)

I would like to state that the common man would not want to offer bribe to the officers. They have to shell out their money. They are being affected. In

my constituency, a lot of tribals are affected by corruption. The education is being affected. Tribal children are not getting certificates. It is a very serious issue which is affecting the lives of the people.

Section 8 of the new Act says: “Any person who gives or promises to give an undue advantage”. Sir, I would like to ask the Minister as to who would actually be happy to give bribe. They are suffering a lot due to this corruption. So, I would request the Minister to look into this provision. Will the Act guarantee that the job of the person, who reports such act, will be performed without prejudice?

I would also like the Government to bring in the Service Guarantee Act because all the officers are not acting as accountable and there is no transparency. Citizens of this country should be given the Service Guarantee Act.

Clause 17 A says: “Enquiry or investigation of offences relating to recommendations made or decision taken”. The officer should not take refuge in the name of this provision. They should be made accountable for the services.

I would like to close by quoting UN Secretary-General Ban Ki-moon and I quote:

"Corruption strangles people, communities and nations. It weakens education and health, undermines electoral processes and reinforces injustices by perverting criminal justice systems and the rule of law. By diverting domestic and foreign funds, corruption wrecks economic and social development and increases poverty. It harms everyone, but the poor and vulnerable suffer most."

Let us all join hands. With this, I support the Bill. Thank you.

**श्री राजेश रंजन (मधेपुरा):** सभापति महोदय, सबसे पहले तो मैं कहना चाहूँगा कि मनी विल मस्ट, मनी विल फर्स्ट एण्ड मनी विल जस्ट। इस देश के लिए भ्रष्टाचार एक शिष्टाचार बन गया है। सभापति महोदय, यह भ्रष्टाचार आतंकवादियों और उग्रवादियों से भी ज्यादा खतरनाक है। …* एक भ्रष्टाचार 130 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है, जबकि एक आतंकवादी एक,चार-दस या सौ लोगों को मारता है। इसलिए भ्रष्टाचारियों को सबसे पहले शूट एट साइट करना चाहिए, जैसे आतंकवादियों और उग्रवादियों को किया जाता है।

दूसरा, सिस्टम को चलाता कौन है? पॉलिटिशियन चलाता है। यदि पॉलिटिशियन सिस्टम को सुधार नहीं सकता है तो यह कायर-कमज़ोर पॉलिटीशियन चुनाव लड़ता क्यों है? यह कुव्वत क्यों नहीं है? यह जो आप यहां पर रोते रहते हैं, सिस्टम नहीं रोता है, सिस्टम नहीं करता है, तो यह बहादुर मत बनिए। एक-दूसरे को गाली देने के लिए जात-धर्म-मज़हब पर मत बोलिए। यदि हिम्मत नहीं है तो हम लोगों को रिज़ाइन कर देना चाहिए। एक पदाधिकारी की औकात क्या होती है कि सिस्टम हमें चलाता है? जितेन्द्र बाबू, पॉलिटिकल सिस्टम और चुनावी रिफॉर्म की बात कीजिए। बिना चुनावी रिफॉर्म के यदि 15 हज़ार करोड़ रुपये एक चुनाव में खर्च होंगे, तो कैसे होगा? दो साल में आप अविश्वास प्रस्ताव मंगवाएंगे, ब्लॉक प्रमुख का दस लाख रुपये पंचायत समिति लेगी और जिला परिषद् में बीस लाख रुपये लेगा, करप्शन का रास्ता तो हम तय करते हैं। मेरे यहां महानगरपालिका में अविश्वास प्रस्ताव आया, एक वॉर्ड काउंसलर पचास लाख रुपये मांग रहा है। एमपीलैड्स जो मैं चलाता हूँ, बगैर पैसे लिए दस्तख्त नहीं करता है, कलैक्टर के यहां किरानी। यदि कह दे कोई एम.पी. नहीं लेता हो तो? …(व्यवधान) सर, आपके यहां सरकार होगी, मान्यवर ठीक है। …(व्यवधान) मैं बता दूं कि मेरे यहां लेता है। …(व्यवधान) छोड़ दीजिए यह सब, छोड़ दीजिए। क्या यह सब सही नहीं है? …(व्यवधान) सर, मैंने बोल दिया। …(व्यवधान) एकदम सीधा बोल दिया। …(व्यवधान) किसान नेता जी, सुनिए। …(व्यवधान) आप इसे देख लीजिए।…( व्यवधान)

---

* Not recorded

HON. CHAIRPERSON : Please address the Chair.

**श्री राजेश रंजन :** योगी साहब ने जो कहा है, मैं उसे दिखा रहा हूँ। …( व्यवधान)

DR. A. SAMPATH : Sir, I am raising a Point of Order under Rule 352 for your information. In the Rule Book, it is enacted at pages 133 and 134. So, if what the hon. Member says in this august House is as per the rules, I will oblige your ruling. If the hon. Member is not sticking to the rules and is not obeying the rules and if his statement and his speech is not as per the rules, the Chair may be obliged to delete that word from the records. Hon. Chairperson, you may intervene. … (*Interruptions*)

**श्री राजेश रंजन :** मैंने आपकी बात नहीं कही है। मैं पदाधिकारी की बात कह रहा हूँ। मैंने एम.पी. के लिए नहीं कहा है।…( व्यवधान) मैंने कहा है कि सांसद निधि में हम लोगों का काम कलैक्ट्रेट में तब तक नहीं होता है, जब तक वह हम लोगों का पी.सी. नहीं ले लेता है। मैंने यह बोला है। आप इस बात को नहीं समझे हैं।…( व्यवधान) मैंने एम.पी. के लिए कुछ नहीं बोला है।…( व्यवधान) आप यह गलतफहमी मत कीजिए। …( व्यवधान)

मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूँगा कि बाबा, मठ, पदाधिकारी और नेताओं की एक बार ई.डी. से जाँच हो जाये।…( व्यवधान)

**अनेक माननीय सदस्य :** हाँ, जाँच होनी चाहिए।…( व्यवधान)

**श्री राजेश रंजन :** इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं है।…( व्यवधान) मैं चाहता हूँ कि एक बार इन सभी लोगों की ई.डी. से जाँच हो जाए। ऐसा मैं चाहता हूँ और यह जाँच पप्पू यादव से शुरू हो।…( व्यवधान) हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा पार्टी फंडिंग ली जाती है। कोई भी पार्टी इस बारे में बताता क्यों नहीं है कि हम इस फंड को कहाँ से लाये हैं, किसने हमने यह फंड दिया है।…(व्यवधान) यह मेरी अपनी बात है। पार्टी फंडिंग के बारे में मेरा आग्रह है कि इसे ओपन किया जाए।

HON. CHAIRPERSON: You have to give suggestions only. Do not talk about any party.

**श्री राजेश रंजन :** महोदय, मैं पार्टी फंडिंग के बारे में बता रहा हूँ। पार्टी फंडिंग को ओपन क्यों नहीं किया जाता है? उसी पार्टी फंडिंग से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया जाता है और इससे हमारा जनतंत्र खत्म होता है। मैं एक-दो प्वाइंट कहकर अपनी बात समाप्त करता हूँ। सोशल मीडिया को आप देख लीजिए। आपको यह सुनकर आश्चर्य होगा कि मार्केटिंग करने पर कितने पैसे खर्च होते हैं? चुनावी प्रक्रिया चैनल के द्वारा चालू होती है। मैं बहुत ही विनम्रता से एक बात कहना चाहूँगा कि आप कोई भी कानून लायें, हम कानून का स्वागत करते हैं और मैं आपके साथ खड़ा हूँ। मैं उस पर कोई बहस नहीं कर रहा हूँ। मैंने एम.पी. पर कोई सवाल नहीं किया था। हम क्षमा चाहेंगे। शायद कुछ इंटरप्रिटेशन में कुछ गलत आ गया होगा।

HON. CHAIRPERSON: Rajesh Ji, please conclude. Now, you will get only one minute to speak.

**श्री राजेश रंजन :** मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त करता हूँ। इस बिल में जो जाँच आप सीबीआई को देना चाह रहे हैं, यदि आपका लोकपाल बिल आ जाये तो सीबीआई हस्तक्षेप नहीं करेगी। जो भ्रष्टाचारी हैं, आप उनकी सरकारी सुविधा खत्म क्यों नहीं करते हैं? उन्हें रिटायरमेंट के बाद पद क्यों मिलता है, जैसे अभी …* को पद मिल गया। एस.सी.-एस.टी. के बड़े एक्ट पर विरोध के बावजूद …* को सम्मान मिल गया। कई ऐसे पदाधिकारी राज्यपाल बन जाते हैं। आप इस चीज को रोकिए। किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचारियों को राजनीतिक जीवन में, सामाजिक जीवन में, चाहे वे पदाधिकारी हों या नेता हों, उनको किसी भी कीमत पर चुनाव लड़ने की प्रक्रिया से रोका जाना चाहिए।

---

* Not recorded

**17 00 hrs**

सर, मेरा पॉइंट गवाहों को सुरक्षा देना, भ्रष्टाचारियों के केस तीन महीने से ज्यादा समय के लिए न बढ़े, गवाहों को आर्थिक पैकेज देना इत्यादि है।

सर, खेल में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है। बैंकिंग सिस्टम में रोजमर्रा के जो रूटीन काम हैं, उनमें सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है।

सर, फूड बिल के बारे में क्या हुआ? वह गांवों में 365 दिन नहीं मिलता है। इसलिए आप जो कानून बनाएं, उसे इम्प्लीमेंट भी करें।

इसलिए भ्रष्टाचार के ऊपर कठोर निर्णय लेने की आवश्यकता है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली):** सभापति महोदय, भारत की आज़ादी के 72 सालों के बाद आज हम यहां लोक सभा में प्रिवेंशन-ऑफ-करप्शन-बिल के समर्थन में चर्चा कर रहे हैं।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing would go on record.

*…(Interruptions)…* *

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा :** मैं प्रिवेंशन-ऑफ-करप्शन-बिल के समर्थन में यहां पर खड़ा हूं। दिनांक 19 अगस्त, 2013 को राज्य सभा में अमेंडमेंट बिल पेश हुआ था।…(व्यवधान) उसके बाद कमेटी और सारे अमेंडमेंट्स का सफर तय करते हुए दिनांक 19 जुलाई, 2018 को यह बिल राज्य सभा में पास हुआ और आज लोक सभा में यह चर्चा होने और पास होने के लिए आया है। मैं इसमें समर्थन में खड़ा हूं।

इस देश में जब भी कोई भी फॉर्म भरा जाता है तो उसके ऊपर माँ-बाप का नाम पूछा जाता है। अगर कोई पूछे कि करप्शन की माँ कौन है, तो उसकी माँ है – …* …(व्यवधान) अगर कोई पूछे कि …* का बाप कौन है तो उसका बाप है, जो अंग्रेज यहां से गए, जो ब्रिटिशर्स यहां से गए। वे ईस्ट इंडिया कम्पनी लेकर आए थे।…*, माँ ने और अंग्रेज, जो करप्शन के बाप थे, दोनों ने मिल-जुल कर करप्शन को पैदा किया।…(व्यवधान) इस देश में करप्शन का नाम आज से 400-500 साल पहले किसी ने नहीं सुना था। मुझे यह कहते हुए खुशी होती है, गर्व होता है कि पिछले चार सालों से, जब से मोदी जी की सरकार आई है, देश की डिक्शनरी में से 'करप्शन' शब्द हट गया है।

HON. CHAIRPERSON: You go through the proceedings and if it is not permitted, you delete it.

---

* Not recorded

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा :** स्कूलों में ए-टू-जेड पढ़ाया जाता है। के.जी. के बच्चों को, नर्सरी के बच्चों को ए-फॉर-एपल, बी-फॉर-बैट, सी-फॉर-कैट, डी-फॉर-डॉग पढ़ाया जाता है। मैंने भी स्कूल में यही पढ़ा था। मगर, काँग्रेस के 60 सालों के राज के बाद आज ए-टू-जेड की परिभाषा बदल गई है। आज ए-फॉर-आदर्श स्कैम हो गया है, ए-फॉर-ऑगस्ता स्कैम हो गया है। बी-फॉर-बोफोर्स स्कैम हो गया, सी-फॉर-सी.डब्ल्यू.जी. स्कैम हो गया है। खेलों में 90 हजार करोड़ रुपये का घोटाला हुआ।…(व्यवधान) टॉयलेट के टिश्यू पेपर रोल 4,238 रुपये में खरीदे गए।…(व्यवधान) डी-फॉर-देवास एंट्रिक्स स्कैम, ई-फॉर-इम्प्लॉई गारंटी स्कीम स्कैम, एफ-फॉर-फॉडर स्कैम, जी-फॉर-गाजियाबाद प्रोविडेंट फण्ड स्कैम, एफ-फॉर-हर्षद मेहता स्टॉक मार्केट स्कैम, आई-फॉर-आईपीएल स्कैम, जे-फॉर-जेबीटी टीचर्स रिक्रूटमेंट स्कैम, के-फॉर-केतन पारिख स्टॉक मार्केट स्कैम, एल-फॉर-एलआईसी हाउसिंग स्कीम, एम-फॉर-मधु कोड़ा स्कैम, एन-फॉर-नॉन बैंकिंग फाइनैंशिएल कॉरपोरेशन स्कैम, ओ-फॉर-ओरिएंटल बैंक स्कैम, पी-फॉर-पंजाब स्टेट काउंसिल ऑफ एडुकेशन स्कैम हो गया।

क्यू फॉर क्वैश फॉर गोल्ड स्कैम, एस फॉर सत्यम स्कैम, टी फॉर टेलीकॉम टूजी स्कैम, यू फॉर यूटीआई स्कैम, वी फॉर वोल्क्सवैगन इक्विटी स्कैम, डब्ल्यू फॉर वैस्ट बंगाल टेलीकॉम स्कैम, एक्स, वाई जेड अभी पंजाब और कर्नाटक में चल रहा है। हमें करप्शन पता नहीं था। हम लोक सभा में दो सदस्य ही थे। अगर इन लोगों ने करप्शन नहीं की होती तो आज इनकी ऐसी हालत न हुई होती। पिछले चार वर्षों से जहां भी विधान सभा चुनाव हुए, वहां भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की है। हमारे प्रधान मंत्री जी जब वर्ष 2014 में आए, उन्होंने कहा था देश नहीं झुकने दूंगा, देश नहीं मिटने दूंगा, देश नहीं लूटने दूंगा। एक रुपये का भी स्कैम इस देश में पिछले चाल साल में नहीं हुआ, इन्हें इस बात का दुख है। आज ये सभी लोग इकट्ठे हो गए हैं। वर्ष 2019 में यूनाइटेड अपोजिशन की बात करते हैं, वह ऐसा क्यों करते हैं, इसलिए क्योंकि इनको खाने को नहीं मिल रहा है। कैसे लूटेंगे, सभी बेरोजगार हो गए। देश में सत्तर सालों में से कांग्रेस ने 58 सालों तक राज किया। लोक सभा में भी कांग्रेस हो, विधान सभाओं में भी कांग्रेस हो, सारे ग्राम पंचायत में भी कांग्रेस हो, उन्हीं के

अधिकारी हों, उन्हीं द्वारा जॉब दिए हुए अधिकारी हों, क्या इनके ऊपर कोई करप्शन का आरोप लगा सकता है? क्या करप्शन केवल अधिकारी को पैसे देकर हो सकता है? कोई कंट्रैक्ट लेना है, यह करप्शन नहीं है। वर्ष 1984 के दंगों में दिल्ली में हजारों सिखों का कत्लेआम होता है और एक भी कांग्रेस के नेता को फांसी की सजा नहीं होती है, यह भी करप्शन है। क्यों नहीं हुई, सभी इनके अधिकारी थे, इनकी पुलिस थी, इन्हीं की सरकारें थीं। कोई आरोप लगाता, एफआईआर भी दर्ज नहीं हो रही थी, कोई इंक्वायरी भी नहीं हो रही थी। लोगों को कोई बचा भी नहीं रहा था क्योंकि…* का आदेश था। देश को चलाने वाले लोगों का आदेश था। साठ साल तक देश के लोग कहते रहें

बदनाम गुलिस्तां करने को बस एक ही उल्लू काफी है
हर शाख पर उल्लू बैठा है अंजामे गुलिस्तां क्या होगा

सारे देश में करप्शन है, आज करप्शन देश को दीमक की तरह खा रहा है। युवाओं को साठ सालों में कोई दिशा नहीं दिखाई गई। अगर इसके लिए कोई जिम्मेदार है तो वह करप्शन है। प्रिवेंशन ऑफ करप्शन या प्रिवेंशन ऑफ कांग्रेस दोनों का एक ही मतलब है। जब देश कांग्रेस मुक्त हो जाएगा, तब इस देश से कांग्रेस मुक्त भारत भी हो जाएगा। दिल्ली में कॉम्नवेल्थ गेम्स हुए थे। देश में करप्शन किस सीमा तक पहुंच गया था, मैं उसे बताना चाहता हूं। कॉम्नवेल्थ गेम में ट्रेडमिल ली गई, उसका दस लाख रुपये किराया दिया गया। आज देश में कोई भी ट्रेडमिल पांच लाख से महंगी नहीं आती होगी, दस लाख रुपये उसका किराया दिया गया। टॉयलेट का टिश्यू पेपर रोल चार हजार रुपये में खरीदा गया, क्रॉस ट्रेनर का नौ लाख रुपये किराया दिया गया। एक चेयर का नौ हजार रुपये किराया दिया गया, पांच हजार में नई चेयर आ जाती है। उसका किराया 8-9 हजार रुपये दिया गया। एक छतरी का कि राया 7 हजार रुपये दिया गया। एक सौ लीटर फ्रिज का किराया 42 हजार रुपये दिया गया। यह देश करप्शन में किस सीमा तक पहुंच गया था। रोज सुबह अखबार खोलते थे, यूपीए-वन, यूपीए-टू की सरकार चल रही थी, 90 हजार करोड़ रुपये कामन वेल्थ गेम्स, 2 लाख

* Not recorded

करोड़ रुपये टू जी स्कैम, 3 लाख करोड़ रुपये कोयला स्कैम। ऐसा लगता था कि सारे मंत्री आपस में होड़ लगा रहे हैं कि कौन ज्यादा ऊपर का टार्गेट एचीव करेगा, ताकि उसके लीडर्स खुश हों। इस देश को चलाने वाले लीडर खुश हों। मैं यहां पर दो लाइनें कहना चाहता हूं।

एक तरफ जहां गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़े
खून-पसीने से अपनी रोजी-रोटी जुटाते रहे,
वहीं दूसरी तरफ सत्ता के कुछ उत्तराधिकारी
देश का खजाना अपने दामादों पर लुटाते रहे।

HON. CHAIRPERSON : Please conclude now.

… (*Interruptions*)

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा :** सर, अभी तो मैंने बिल पर बोला ही नहीं है। जब तीन-तीन लाख करोड़ रुपये का घोटाला हो रहा था, तब हमको ऐसा लगता था कि एक प्लेन जल्दी से भारत से इटली को उड़ने वाला है और उसमें जो बैठा होगा, वह कहेंगी …* तुम देखते रहियो। …(व्यवधान) इतना करप्शन, देश को लूटकर …( व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please give your suggestions and conclude now.

… (*Interruptions*)

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा :** सर, मैं कंक्लूड कर रहा हूं। …(व्यवधान) मैंने किसी का नाम नहीं लिया। …( व्यवधान) यह बात ठीक है कि जब बच्चा पैदा होता है, पेट में होता है, अस्पताल में कोई व्यक्ति जाता है, तो उसे पैसा देना पड़ता है, वहां करप्शन होता है। …( व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I will go through the record. If there is anything objectionable, it will be expunged.

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा :** सर, यह भी ठीक है कि जब कोई मरता है, तब उसका पोस्टमार्टम करवाने के लिए भी रिश्वत देनी पड़ती है। सैक्शन 7 और 8 में रिश्वत लेने वाला और रिश्वत देने

---

* Not recorded

वाला, दोनों को ही आरोपी साबित किया गया है। अगर कोई व्हिसल ब्लोअर बनकर यह कहता है कि मेरे से पैसा लिया गया, तो इसमें यह प्रावधान किया है कि अगर 7 दिन के अंदर वह इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी के पास जाकर शिकायत करेगा, तो उसको इसकी सजा से हटा दिया जाएगा। इसमें यह भी कहा है कि चपरासी से लेकर भारत के मंत्री तक को एक ही दर्जे में रखा है। …(व्यवधान)

सर, मैं कंक्लूड कर रहा हूं। आप मेरी दो लाइन सुन लीजिए।

HON. CHAIRPERSON: You have not given any suggestions at all regarding the Bill. Please conclude now.

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा :** सर, मैं यह कहूंगा कि जरा मिलकर गौर करते हैं इस बात पर कि

बैठा है जो हम पर भरोसा करके
उस गरीब को उसका हक हम कैसे दिला पाएंगे,
नहीं जीते अगर भ्रष्टाचार के खिलाफ इस लड़ाई को,
तब अपने जमीर से नजरें कैसे मिला पाएंगे।

मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब):** महोदय, मैं दि प्रिवेंशन ऑफ करप्शन अमेंडमेंट बिल, 2018 के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं समझता हूं कि यह बहुत महत्वपूर्ण बिल है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं। सरकार की नीति पर कोई शक नहीं हो सकता है। पुराना इतिहास देखकर इंप्लीमेंटेशन में कुछ शक हो सकते हैं। यह भी सच है कि जो भी कानून बनाए जाते हैं, जो बनाने वाले होते हैं, वे रोल मॉडल के तौर पर सामने आते हैं।

मैं बड़े विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मोदी जी का देश और दुनिया में जो इम्पैशन है, उससे यह अपेक्षा की जा सकती है कि करप्शन की बीमारी को हम ईमानदारी से रोकने के लिए तैयार हैं। हम एक-दूसरे को दोषी कह कर बच नहीं सकते, इस देश को बहुत गंभीर बीमारी लगी हुई है। आज जब इस पर चर्चा हो रही है तो हमें इस पर गंभीरता से सोचना होगा, हमें पार्टी लाइन से ऊपर उठ कर सोचना होगा। पहले देखना होगा कि यह बीमारी कैसे लगी। इसमें कोई शक नहीं है। वर्मा जी ने बताया कि इसकी माँ कौन है। मगर यह पैदा कैसे हुई, इसका इलाज क्या है? आज हमें यह सोचना होगा। जब किसी के पास डिस्क्रिशनरी होती है, जब कोई व्यक्ति जवाबदेह नहीं होता तो यह बीमारी पैदा होती है। जब देश आजाद हुआ, परमिट सिस्टम आया, कोटा सिस्टम आया, उसने बीमारी पैदा कर दी। यह बीमारी फैलते-फैलते हमारे राजनीतिक जीवन में फैल गई। आज मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं, प्रिवेंशन ऑफ क्रप्शन अमेंडमेंट बिल की नीयत बहुत अच्छी है, कुछ अप्लाई भी हो पाएगा। यह हमारे देश के लोगों के जीन में चली गई। स्वामी राम देव जी द्वारा कोई न कोई जोशांदा तैयार करना होगा कि जीन ठीक हो पाए।

कोई छोटा-मोटा अमेंडमेंट करके इसे खत्म किया जा सकता है। यह गंभीर मुद्दा है। जो कानून बनाए गए, वे अभी तक क्यों नहीं लागू हुए क्योंकि विल पॉवर नहीं थी। लोगों को देखादेखी करने के लिए कानून बनाए जाते थे। मगर कानून लागू करने के लिए इच्छाशक्ति की कमी के कारण लागू नहीं हो पाते थे। जो मशीनरी लागू करने वाली थी, वह भी घेरे में आ जाती थी। आज महत्वपूर्ण बिल पर चर्चा हो रही है। सरकार को कोई न कोई ऐसी विधि तैयार करनी चाहिए। लोकपाल बिल बनाया था, लोकपाल बिल भी बीच में रह गया, लोकपाल भी इफेक्टिवनेस लागू नहीं कर पाया।

आज देश मांग कर रहा है कि करप्शन रोकने के लिए इफेक्टिव मैक्निज्म बनाया जाए। यह अमेंडमेंट आया है। …( व्यवधान)।

बादल सरकार के समय राइट टू सर्विस एक्ट लेकर आए थे। हमने दफ्तरों में लटका दिया था कि इस सर्विस के लिए एक हफ्ते में काम नहीं होगा, जवाब नहीं देगा तो उसको इतना जुर्माना होगा, इतनी सजा होगी। इससे ब्यूरोक्रेटिक सिस्टम काम करने लगा था। हमें इस तरह की जवाबदेही बनानी होगी। जिन लोगों ने पिछले वर्षों में अपने सोर्सेज से ज्यादा पैसा कमाया है, उसका ईमानदारी से इन्वेस्टिगेशन हो। हमें इलेक्शन प्रोसेस में सुधार करना होगा। अगर रिश्वत देनी बंद हो जाए तो रिश्वत लेना भी बंद हो जाएगा। इलेक्शन प्रोसेस में करप्शन आ गया है। आज वोटरों के लिए शराब, पैसा चल रहा है, इसे कौन नहीं जानता। सबसे बड़ी बात हमसे …* कहा जाता है कि इतना पैसा खर्च हुआ। जितना पैसा खर्च हमसे लिखाया जाता है, शायद ही कोई होगा जो उससे ज्यादा खर्च न करता होगा। जब आधार ही असत्य होगा, उसका इलाज कैसे होगा? मैं इस बिल को लाने के लिए अपनी सरकार को बधाई देता हूँ।

* Not recorded

**श्री भगवंत मान (संगरूर)**: सभापति जी, मैं आपका बहुत धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

**सभापति महोदय :** आप सिर्फ सुझाव दीजिए।

**श्री भगवंत मान** : मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा, मेरे पास दो-तीन मिनट ही होते हैं। अकाली दल के नेता, कृपया सुन लें। …(व्यवधान) चन्दूमाजरा जी, रिश्वत के खिलाफ बोल रहे हैं। …(व्यवधान)

सभापति जी, मैं आपको एड्रैस कर रहा हूं, हाथ मेरा इधर है।…(व्यवधान) ये रिश्वत के खिलाफ बोल रहे हैं। अकाली दल रिश्वत के खिलाफ बोल रहा है।…(व्यवधान) दस साल पंजाब को लूट लिया। …(व्यवधान) …* और ये बोल रहे हैं। …(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You kindly take your seats.

… (*Interruptions*)

**श्री भगवंत मान** : ये बोल रहे हैं।…(व्यवधान) ये करप्शन के खिलाफ बोलते हैं।…(व्यवधान)

**सभापति महोदय:** बिल के बारे में बोलिए।

…(व्यवधान)

**श्री भगवंत मान** : श्री चन्दुमाजरा, करप्शन के खिलाफ बोल रहे हैं।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You give suggestions.

… (*Interruptions*)

**श्री भगवंत मान** : मैं आपको एड्रैस कर रहा हूं।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record except Mann sahib. Mann sahib you kindly address the Chair, otherwise I cannot allow.

*…(Interruptions)…*[*]

---

* Not recorded

HON. CHAIRPERSON: No, you do not know. Do not say, you are at that side. You talk to me.

… (*Interruptions*)

**श्री भगवंत मान** : मैं आपको एड्रैस कर रहा हूं लेकिन दुख इस बात का है कि चन्दूमाजरा करप्शन के खिलाफ बोल रहे हैं।…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Talk to me. This side only.

… (*Interruptions*)

**सभापति महोदय:** आप सुझाव दीजिए।

…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: No, this is not correct. We cannot run the House like this now.

… (*Interruptions*)

**श्री भगवंत मान** : महोदय, चंदूमाजरा जी, करप्शन के खिलाफ बोल रहे हैं …* …(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Silence please.

… (*Interruptions*)

**श्री भगवंत मान** : मैं बोलूंगा, आप सुनने का माद्दा रखो। …(व्यवधान) बिधूड़ी जी, मुझे बोलने दो। एक ही तो आदमी आया है तो पोलिटिशियन नहीं है।…(व्यवधान)

**सभापति महोदय:** आप इधर देखकर बात कीजिए।

…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Do not interrupt. Please do not interrupt.

… (*Interruptions*)

---

* Not recorded.

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा :** ये क्या बोल रहे हैं? …(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: He is not talking to the Chair.

… (*Interruptions*)

**श्री भगवंत मान** : महोदय, मैं अकेला नहीं मोदी साहब, देश के लोग बातें करते हैं कि 56 इंच चौड़ी सीने वाले पर्ची वोटिंग से क्यों डरते हैं? …(व्यवधान) पूरा देश पूछता है कि आपके पास क्या जवाब है? विदेशों में ईवीएम रद्द हो गई, सिर्फ इंडिया में क्यों कामयाब है? यह भी करप्शन है, ईवीएम करप्शन है।…(व्यवधान) पूरा देश पूछता है कि आपके पास क्या जवाब है, विदेशों में ईवीएम रद्द हो गई, इंडिया में क्यों कामयाब है? …(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: If there is anything objectionable, I will look into it. Anything objectionable, I will look into.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Silence please. We have to run the House.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: You cannot talk like this.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: You please sit down. Please sit down.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: If there if anything objectionable, I will remove it.

… (*Interruptions*)

**श्री भगवंत मान** : मैं नाम नहीं लूंगा, किसी ने ...* को पूछा कि तुम तो बहुत हर मन प्यारे हो।...(व्यवधान)

**श्री अनुराग ठाकुर (हमीरपुर):** ऐसे कैसे कह सकते हैं? ये ऐसे कह ही नहीं सकते हैं? ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय:** अब आप अपनी बात खत्म कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री भगवंत मान** : किसी ने ...* से पूछा कि तुम तो बहुत हर मन प्यारे हो, उन्होंने कहा बस ईवीएम के सहारे हैं।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Whatever objectionable word is there in his speech, I will remove it from the proceedings.

... (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Now, Shri E.T. Mohammad Basheer.

... (*Interruptions*)

SHRI IDRIS ALI (BASIRHAT): Sir, please allow me to make one submission.

HON. CHAIRPERSON: Basheerji, one minute.

Yes, Mr. Idris Ali. Be very brief.

SHRI IDRIS ALI : Mr. Chairman, Sir, I am grateful to you for allowing me to make my very important submission. At the same time, I am deeply grateful to our hon. Chief Minister Mamata Banerjee because due to her, I am here in the House as a Member.

---

* Not recorded

Sir, while my colleague was speaking, false allegations were made by an hon. Member from CPM, Md. Badaruddoza Khan.

HON. CHAIRAPERSON: On that, I have already taken a decision. If there is anything objectionable, it will be removed from the proceedings.

SHRI IDRIS ALI : In her speech, whatever our party colleague, Shrimati Aparupa Poddar said was correct … (*Interruptions*) नरोदा-सारदा को लेकर टीएमसी पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की।

With due respect to all, let me say this, hon. Chairman, Sir, that our TMC supremo, Mamata Banerjee is a symbol of honesty.

आज देश में ऐसा कोई एक भी ऐसा चीफ मिनिस्टर नहीं है, जो खोला के घर में रहती है। … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: All right.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, please take your seats.

Let Mohammad Basheer begin his speech.

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER (PONNANI): Hon. Chairman, Sir, I am thankful to you for giving me this opportunity to speak on this important legislation.

Sir, *prima facie*, this legislation seems to be good. Certain provisions such as giving bribe to public servant or commercial organisation has been categorised as an offence. Similarly, attachment and forfeiting of property of the offender is also very clear in this legislation. Procedure for prosecution is also specific. Time period for trial of the cases is also clear. Redefining of offences is also categorial. So, these are the positive points of this legislation.

Sir, we claim that this amendment is to make our anti-corruption law in conformity with the United Nations Convention Against Corruption, 2005 in which India is a signatory. I would like to say one thing here. There is something missing in this UN Resolution. It is quite unfortunate that giving bribe to a foreign public servant is not included here. Similarly, there is a lack of clarity as regards taking bribe from a private industry is concerned. Then, compensation for the aggrieved by acts of corruption is also not categorically stated here. These are certain negative points about this legislation.

Sir, here, I would like to say a very important thing. India can be proud of, what? India can be proud of RTI Act, (Right to Information Act). My friends were saying about the corruption and other things during the UPA period. I would like to say that the RTI was the revolutionary step taken by the UPA Government to fight corruption. That was the most powerful weapon to fight

corruption. It was the most transparent law this country has ever seen to make the public servant accountable.

Sir, with all the humbleness, I would like to say that you are crippling the wings of Right to Information Act. It is an offence on your part. Here, now, you are trying to set the criterion for appointment of Information Commissioners and their salary structures. Similarly, your attempt is to bring the RTI functionaries under the grip of the Government.

Sir, as per the existing Act, the tenure of the Information Commissioners is five years and their salary was equivalent to that of the Chief Election Commissioner. You are changing that also. Consent of the Leader of the Opposition was an essential criterion, which also you are not considering.

You are diluting all these things according to your will and pleasure and political desire. These are certain things which I would like to say.

As per the Right to Information Act, State Government can appoint Information Commissioner and you are trying to dilute that also. You are capturing everything in your hands. You are centralising all these powers assigned to the Commissioners in the State Governments. This is another move to undermine the federal structure of this country in that way. States have certain rights and responsibilities. Unfortunately, you are also trying to control them. Similarly, you are destabilising the RTI. What is happening? Hundreds of petitions are pending without giving reply. You have to know the seriousness of the situation. Thousands of vacancies are there. Officials are not there. There are vacancies in the Commissions. Even Chief

Commissioners' vacancies are there. How can you justify these kinds of actions?

Similarly, many RTI activists are brutally attacked in our country. Is it the freedom? They are doing a noble service for this nation.

Sir, I would like to say one more thing. Political corruption is the most dangerous corruption. I would like to say this with all politeness that this Government is encouraging political corruption. Such a Government has no moral right to talk about corruption in this country.

With these few words, I conclude. Thank you very much.

DR. BOORA NARSAIAH GOUD (BHONGIR): Sir, it is a very important Bill. I am a surgeon by profession. This disease of corruption cannot be cured by the medicine, we need a surgical treatment. After listening to the speeches of various hon. Members on this topic, I remember one movie, *Roti, Kapda Aur Makan*. In that movie, what happened is that one lady, who was accused of theft, people started pelting stones at her. At that time, the hero comes and suggests: “Whichever one of you has committed no sin may throw the first stone at her.” Here, I feel and everybody also feels that political corruption is the root cause of all types of corruptions in this country. Unless and until we create an electoral system, which is transparent, which is devoid of money and only public money is there, the corruption cannot be stopped. The prevention of corruption need to be started from top to bottom and not from bottom to top. I support the Bill.

**श्रीमती पूनम महाजन (उत्तर मध्य मुम्बई):** माननीय सभापति महोदय, मैं संक्षेप में अपने विचार इस बिल को पारित करने के लिए समर्थन करते हुए रखना चाहती हूं। मैं कुछ घंटों से देखती आ रही हूं कि यहां पर थ्यिट्रिक्स चल रहा था कि करप्शन कौन ज्यादा कर रहा है, कौन कम कर रहा है। मेरे जैसी युवा जब पहली बार लोक सभा में लोगों की उम्मीदें लेकर चुनकर आती हैं और जब कुछ-कुछ जगह से कविताएं चलती हैं और थ्यिट्रिक्स चलता है और फिर वे खुद पॉलिटिक्स में रहकर सवाल उठाते हैं कि पोलिटिशियन ही खराब हैं तो मुझे एक कहानी याद आती है। तीन मित्र होते हैं- एक धन, ज्ञान और विश्वास। ये तीन मित्र बहुत करीबी मित्र हैं। एक बार इन तीन मित्रों ने तय कर लिया कि हम साथ में नहीं रहेंगे। We, we will go on in our own way. मित्रों ने एक-दूसरे से पूछा और धन से पूछा गया कि मित्र अभी हम साथ नहीं रहेंगे तो तुम हमें कहां पर मिलोगे? धन ने कहा कि मैं आपको बैंकों, पर्स, धन-पेटियों या मंदिरों में मिलूंगा, मैं तुम्हें कहीं न कहीं मिलूंगा। हम मिलते रहेंगे। फिर उसके बाद ज्ञान को पूछा गया कि मित्र, अभी हम साथ में नहीं हैं तो तुम हमें कहां पर मिलोगे? ज्ञान ने कहा कि मैं स्कूलों, संस्थाओं, कॉलेजों में मिलूंगा। मैं लोगों में मिलूंगा। मैं सब जगह मिलूंगा, लेकिन जब इन दोस्तों ने विश्वास से पूछा कि हम तो कहीं न कहीं मिलेंगे, तुम हमें कहां मिलोगे? विश्वास ने उनको इतना ही कहा कि एक बार मैं चला जाऊंगा तो मैं तुम्हें कभी मिल नहीं पाऊंगा।

आदमी का विश्वास बहुत जरूरी होता है। विश्वास इस देश की मुख्य धारा को सिस्टम पर रखने के लिए बहुत जरूरी है। आज हम यहां बैठे हैं, वहां बैठे हैं, आगे बैठे हैं, बीच में बैठे हैं। हम इस तरफ हैं, उस तरफ हैं, लेकिन जनता ने हम पर विश्वास रखा इसलिए हम यहां पर आकर बैठे हैं। विरोधी पक्ष में बैठे हुए लोग, जिन्होंने पहले भाषण दिया है और करप्शन की बात की शुरुआत की है तो आप यह भी नकार नहीं सकते हैं कि देश की जनता ने आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी पर पूरा विश्वास रखा है और वर्ष 2014 में हमें यह मौका दिया था। आप यह सवाल उस वक्त नहीं पूछ सकते थे, आप जनता के विश्वास पर यह सवाल अब पूछ रहे हैं। हम इसी विश्वास से विकास करना चाहते हैं। हमारा मूल मंत्र यही है कि इसी विश्वास से हम विकास कैसे करें।

प्रधान मंत्री जी ने परसो युवाओं के एक कार्यक्रम में कहा था कि चलता है का जमाना अब चला गया है। हम भी कहते थे कि गांधी जी को दिखा दो और चले जाओ। कोई पकड़ा जाता था या कोई करप्शन करना चाहता था तो वे कहते थे कि गांधी जी को दिखाओ, लेकिन हम इस सरकार में कहते हैं कि गांधी जी को मत दिखाओ, गांधी जी के मूल तत्व दिखाओ और विश्वास से आगे बढ़ो। इसी विचार से इस बिल को पारित करने के लिए लाया गया है।

सभापति महोदय, वर्ष 2022 में हम अपनी आज़ादी के 75वीं साल मनाने वाले हैं। उस आज़ादी के 75 साल में हम क्या हासिल करना चाहते हैं। प्रधान मंत्री जी खुद कहते हैं कि हम यह हासिल करना चाहते हैं कि किसानों की दोगुनी आय, गरीबों के सर पर छत, युवाओं को सम्मानित रोजगार और महिलाओं को समान अधिकार मिले। हम यह विचार करके वर्ष 2022 की ओर मुड़ रहे हैं। भारत की तरक्की और खुशहाली को कोई रोक सकता है तो भ्रष्टाचार के प्रति होने वाले लोगों का शिष्टचार और हमारे जैसे लोगों का शिष्टाचार। यही हमारी आने वाली खुशहाली को रोक सकता है। कहा गया है कि this Bill is for prevention. मैं यह कहती हूं कि यह बिल एक क्योर है। प्रिवेंशन, पूरे भारत के सभी नागरिकों को करना है कि हम घूस नहीं देंगे, हम यह नहीं करेंगे, लेकिन वह प्रिवेंशन के पहले सरकार ने क्योर ला कर रखा है। इस बिल में 19 क्लॉजेज हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण बात है – यूनिफॉर्म टर्मिनोलॉजी, अनड्यू एडवांटेज। हर क्लॉज में पहले कुछ न कुछ यह लिखा जाता था, और, एज, जो हमारे प्रिय बाबुओं और हमारी एक भाषा होती है कि हम भाषाओं में उलझ जाते थे। हमारी सरकार भाषाओं में लॉ को उलझाना नहीं चाहती है तो यूनिफॉर्म टर्मिनोलॉजी होगी। वह टर्मिनोलॉजी यह है कि हर तरीके का फायदा, देने वाला, लेने वाला, बीच वाला, साइड वाला, लेफ्ट वाला, जो कोई इस करप्श्न में शामिल होगा, उन सभी को अनड्यू एडवांटेज के रूप में पकड़ा जाएगा।

यहां पर भाषणों में किसी ने सेक्शन सात पर बात की, किसी ने सेक्शन आठ पर बात की और किसी ने सेक्शन नौ पर बात की। आप बिल के 19 क्लॉजेज में देखेंगे तो जैसे जीएसटी एक बहुत बड़ी व्याख्या सारे टैक्सेज को साथ में लेकर लाई है, वैसे ही व्याख्या इस बिल के सेक्शन

सात, आठ, नौ और दस में है। इसमें सेक्शन आठ की यही व्याख्या है कि घूस लेने वाला तो कॉन्विक्ट होता है। सेक्शन आठ से जांच करने के लिए ब्राइब गीवर की परिभाषा ठीक नहीं थी, क्योंकि सेक्शन 24 में अपने-आप को बचाना चाहता था। हम ने उस सेक्शन 24 को ओमिट करके, सात दिन, आठ दिन या कुछ और दिन लगे, व्हिसल ब्लोअर को उतना समय दे सकते हैं कि कल जाकर उसने ब्राइब गीवर होकर, व्हिसल ब्लोअर था तो उसके लिए उसकी जांच हो सकती है। उसके लिए भी मिनिमम कैप नहीं रखा गया है। सेक्शन नौ और सेक्शन दस बहुत जरूरी है। कॉमर्शियल ऑर्गनाइजेशंस के बड़े-बड़े अधिकारी अपने-आप को बचाने के लिए प्यून के माध्यम से कुछ करते थे। कुछ हो गया तो इसको जेल में डालो और काम खत्म कर दो। लेकिन इस बार सेक्शन नौ और दस में यह बहुत जरूरी है कि कॉमर्शियल ऑर्गनाइजेशन के पैरामिटर पर भी अभ्यास किया जा रहा है। समझिए कि किसी बाबू ने उसका काम किया होगा, किसी वरिष्ठ अधिकारी ने घूस लेकर इसका काम किया होगा। …( व्यवधान)

मैं इतना कहना चाहती हूं कि Justice delayed is justice denied. हमें उस रूप से टाइम पीरिअड मिल गया है।

HON. CHAIRPERSON : Please conclude, Madam. The Minister has to reply.

… (*Interruptions*)

SHRIMATI POONAM MAHAJAN : Sir, I am just concluding. It is because, nobody spoke about the Sections. All spoke about politics. So, it is very important to tell what the Government is doing. It is such a wonderful work and such a wonderful Bill that hon. Jitendra Singh *ji* has placed. इस सेक्शन में 17(ए) की बात थी। हम देखते थे कि हायर ज्यूडिशियरी में करप्शन होता था तो आदरणीय चीफ जस्टिस साहब की परमिशन लेनी पड़ती थी और करना पड़ता था, लेकिन अगर ऐसे किसी अफसरों में हम खुद इन्वॉल्व हैं, हम भी पब्लिक सर्वेंट हैं, इसमें कहीं कोई इजाजत लेने की कोई सुविधा नहीं थी।

आज सेक्शन 6 A की सुविधा को सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए स्ट्राइक डाउन कर दिया कि नॉन-डिस्क्रिमिनेटिंग प्रोविज़न होना चाहिए। इसमें उसे 17 A के रूप में लाया गया है।

महोदय, यह बिल बहुत जरूरी इसलिए है क्योंकि यहाँ से विरोध की शुरुआत हुई थी, यहाँ से सवाल पूछने की शुरुआत हुई थी। कहा गया कि रफैल डील का क्या हुआ? मैं कहना चाहती हूँ कि अभी भी वर्षों का करप्शन दिख रहा है। हमारे सामने उसके कोई उदाहरण या उत्तर नहीं आए। अभी भी बोफोर्स की तोप गरम है और ये लोग हमसे रफैल डील के संबंध में सवाल पूछ रहे हैं। जब ऐसी परिस्थिति होती है, तो हम सब को समान रूप से साथ में काम करना चाहिए। मैं इतना ही कहूँगी कि वर्ष 2014 से हमारी सरकार आयी है, यह समानता का भाव लेकर आयी है। हरेक पॉलिसी में समान कानून, समान अवसर की बात कही गयी है। इन सबका श्रेष्ठ उदाहरण 'स्वच्छ भारत अभियान' है। इस अभियान ने हमें यह दिखाया है कि स्वच्छता हमारे दिल की, मन की और हमारे परिसर की बहुत ही जरूरी होती है। 'स्वच्छ भारत अभियान' में अभी करप्शन भी लाया गया है। भ्रष्टाचार हमारे देश में दीमक की तरह जकड़ा हुआ है, इसलिए इसे दूर करने के लिए भी स्वच्छ भारत अभियान को लगाया जा रहा है, जो इस बिल के रूप में हमें दिखाई दे रहा है।

यह एक इंडिविजुअल बिल है, इसमें बैंकरप्सी, इंसॉल्वेंसी आदि सभी हैं। इसलिए मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी को यह बिल लाने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूँ।

PROF. K.V. THOMAS (ERNAKULAM): Sir, this House is discussing an important legislation as to how corruption which has crept into our political system can be evaded.

Sir, when we are discussing this important issue, the entire country is also discussing on Rafale. What is the crux of the Rafale deal? Hon. Defence Minister is here. Is the clause relating to price is secret or not?

Sir, this is something which the Government has to tell the people of this country. I have been a Member of this House from 1984. I have seen many discussions starting from Bofors gun onwards. In those days, there was turmoil in the House. There was storm in the House. The House could not run. We are peacefully asking the Government. Tell the people whether this is secret or not. All of us know that this entire deal will be examined by CAG. Once CAG looks into this, it will come to the Public Accounts Committee. What is secret in this?

During the UPA Government, yesterday, hon. Defence Minister said that the deal of Rafale was around about Rs. 560 crores. During this Government, this has gone up to Rs. 1600 crore. This is an important fact which you have to hear. … (*Interruptions*) The Prime Minister of this country has given an assurance to the people that there would be a clean Government. There would be a transparent Government. … (*Interruptions*) I did not say anything … (*Interruptions*) The Prime Minister has assured the people of this country that there would be a clean Government.

My second suggestion is this. There have been many JPCs. I demand a JPC to inquire. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : Only the speech of Shri K.V. Thomas will go on record.

… (*Interruptions*) …*

PROF. K.V. THOMAS : There have been many JPCs. Why is this Government afraid of JPC? Regarding the statement made by the Prime Minister and the hon. Defence Minister, we will give a notice for privilege motion in the House. That is also an issue. We are moving a privilege motion. But the people have the right to know. When you are moving such an important legislation, people should have faith in you. What faith do people have when such allegations are going on in this country against this Government? My request to the Government is to make it very clear. What is the secrecy in this? People of this country should know this.

Sir, within the short period of the last four years, BJP became the richest party in the country. How has the money come in? So, these are the issues.

So, if you are serious and sincere about this Bill, the Bill which you are introducing, then, you should clarify this. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : No, please take your seat.

---

* Not recorded

PROF. K.V. THOMAS : It is not that Caesor alone should be above doubt. Caesor's wife should also be above doubt. So, why are you worried about it? I did not say anything undemocratic.… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please take your seat.

PROF. K.V. THOMAS : I am asking the Government to clarify its position so that the people have the right to know what secrecy is there in the Rafale deal.… (*Interruptions*)

With these words, I conclude.

**माननीय सभापति :** आप सब अपनी सीट्स पर बैठिए।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** राम कुमार शर्मा जी। ऑनरेबल मिनिस्टर को रिप्लाई देना है, आप दो मिनट में अपनी बात बोलिए।

**श्री राम कुमार शर्मा (सीतामढ़ी) :** माननीय सभापति महोदय, आपने इस महत्वपूर्ण बिल पर मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया है। 'मैं बचाता रहा दीमक से घर अपना, और चंद स्वार्थी कीड़े पूरे मुल्क को खा गए'।

आचार्य चाणक्य ने अपने अर्थशास्त्र में कहा है कि राजा को राष्ट्र के उत्थान के लिए चाहिए कि वह राजकीय खजाने के अपव्यय को कठोर अनुशासन द्वारा रोके, तब ही राष्ट्र का विकास हो सकता है।

इतने लंबे-लंबे और बड़े-बड़े भाषण देने वाले लोग लगातार हमारे प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी पर कटाक्ष करते हैं। वे कहते हैं कि उनका 56 इंच का सीना नहीं है। मैं लगातार कह रहा हूं कि 56 इंच के सीने वाले ही इस प्रकार के भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) विधेयक, 2018 पार्लियामेंट में लाकर देश को मजबूती प्रदान करना चाहते हैं।

सभापति महोदय, मैं इस विधेयक का पूर्ण समर्थन करता हूं और मेरी पार्टी, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के सभी सदस्य भी इस प्रस्ताव, इस विधेयक का समर्थन करते हैं। स्वतंत्रता पश्चात् से ही देश में कल्याण की योजनाएं इस उद्देश्य के साथ बनाई गई कि विकास का फल गरीबों और जरूरतमंदों को मिले, किंतु वर्षों से इन योजनाओं में फैली भ्रष्टाचार की बीमारी से रिसाव हुआ और अयोग्य लोगों की जेबें भरती गईं। उदाहरण के तौर पर वित्त वर्ष 2015-16 की आर्थिक समीक्षा से पता चलता है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत 40-50 प्रतिशत लाभ धांधली के कारण नष्ट हो गया और गरीबों को नहीं मिला, वह बिचौलियों की जेब में जाता रहा।

**माननीय सभापति :** अब आप कनक्लूड कीजिए।

**श्री राम कुमार शर्मा :** सभापति महोदय, मुझे एक मिनट और दीजिए। मौजूदा सरकार ने गरीबों और वंचितों को बैंकिंग के दायरे में लाने के लिए वर्ष 2014 में बड़ा अभियान आरंभ किया और अब उसी पर डी.बी.टी. का ढांचा खड़ा कर दिया। जनधन, आधार तथा मोबाइल की तिकड़ी से पारदर्शिता लाकर समावेश की बुनियाद तैयार हुई। इसके तहत स्वतंत्र, स्वच्छ और पारदर्शी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए इस सरकार की सराहना होनी चाहिए। …( व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप सिर्फ अपना सजेशन दीजिए।

…(व्यवधान)

**श्री राम कुमार शर्मा :** माननीय प्रधान मंत्री जी ने समय-समय पर देश में भ्रष्टाचार के समाधान हेतु पहल की है और उन्होंने डिजिटल इंडिया और विमुद्रीकरण जैसे कदम उठाए हैं। मेरा यह भी मानना है कि हमें तात्कालिक और एकांगी विकास नहीं बल्कि दीर्घकालिक और समग्र विकास की जरूरत है, जैसे हमारे प्रधान मंत्री जी आज पूरे देश को एक साथ लेकर चल रहे हैं। मैं अंत में इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

**माननीय सभापति :** श्री कौशलेन्द्र कुमार।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** सभापति महोदय, आपने मुझे भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) विधेयक, 2018 पर चर्चा में भाग लेने का मौका दिया। इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

सभापति महोदय, मैं सब से पहले माननीय मंत्री जी और माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देता हूं। इस बिल के माध्यम से उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने का प्रयास किया है। मैं और मेरी पार्टी इस बिल का समर्थन करती है। मैं बिहार से आता हूं। हमारे नेता नीतीश कुमार जी को एक उजड़ा हुआ बिहार मिला था। यही कारण है कि जब से वे मुख्य मंत्री बने, तब से चाहे आई.ए.एस. हो, आई.पी.एस. हो या अन्य बड़े-बड़े अधिकारी, मंत्री या मुख्य मंत्री हों, उन्होंने किसी के साथ समझौता नहीं किया। चाहे आय से अधिक संपत्ति रखने वाले लोग हों या क्रिमिनल हों, उन्होंने इन सभी लोगों को फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर जेल भेजा और वे बिहार को पटरी पर लेकर आए। इसी तरह मैं इस कानून को सकारात्मक समझता हूं और इस संशोधन का समर्थन करता हूं।

अधिनियम में सम्पत्ति की कुर्की एक महत्वपूर्ण बिंदु है। साथ ही अधिनियम के अधीन धारा-7 में लोक सेवक को रिश्वत दिये जाने संबंधी अपराध, उसी तरीके से धारा-8 में भ्रष्टाचार या अवधि पूर्ण संसाधनों द्वारा या निजी प्रभाव का प्रयोग करके लोक सेवक को प्रभावित करने के लिए असम्यक लाभ प्राप्त कराना। धारा-10 में लोक सेवक को किसी व्यावसायिक संगठन द्वारा रिश्वत देने संबंधी अपराध। धारा-11 में व्यावसायिक संगठनों के प्रभावी व्यक्ति का अपराध में दोषी होना। धारा-14 में लोक सेवक के द्वारा आपराधिक कदाचार आदि अपराध अधिनियम के तहत लाया गया है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार):** सभापति महोदय, जो विधेयक इस सदन में लाया गया है, यह बड़े संकल्प और बड़ी दूरदर्शिता के साथ लाया गया है। फिर से देश की उसी विश्व गुरू के रूप में स्थापना हो, उस विजन और उस मिशन के साथ यह लाया गया है। यह एक दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ लाया गया है और यह उसी व्यक्ति के द्वारा इच्छाशक्ति के साथ लाया जा सकता है, ला सकता है, वही सरकार ला सकती है, जिसमें इसको क्रियान्वित करने का दम होगा और इस सरकार ने यह साबित कर दिया कि हम इसको क्रियान्वित करके रहेंगे। चाहे वह नोटबंदी का कानून हो, चाहे बेनामी सम्पत्ति का कानून हो, चाहे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने वाला कानून हो। यदि देखा जाए तो पिछले चार वर्षों में देश के इतिहास में जो नया बदलाव आया है, लोगों की मानसिकता बदली है और निश्चित रुप में यह विधेयक भारत को एक नए भारत के रूप में स्थापित करेगा। मैं अपने प्रधान मंत्री जी और इस सरकार को इसके लिए बधाई देता हूं।

**डॉ. जितेन्द्र सिंह :** सभापति जी, सबसे पहले मुझे आदरणीय सदस्यों का आभार प्रकट करना है, जिन्होंने अपने बड़े प्रभावी और सकारात्मक सुझाव देकर इस महत्वपूर्ण विषय की मर्यादा को कायम रखते हुए इसे मूल्यवान बनाया। श्री अधीर रंजन चौधरी जी, श्री प्रहलाद जोशी जी, श्रीमती अपरूपा पोद्दार जी, श्री तथागत सत्पथी जी, प्रेम कुमार जी, अरविंद जी, निनामा जी, जनार्दन रेड्डी जी, मौ. फजलुर हसन जी, डा.गीता जी, श्री राजीव रंजन उर्फ पप्पू जी …( व्यवधान) लेकिन हम पुकार रहे हैं, कहीं भी हों, अगर देख रहे होंगे तो कम से कम हमने चूक नहीं की। श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा जी, श्री भगवंत मान जी, मौ.बशीर साहब, श्रीमती पूनम महाजन जी, श्री के.वी.थॉमस जी, श्री राम कुमार शर्मा, श्री कौशलेन्द्र जी और पोखरियाल साहब ने चर्चा में भाग लिया। मुझे लगता है कि इसमें एक महत्वपूर्ण बात यह रही कि कुल मिलाकर बीच में जो राजनीतिक झलक आ जाती है, स्वाभाविक है कि हम सब जनप्रतिनिधि हैं, सार्वजनिक जीवन और राजनीति से संबंध रखते हैं। लेकिन कुल मिलाकर जहां तक विषय का संबंध है, उसको लेकर सबका रवैया बड़ा पॉजिटिव रहा। The discussion began with Shri Adhir Ranjan ji, who was trying to sound critical, but I am very glad that he was very constructive. कहने का तात्पर्य यह है कि इन सभी सुझावों में सबकी तरफ से यह इच्छाशक्ति रही कि भ्रष्टाचार पर किस तरह से अंकुश लगाया जाए। इसमें एक्रॉस दि पार्टी लाइन सबकी संवेदनशीलता और चिंता भी झलकती है। निश्चय ही बहुत से आदरणीय सदस्यों ने कहा कि यह सिलसिला बड़ा पुराना चल रहा है और फिर स्वतंत्रता के बाद से सारा घटनाक्रम भी गिनवाया गया। लेकिन इस विषय में हमें इतनी स्वतंत्रता थी कि अगर हम पीछे भी चले जाते तो अनंतकाल से हमें भ्रष्टाचार के उदाहरण और कहानियां मिल जातीं।

लेकिन एक जिम्मेदार सरकार होने के नाते, एक चुनी हुई सरकार होने के नाते समय-समय पर जो बिंदु या जो नए आयाम हमारे ध्यान में आए हैं, उनको लेकर किस प्रकार के प्रावधान किए गए हैं। जब भी इतिहास लिखा जाएगा चर्चा उस बात की होगी। यह सच है, जैसा कि मैंने आरंभ में कहा कि सन् 1988 में यह कानून बनाया गया था, अब तीस वर्ष बीत जाने के बाद बहुत से और

भी अनुभव हुए। बहुत सी और भी परिस्थितियां बनीं, बहुत सी नई बातें भी समझ में आईं, भ्रष्टाचार के आयाम भी बदल गए, भ्रष्टाचार की शैली भी बदल गई। और उस शैली में भ्रष्टाचार करने वालों ने भी सुधार किया होगा और निश्चय ही उसमें भी आधुनिकीकरण आया होगा, उसमें भी तकनीक आई होगी। इसलिए हमने भी अपने आयाम बदलने का एक तकाज़ा बनाया। निश्चय ही जैसे सबका यह कहना था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यह मुहिम और संघर्ष कभी समाप्त होने वाला नहीं है। जैसा कि मैंने आरंभ में कहा कि The ideal situation is when the nation and the society become incorruptible. Maybe, we are still to evolve to that level of evolution. To be fair, I think, 70 years is a very small life-span in the history of a democracy or a nation. For a mortal being, when you are seventy, you get all sceptic thoughts, but for a nation, if you write history, 70 years will not occupy even a footnote in a chapter. So, we are still evolving. When we evolve to that level of incorruptibility, then we will not require a legislation like this. फिर अमेंडमेंट की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन जब तक हमारा मयार वहां तक नहीं पहुंचता, तब तक अमेंडमेंट्स आते रहेंगे, भविष्य में भी आएंगे। आज की जितनी हमारी समझ है, जितना अनुभव है, उसके आधार पर यह लाने का प्रयास किया गया है। इसके अतिरिक्त एक बात हम सबकी समझ में है, चाहे हम माने या न माने कि इन चार वर्षों में जैसा कि मैंने आरंभ में कहा था कि एक संकल्प के साथ हम चले थे ‘minimum government, maximum governance’ and zero tolerance towards corruption.

**17 58 hrs** (Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

महोदय, इन चार वर्षों में हमारी ईमानदारी का इतना तो प्रमाण अवश्य है कि पहली बार देश को अपने नेताओं और अपने शासकों पर इस कदर विश्वास जागा है कि कठोर से कठोर निर्णय होने पर भी आरंभिक मुश्किलें झेल कर भी वे इन निर्णयों के साथ खड़े रहे, भले ही वह नोटबंदी का निर्णय था, भले ही वह जीएसटी का निर्णय था। कोई भी प्रशासन हो, किसी भी राजनैतिक दल का

हो, हमारा हो या किसी और दल का हो, किसी सफल प्रशासन के लिए यह अनिवार्य है कि उसमें कनविक्शन के साथ-साथ करेज ऑफ कनविक्शन रहे। करेज ऑफ कनविक्शन और कनविक्शन दोनों तब पैदा होते हैं, जब उसमें ये कॉन्फिडेंस हो कि उनकी विश्वसनियता के कारण लोग साथ देंगे। उत्तर प्रदेश के इतने महत्वपूर्ण चुनाव से पहले नोटबंदी का एलान किया गया, यह कोई साधारण बात नहीं थी। I do not think that it fits into the realm of a good electoral or political thinking. किसी भी राजनैतिक दल के लिए या सत्ताधारी दल के लिए इतना बड़ निर्णय लेना सरल नहीं होता है। लेकिन इसलिए कि लोगों की विश्वसनियता जागी कि यहां एक ऐसी सरकार है, जो भ्रष्टाचार के विरुद्ध या जो सुशासन देने के लिए ईमानदारी से प्रतिबद्ध है, अब हम उस दिशा में किस हद तक सफल रहते हैं, वह तो एक निरंतर प्रयास और प्रक्रिया है। यही कारण है कि अधीर रंजन चौधरी जी ने कुछेक बातें उठाई हैं। He was right in saying that corruption in India is perpetual. I would rather add, to what he has said, that corruption all over the world is perpetual. But that does not mean that we should give up our fight against corruption. Just as any evil in the world is perpetual, theft is perpetual, dacoity is perpetual and crime is perpetual. But the true test or yardstick of any responsible political party or political Government is that we are awakened to this and we are ready to address this, and we will continue to do so.

**<u>18 00 hrs</u>**

इसमें एक-दो महत्वपूर्ण बिन्दु अधीर रंजन जी के थे। मैं बाकी महत्वपूर्ण बातों को भी थोड़ा-थोड़ा लूँगा, क्योंकि समय बहुत हो गया है तो मैं आपको बहुत ज्यादा इंतजार नहीं करवाऊँगा।

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ANANTHKUMAR): My humble request to the hon. Deputy-Speaker and to the entire House is to extend the time of the House till the reply and passing of the Bill is over.

HON. DEPUTY-SPEAKER: I hope the House would accept the suggestion of the hon. Parliamentary Affairs Minister and extend the time of the House till the Minister's reply and passing of the Bill.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

HON. DEPUTY-SPEAKER: The time of the House is extended.

**डॉ. जितेन्द्र सिंह :** एक बिन्दु अक्सर चर्चा में आता है और यदि इसका बार-बार उत्तर न दिया जाये तो यह बिन्दु बार-बार अधूरा रह जाता है। कई बार मीडिया में भी इसकी चर्चा होने लग जाती है कि लोकपाल नहीं लाया गया और लोकपाल नहीं लाना भी भ्रष्टाचार के प्रति जो आपका युद्ध है या संघर्ष है, उसमें ईमानदारी के अभाव का प्रतीक है। ऐसा अधीर रंजन जी का भी कहना था कि if you are really sincere towards your crusade against corruption, then what happened to Lokpal? वैसे तो लोकपाल की प्रक्रिया जारी है, अभी 19 तारीख को भी सर्च कमेटी को गठित करने के लिए एक बैठक हुई है। यह प्रक्रिया सिल-सिलेवार ढंग से चल रही है। हाँ, इसमें विलम्ब जरूर हुआ और इस विलम्ब के कारण ही ये विचार उत्पन्न होते हैं।

I always avoid to be political in my replies because that comes in the way of one-to-one relation when we meet outside. I am sure the hon. Member will give me this permission to say that the cause of the delay is not the ruling party, but the cause of delay is the Congress Party. I will just explain to you very politely. It is because the Congress Party failed to manage the minimum

possible seats required to be recognised as the Opposition Party. अब बताइए इसमें हमारा क्या दोष है, यदि इस देश की जनता ने आपको 44 सीटों पर रोक दिया है।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** इतने बड़े-बड़े निर्णय ले सकते हैं, यह छोटा सा निर्णय नहीं ले सकते?

**डॉ. जितेन्द्र सिंह :** मैं राजनीतिक बात नहीं कर रहा हूँ। मैं केवल यही बात कह रहा था। मैं सिर्फ यह कह रहा था कि इसमें विलम्ब इसलिए हुआ। हमने इसमें अमेंडमेंट लाने का एक प्रयास किया ताकि प्रक्रिया न रुके। We tried to walk the extra mile. That can happen to any party. I am not talking in that term. So, we suggested that we should have the leader of the largest Opposition party to be qualified as a member of this Committee. इस सारी प्रक्रिया में समय लगा और चूँकि हाउस कैसे चला, कैसे नहीं चला, वह अलग बात है। The Whistleblower Bill is in the pipeline. It is listed in the Rajya Sabha. बाकी आपने अन्ड्यू प्रैक्टिस और कोअर्सिव ब्राइबरी की बात की। यह बात अन्य माननीय सदस्यों ने भी की है। It has already been included. So, I will not be repetitive and take your time.

When we say good governance, when we say transparency, when we say accountability, when we say zero tolerance towards corruption, when we say more of citizen participation, I think broadly speaking there are two aspects to it. One is the citizen participation, which of course, makes it mandatory that there should be minimum corruption or no corruption ideally. फिर सिटिजन की इन्वॉल्वमेंट कैसे होगी? The other tool is the civil servant, the public servant, the officer who has to carry out the process of governance because he is the essential tool of governance. You cannot achieve good results with bad tools. इसलिए इस बिल में पहली बार, जब 30 वर्ष के बाद ये संशोधन लाये गये तो इस बात का भी ध्यान रखा गया कि जहाँ एक तरफ भ्रष्टाचार के प्रति कोई नरमी, कोई रियायत न हो, वहीं दूसरी तरफ

यह भी चिंता की जाए कि जो अधिकारी, कर्मचारी या पब्लिक सर्वेंट ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है, उसका किसी प्रकार से शोषण न हो, so that an honest performing officer or a public servant does not feel intimidated or his initiative does not get killed, जैसे एक आदरणीय सदस्य ने बहुत अच्छी तरह से इस बारे में कहा था कि बहुत सारे अधिकारियों ने इस भय के कारण काम करना छोड़ दिया कि न मालूम इससे क्या होगा। इन्हीं दोनों चीजों का ध्यान रखते हुए मैं मोटे तौर पर कहना चाहता हूँ, मैं आपका बहुत समय नहीं लेता हूँ, 43 अमेंडमेंट्स के साथ यह बिल राज्य सभा से पारित हुआ है। इसमें प्रमुख तौर पर, जैसे कि बार-बार कहा गया, bribe giver clause is a kind of new introduction or an improved introduction of the earlier concept.

जो रिश्वत देता है, उसे भी उतना ही जिम्मेदार ठहराया जाए, जो रिश्वत लेता है। इससे केवल रिश्वत देने की प्रक्रिया को ही प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, बल्कि इसके साथ-साथ कभी-कभी जो फ्रीवोलस कम्प्लेंट्स होती है, उनसे भी निपटा जा सकेगा। We, the Members of Parliament, are also included in this. कोई भी आकर यह शिकायत कर देगा कि फलाँ ने मेरे से पैसे लिए। Then, the onus is on you to prove that you did not do so. In this case, one who claims that 'I gave' will also have to explain why he 'gave' or why he has become a 'giver'. This is a kind of new improvisation.

At the same time, as was rightly being expressed by Shri Adhir और बीच-बीच में कुछ और सदस्यों ने भी कोअर्सिव ब्राइबरी के बारे में कहा। इसकी चिंता वाज़िब है, जैसे आपने कहा कि जब कोई अस्पताल जाता है तो मजबूरी में उसके पास कोई चारा नहीं रहता है। उसका ध्यान रखा गया है। उसमें हमने सात दिनों का पीरियड दिया था। कुछ माननीय सदस्यों की बात को मैं स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा कि यह हो सकता है कि सात दिनों का समय कम हो। एक बड़ा अच्छा उदाहरण आया। शायद इसी तरफ से आया कि कोई अस्पताल पहुंचता है, वहां अपने बच्चे का इलाज़ कराता है तो उसके लिए सात दिनों का समय कम है। जब हम रूल्स फ्रेम

करेंगे तो हम इस तरह से करेंगे कि उसकी अवधि बढ़ जाए। May be, the timeline of seven days begins later. But, overall, इसको 'सात दिन' रखा गया है। उसका कट-ऑफ पीरियड कहां से शुरू करना है और खत्म करना है, उसमें the real duration will get increased.

इसी तरह से टाइमलाइन की बात है। जैसा मैंने कहा कि अधिकारियों को सुरक्षा देनी है। This is another very important point that for any corruption case we will be laying down guidelines for the decision to be given within two years, वरना आम समाज में यह धारणा है कि भ्रष्टाचार का केस दर्ज़ हो जाता है, अधिकारी रिटायर हो जाता है, रिटायर होने के बाद कई बार किसी का स्वर्गवास भी हो जाता है। उसके परिवारजन भी उस समय रहते हैं या नहीं रहते हैं। उसका निर्णय 30 सालों के बाद होता है। It does not serve the purpose for which it was meant. Now, we are going to lay down a timeline of two years 'ordinarily'. The word 'ordinarily' has been very cautiously used in this Clause because there may be a case, which might require extension and then the court will justify it, but there would be a justification. Otherwise, there will be a timeline fixed of two years for deciding any corruption case.

इसके साथ ही साथ टाइमलाइन की परमिशन की बात है। यह 'तीन महीने के भीतर' है। हमने परमिशन का क्लॉज लाया है कि जिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करनी है, पहले से यह है कि Joint Secretary and above enjoyed this impunity. Now, it is available at all levels. इसके लिए भी कहा गया कि इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल सकता है। मेरा व्यक्तिगत यह मानना है कि ऐसा न करने से भ्रष्टाचार अधिक हो सकता है।

महोदय, मैं ज्यादा समय न लेते हुए एक उदाहरण दूंगा। मान लीजिए कि मैं एक अधिकारी हूं और मेरा एक सब-ऑर्डिनेट है। मैं चलते-फिरते, एट-रैन्डम उसे पकड़ता हूं और कहता हूं कि तुम मेरे कमरे में आओ, तुम्हारे खिलाफ मेरे पास कम्प्लेंट आई है। May be, I have the consideration of extracting some benefit from him, but if I have a competent

authority from whom I have to seek permission to proceed against him, then I will be -- at least, in my mind -- having this cautiousness that I have to justify my act. इस प्रावधान को अब हमने सभी स्तर पर उपलब्ध रखा है। इसमें एक नई बात आई है। यह बहुत महत्वपूर्ण बिन्दू है, जिसे हम बाहर भी चर्चा में ला सकते हैं। The commercial organizations offering bribe will also be included. उसमें केवल चैरिटेबल इंस्टीट्यूशंस को उसमें से बाहर रखा गया है।

सर, अनड्यू बेनीफिट और अनड्यू एडवांटेज की बात आई। बहुत-से माननीय सदस्यों ने इस पर चिंता व्यक्ति की कि किसी को बेवज़ह पकड़ लिया जाए या उस पर कार्रवाई हो। इसलिए यह प्रावधान रखा गया कि यदि कोई कुछ ले लेता है, जैसे यदि किसी भाई साहब से मैंने घड़ी ले ली तो मात्र घड़ी लेने के अपराध में आप मुझे दोषी नहीं ठहरा सकते। You have to establish that there was a motive, and you have to establish that this was an undue advantage. इसलिए उस प्रकार के प्रावधानों को इसमें लाने का प्रयास किया गया है, ताकि जैसा मैंने कहा, on the one hand, we have strict measures against corruption, and on the other hand, we also ensure that we provide a work-friendly environment to a Government officer / public servant so that he can perform to the best of his ability.

महोदय, मोटे तौर पर, इसमें और अधिक न जाते हुए मैं यह कहूंगा कि इसके साथ ही साथ रिटायर्ड ऑफिसर्स के लिए यह जो परमिशन लेने का हमने प्रावधान रखा है, this will be available even after superannuation. जैसा कि एक माननीय सदस्य ने अभी '17(ए) - प्रायर परमिशन' और '13(ए)' का जिक्र किया। इसमें मोटे तौर पर ये प्रावधान हैं।

महोदय, इसमें मैं अब बहुत अधिक समय नहीं लूंगा क्योंकि आपने बिल पढ़ लिया है और इस पर चर्चा भी हो गयी है। लेकिन कुल मिलाकर, this is certainly a very historic

legislation. Unfortunately यह राज्य सभा में पास होने के बाद मीडिया में नही आया, क्योंकि मीडिया में ज्यादातर वही रहता है कि किसने किसको **गाली** दी।

When the history of parliamentary proceedings is recorded, this will go down as a great piece of legislation because after Independence there was only one occasion when this Bill was brought in 1988. Thirty years after that, this Bill has been improved upon and laid the foundation of future improvement, if possible. यह सच है कि भ्रष्टाचार के लिए इसलिए बार-बार कानून लाया जाता है कि अभी उसकी जरुरत रहती है। हमारे पास कैट, सीवीसी तथा आरटीआई है, लेकिन उसके बावजूद जहाँ-जहाँ हमारा अनुभव आएगा, भविष्य में भी ऐसा हो सकता है, इस प्रकार का कानून या अमेंडमेंट लाने की जरुरत रहेगी। लेकिन मुझे लगता है कि जब बाकी खबरें मीडिया से हट जाएंगी तो यह खबर बहुत महत्वपूर्ण रहेगी और बड़े समय के लिए स्थायी रहेगी। धन्यवाद।

SHRI K.H. MUNIYAPPA (KOLAR): Sir, eradicating corruption is very difficult. Even in 320 B.C. in the Chanakya's Arthashastra, there was a mention of corruption. Hon. Minister has tried to bring in reforms to stop and reduce corruption. He is trying his level best. I would like to ask the hon. Parliamentary Affairs Minister this. The only way out is electoral reforms. Elections are conducted; every party has a manifesto. You have got the majority in the House. Before the end of this Lok Sabha, if you bring a Bill to effect electoral reforms, there would be a way out to end corruption. When a person who is contesting an election from Panchayat to Parliament is not required to spend any money, then the dream of Mahatma Gandhi would be fulfilled. Only then, real development would take place. Then a candidate need not worry about the money to be spent in the next elections. When there is no question of spending, then there is no question of corruption. To stop corruption, electoral reforms is badly required. I hope the Government would bring such a legislation.

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

> "That the Bill further to amend the Prevention of Corruption Act, 1988, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

HON. DEPUTY SPEAKER: The House will now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clauses 2 to 19 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clauses 2 to 19 were added to the Bill.*

*Clause 1, the Enacting Formula and the Long Title were added to the Bill.*

HON. DEPUTY SPEAKER: The Minister may now move that the Bill be passed.

DR. JITENDRA SINGH: I beg to move:

"That the Bill be passed".

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed".

*The motion was adopted.*

HON. DEPUTY SPEAKER: The House stands adjourned to meet again on Wednesday, the 25th July, 2018 at 11.00 a.m.

**18 14 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, July 25, 2018/ Shravana 3, 1940 (Saka).*

___________